# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 15 दिसम्बर 2023 । वर्ष –68 । अंक –35 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ धुएं और नारों पर मौन...
■ यूजीसी और एनसीईआरटी.. 04
■ पुतिन के लिए यूक्रेन होगा क्रिसमस गिफ्ट...
■ संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष ने बातचीत से... 09
■ प्याज और सब्जियों ने बढ़ाई महंगाई, थोक...
■ सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी, सोना एक... 11
■ दीपक हुड्डा ने खेली...
■ एक्टिव क्रिकेटर्स में... 10

## संसद की सुरक्षा में चूक पर बरपा हंगामा

# 15 सांसद निलंबित

## विपक्ष ने कहा-संसद में पूरे मामले पर बयान दे सरकार

## प्रधानमंत्री बोले- सुरक्षा पर राजनीति न करें





**नई दिल्ली, देशबन्धु।** नये संसद भवन में सुरक्षा की चूक को लेकर गुरूवार को दिन भर हंगामा बरपता रहा। हालात यहां तक पहुंचे कि सभा अध्यक्ष ने 15 सांसदों को निलंबित कर दिया। विपक्ष एकजुट होकर सरकार से इस पूरे मामले पर सदन में बयान देने की जिद कर रहा था और साथ ही गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग भी उठाई जा रही थी। इस टकराव को लेकर सदन में ऐसे अप्रिय दृश्य बने कि सभापति को हंगामा कर रहे सांसदों को बाहर का रास्ता दिखाना पड़ा। उधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष से कहा है कि- सुरक्षा के इस मामले में राजनीति न करें।

विपक्षी दलों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को पहले 2 बजे, फिर 3 बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित करना पड़ा। बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद लोकसभा में हंगामा जारी रहने पर पहले पांच सांसदों और फिर नौ सांसदों यानी कुल मिलाकर 15 सांसदों को पूरे सत्र के लिए सदन से सस्पेंड कर दिया गया। दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर भी जब विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहा तो केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने हंगामा कर रहे पांच सांसदों को सदन से सस्पेंड करने का प्रस्ताव सदन के अंदर रखा, जिसे सदन द्वारा स्वीकार कर लिए जाने के बाद हिबी ईडन, एस. ज्योतिमणि, टी एन प्रथापन, राम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस को संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की बची हुई अवधि के लिए सस्पेंड कर दिया गया।

**संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने रखा प्रस्ताव**-इसके बाद सदन की कार्यवाही को 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दोपहर 3 बजे जब फिर से लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो उस समय भी विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहने पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने हंगामा कर रहे नौ सांसदों का नाम लेकर उन्हें सदन से सस्पेंड करने का प्रस्ताव सदन के अंदर रखा, जिसे सदन द्वारा स्वीकार कर लिए जाने के बाद वीके श्रीकंदन, बेहनन बैन्नी, मोहम्मद जावेद, माणिक्कम टैगोर, कनिमोझी, एसआर पार्थिबन, पीआर नटराजन, एस वेंकटेशन और के. सुब्बारायण को संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की बची हुई अवधि के लिए सस्पेंड कर दिया गया। वहीं राज्यसभा से डेरिक ओब्रायन को मौजूदा पूरे सत्र से निलंबित किया है।

### पार्थिबन का निलंबन हुआ रद्द

**हंगामा के समय सदन में नहीं थे मौजूद**

गलत आचरण और सदन की कार्यवाही में बाधा पहुचाने के आरोप में गुरुवार को लोकसभा के 14 और राज्य के एक सांसद को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। लेकिन चौकाने वाली बात यह रही डीएमके के एक सांसद एसआर पार्थिबन इस दौरान लोकसभा में मौजूद ही नहीं थे,लेकिन उन्हें भी पहले निलंबित किया गया। बाद में जब इस पर आपत्ति दर्ज कराई गई तो उनका निलंबन वापस हो गया।

## सार संक्षेप



### भजनलाल शर्मा आज लेंगे राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**जयपुर, (एजेंसियां)।** भाजपा के मनोनीत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 15 दिसंबर को अपने जन्मदिन पर शपथ लेंगे और वह जयपुर विधानसभा सीट से पहले मुख्यमंत्री भी होंगे। अधिकारियों ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के चलते एक दिन के लिए अल्बर्ट हॉल में पर्यटकों का प्रवेश बंद रहेगा। वहीं, पूरे इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। राजस्थान के मनोनीत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा 15 दिसंबर को शपथ लेंगे। समारोह के लिए भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा को निमंत्रण भेजा गया है।

### असम सरकार ने 1281 मदरसों को सामान्य स्कूलों में बदला

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने राज्य के 31 जिलों में कम से कम 1281 मदरसों का नाम बदल दिया है और उन्हें सामान्य स्कूलों में बदल दिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राज्य के शिक्षा मंत्री रनोज पेगु ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, असम के तहत सभी सरकारी और प्रांतीय मदरसों को सामान्य स्कूलों में परिवर्तित करने के परिणामस्वरूप स्कूल शिक्षा विभाग, असम ने आज एक अधिसूचना द्वारा 1281 एमई मदरसों के नाम बदलकर मिडिल इंग्लिश स्कूल कर दिया है।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

चूहा-सुनती हो- मप्र में बुल्डोजर एक्शन शुरू हो गया है।
चुहिया- हां प्रिये- मुखिया बदलता है तो बहुत सी चीजें बदलने लगती हैं, इंतजार करो और देखते जाओ।

## मुख्यमंत्री का जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संदेश

# सुशासन केवल शब्द न रहे, हमें इसे चरितार्थ करके दिखाना है : मोहन

**कहा- संकल्प पत्र-2023 का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जाए**



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के नये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यभार संभालने के बाद अपने काम करने के तरीके और सरकार की प्राथमिकताओं को लेकर स्पष्ट संकेत देना शुरू कर दिया है। जहां एक दिन पहले उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये वहीं दूसरे दिन अधिकारियों की बैठक में डॉ. यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि- सुशासन केवल शब्द न रहे हमें इसे चरितार्थ करने दिखाना है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को साकार कर जनता की जिन्दगी बदलना ही हमारी सरकार का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जन-सामान्य ने अपना विश्वास व्यक्त किया है, उनके नेतृत्व में विकास की प्रक्रिया जारी है। विकास और जनकल्याण के लक्ष्य को संकल्प पत्र-2023 के अनुरूप धरातल पर उतारना हमारा उद्देश्य है। सभी विभाग संकल्प पत्र के सभी वादों, संकल्पों और घोषणाओं की पूर्ति का काम मिशन मोड में आरंभ कर समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नवगठित सरकार के संकल्प पत्र के बारे में मार्गदर्शन के लिए मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा >>शेष पृष्ठ 2 पर

**'प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लोगों की जिन्दगी बदलना ही सरकार का लक्ष्य'**

### निर्देश : खुले बोरवेल को बंद करने शरू करें अभियान

वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने बोरवेल में गिरने की दुर्घटनाओं को लेकर कलेक्टर को निर्देश दिए। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को अभियान चलाकर खुले बोरवेल बंद करने को कहा।

## मोहन सरकार का एक्शन.. भाजपा कार्यकर्ता की हथेली काटने वाले के घर चला बुल्डोजर



**भोपाल।** भाजपा कार्यकर्ता का हाथ काटने वाले आरोपी फारुख राइन उर्फ मिन्नी के घर पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया गया है। मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद एक बार फिर प्रदेश में बुलडोजर चला है। आरोपी फारूक राइन पर भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र ठाकुर की हथेली काटने का आरोप था। खबर है कि भाजपा कार्यकर्ता का हाथ काटने वाले आरोपी फारुख राइन उर्फ मिन्नी के घर पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाने के आदेश दिए हैं। यह बुलडोजर आरोपी के भोपाल के 11 नंबर स्थित जनता कॉलोनी के घर पर चला है। आरोपी फारूक राइन पर भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र ठाकुर की हथेली काटने का आरोप था।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद पांच दिसंबर को आरोपी फारुख ने भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र ठाकुर पर जानलेवा हमला किया था, जिसमे देवेंद्र ठाकुर की हथेली कट गई थी। देवेंद्र को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था. कैलाश विजयवर्गीय भाजपा कार्यकर्ता से मिलने अस्पताल भी गए थे। आरोपी फारुख हबीबगंज पुलिस की गुंडा लिस्ट में शामिल है और उस पर पहले भी कई अपराध दर्ज हो चुके हैं।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

# शाही ईदगाह परिसर का होगा सर्वे

**प्रयागराज।** मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका को मंजूर कर लिया है। हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह परिसर के कोर्ट कमीशन सर्वे को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही ईदगाह कमेटी और वक्फ बोर्ड की दलीलों को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

**18 दिसंबर को एडवोकेट कमीशन की रूपरेखा तय होगी**-हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि यह ऐतिहासिक फैसला है। हाईकोर्ट ने आज इस बात की मंजूरी दे दी है कि शाही ईदगाह परिसर का सर्वे होगा। यह सर्वे एडवोकेट कमीशन के द्वारा किया जाएगा। एडवोकेट कमीशन में कितने लोग होंगे। कब यह



कमीशन सर्वे करने जाएगा, इसकी रूपरेखा 18 दिसंबर को कोर्ट तय करेगा। विष्णु शंकर जैन ने बताया कि- उन्होंने अपने आवेदन में यह दलील दी थी कि शाही ईदगाह मस्जिद में कई ऐसे बहुत से प्रतीक और चिन्ह हैं जिससे यह पता चलता है कि गलत ढंग से मंदिर परिसर में प्रवेश कर मस्जिद का निर्माण किया गया है। इसलिए यहां कोर्ट द्वारा एक एडवोकेट कमीशन को भेजकर सर्वे कराया जाना चाहिए।

**हाईकोर्ट ने 16 नवंबर को फैसला सुरक्षित रखा था**-इससे पहले जस्टिस मयंक कुमार जैन ने 16 नवंबर को संबंधित पक्षों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। यह याचिका भगवान श्री कृष्ण विराजमान और सात अन्य लोगों द्वारा अधिवक्ता हरिशंकर जैन, विष्णु शंकर जैन, प्रभाष पांडेय और देवकी नंदन के जरिए दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि भगवान कृष्ण की जन्मस्थली उस मस्जिद के नीचे मौजूद है और ऐसे कई संकेत हैं जो यह साबित करते हैं कि वह मस्जिद एक हिंदू मंदिर है।

## पीड़िता की नग्न परेड पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

# आरोपी की गिरफ्तारी तक खाना न खाए पुलिस.. महिला आयोग कहां है?

**कर्नाटक।** महिला को नग्न घुमाए जाने के मामले पर कर्नाटक हाई कोर्ट ने नाराजगी प्रकट की। अदालत ने पूछा, क्या हम 17वीं सदी में वापस जा रहे हैं?

इंसानियत को शर्मसार करने वाली यह घटना बेलगावी जिले की है। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि- बात तो ऐसी है कि आरोपी की गिरफ्तारी तक पुलिस खाना न खाए, अदालत ने तल्ख अंदाज में पूछा कि महिला आयोग कहां है? एक गांव में महिला को नग्न घुमाए जाने की घटना को असाधारण बताते हुए हाईकोर्ट ने कहा, कानून इस मामले में कोई नरमी नहीं दिखाएगा। गौरतलब है कि बीते 12 दिसंबर को कर्नाटक हाईकोर्ट ने समाचार के आधार पर घटना का स्वत: संज्ञान लिया है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, एक खतरनाक मिसाल कायम की जा रही है कि कानून का कोई डर नहीं है। कोर्ट ने कहा, ऐसी घटनाओं से खतरनाक संदेश भेजा जा रहा है कि कानून का कोई डर बाकी नहीं है। >>शेष पृष्ठ 2 पर

### आसियान-भारत श्री अन्न महोत्सव की शुरुआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को आसियान-भारत श्री अन्न महोत्सव का राष्ट्रीय राजधानी में शुभारंभ करते हुए कहा कि देश में मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर ही है। इसी कड़ी में यहां वसंत कुंज इलाके में दो दिवसीय मिलेट मेले का आयोजन किया गया है।

### श्रीनगर में शून्य से 5.4 डिग्री नीचे तापमान

**श्रीनगर।** श्रीनगर शहर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान में और गिरावट हुई। यहां सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान माइनस 5.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, श्रीनगर में शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस नीचे इस मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर में अगले 2 से 3 दिनों के दौरान रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। गुलमर्ग में गुरुवार को न्यूनतम तापमान माइनस 5 और पहलगाम में माइनस 5.8 डिग्री दर्ज किया गया। लद्दाख के लेह शहर में रात का सबसे कम तापमान माइनस 14.1, कारगिल में माइनस 10.2 और द्रास में माइनस 11.7 दर्ज किया गया।







**विडम्बना** **सुप्रीम कोर्ट द्वारा 28 नवम्बर को आदेश देने के बाद**

# महीनों बाद सौंपे गये मणिपुर हिंसा में मारे गए 64 लोगों के शव

**इंफाल।** मणिपुर में जातीय हिंसा के दौरान मारे गए 64 लोगों के शव गुरुवार को उनके परिजनों को सौंप दिए गए। इस बारे में अधिकारियों ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये शव अस्पताल के मुर्दाघर में रखे हुए थे। मई में मणिपुर में शुरू हुई हिंसा के दौरान मारे गए इन लोगों में से 60 लोग कुकी समुदाय से थे।

अधिकारियों ने बताया कि चार अन्य शव मेइती समुदाय के लोगों के हैं जिन्हें चुराचांदपुर के अस्पतालों में रखा गया था। उन्होंने बताया कि शव शांतिपूर्वक परिजनों को सौंप दिए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, शवों को हवाई मार्ग से लाया गया और मणिपुर के दो पहाड़ी जिलों में उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

जो शव इंफाल में स्थित जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (जेएनआईएमएस) और रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आरआईएमएस) में पड़े थे, उन्हें हेलीकॉप्टरों से



कांगपोकपी और चुराचांदपुर में ट्रांसफर कर दिया गया, दोनों जिले कुकी समुदाय के प्रभुत्व वाले हैं। कुकी संगठनों के प्रतिनिधियों के अनुसार, दोपहर 2.30 बजे तक उनमें से 41 शवों को चार ट्रिप में असम राइफल्स हेलीपैड पर चुरचांदपुर पहुंचाया गया था। अन्य 19 शवों को कांगपोकपी के मोटबुंग में ट्रांसफर कर दिया गया।

इंफाल में दो मुर्दाघरों में महीनों से पड़े शवों को ट्रांसफर करने का काम सुप्रीम कोर्ट द्वारा 28 नवंबर को लावारिस शवों के सम्मानजनक निपटान के लिए आदेश जारी करने के बाद हुआ।

आदेश के बाद, राज्य सरकार ने पीड़ितों के परिवारों को सूचनाएं भेजना शुरू कर दिया, जिसमें उनसे पांच निर्दिष्ट स्थानों पर अंतिम संस्कार करने के लिए शवों का दावा करने के लिए कहा गया। मणिपुर सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में सौंपी गई 169 पहचाने गए शवों की सूची के अनुसार, कुल 88 जेएनआईएमएस, रिम्स और चुराचांदपुर मेडिकल कॉलेज के मुर्दाघर में लावारिस बने हुए थे। सभी लावारिस शव कुकी पीड़ितों के थे और जिन 81 शवों पर रिश्तेदारों ने दावा किया था उनमें से केवल चार-पांच कुकी के थे जबकि अन्य मैतेई समुदाय के थे। मणिपुर इंफाल घाटी में प्रभावी मेइती और कुछ पहाड़ी जिलों में बहुमत रखने वाले आदिवासी कुकियों के बीच जातीय संघर्ष से भड़का हुआ है। अब तक की हिंसा में 195 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 50,000 लोग विस्थापित हुए हैं।


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-विदेश

## जस्टिन ट्रूडो की बढ़ी टेंशन? अविश्वास प्रस्ताव की मांग को 3 लाख लोगों का समर्थन

**नई दिल्ली।** कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग तेज हो रही है। कनाडा के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमंस में एक पिटिशन भेजी गई है, जिसमें जस्टिन ट्रूडो की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग की गई है। ई-4701 नाम से पेश की गई इस पिटिशन पर अब तक 3 लाख से ज्यादा लोग साइन कर चुके हैं। जस्टिन ट्रूडो 2015 में पीएम बने थे और तब से अब तक पहली बार उनके खिलाफ किसी याचिका को इतने लोगों का समर्थन मिला है। इस याचिका को विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी के सांसद मिशेल फरारी ने स्पॉन्सर किया है।

# सेना ने सिक्किम में फंसे 1,217 पर्यटकों को बचाया

## भारी बर्फबारी और खराब मौसम के कारण फंस गए थे पर्यटक



**गंगटोक, (एजेंसियां)।** सेना ने पूर्वी सिक्किम में ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी और खराब मौसम के कारण फंसे 1,217 पर्यटकों को बचाया है। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा कि बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों सहित पर्यटक बुधवार से पूर्वी सिक्किम के ऊंचाई वाले इलाकों में फंसे हुए थे। त्रिशक्ति कोर के जवान बचाव अभियान शुरू करने के लिए तत्काल कार्रवाई में जुट गए। बचाव अभियान रात भर जारी रहा। बचाए गए पर्यटकों को सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाया गया और आश्रय, गर्म कपड़े, चिकित्सा सहायता तथा गर्म भोजन दिया गया। फंसे हुए पर्यटकों को ठहराने के लिए सैनिकों ने अपनी बैरकें खाली कर दी।

नागरिक प्रशासन के अधिकारी गंगटोक वापस जाने में समन्वय स्थापित करने के लिए गंगटोक से 17 मील प्वाइंट की ओर जा रहे हैं। सैनिकों की त्वरित प्रतिक्रिया से फंसे हुए पर्यटकों को राहत और आराम मिला, जिन्होंने भारतीय सेना द्वारा प्रदान की गई तत्काल राहत के लिए गहरा आभार व्यक्त किया।

## अमेरिका ने हमास के आठ मददगारों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** हमास से जंग में अमेरिका लगातार इजराइल का समर्थन कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने आठ हमास अधिकारियों और मददगारों पर प्रतिबंध लगा दिया। इसका मकसद आतंकी संगठन को वित्त पोषण का समर्थन करने वाले नेटवर्क को खत्म करना है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हमास द्वारा 7 अक्टूबर के हमलों के बाद लगाए गए प्रतिबंधों का यह चौथा दौर है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान में कहा कि अमेरिका हमास के आठ अधिकारियों और मददगारों पर विदेश में समूह के हितों का प्रतिनिधित्व करने और उसके वित्त का प्रबंधन करने के लिए प्रतिबंध लगा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सुशासन के शब्द न रहे.....

सहित समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष और विभिन्न निगम मंडलों के महाप्रबंधक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता, शुचिता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण में किया जाए। सरकार के लिए सुशासन सर्वोपरि है। विकास और जनकल्याण के लक्ष्यों को सुशासन के बल पर ही प्राप्त किया जा सकता है। त्वरित, पारदर्शी, उत्तरदायी और संवेदनशील शासन व्यवस्था प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित की जाए। सुशासन केवल शब्द न रहे, हमें इसे चरितार्थ करके दिखाना है।

**दस प्रमुख भाग हैं संकल्प पत्र के**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संकल्प पत्र के दस प्रमुख भाग हैं। जिनमें सशक्त नारी, समृद्ध किसान, जनजातीय कल्याण, उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा, सबका साथ-सबका विकास, सुदृढ़ आधारभूत संरचना, स्वस्थ प्रदेश, प्रगतिशील अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास, सुशासन एवं कानून व्यवस्था तथा सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन शामिल हैं। यह संकल्प पत्र ही सरकार का अगले पांच साल का विजन डाक्यूमेंट है। सभी विभाग, उनसे संबंधित विषयों के क्रियान्वयन में तत्काल कार्रवाई आरंभ करें। उन्होंने कहा- संकल्पों के क्रियान्वयन में विलंब न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र-2023 की घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की नियमित मॉनीटरिंग मुख्य सचिव स्तर पर की जाएगी। इसके लिए पृथक पोर्टल भी बनाया जाए और जानकारी के ऑनलाइन फीडिंग, मॉनीटरिंग व रिपोर्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस संकल्प पत्र में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा प्रदेशवासियों को दी गई गारंटियां शामिल हैं, सभी विभाग प्रमुख इनके क्रियान्वयन को गंभीरता से लेते हुए रोडमैप तैयार कर समय-सीमा में लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें।

### आरोपी की गिरफ्तारी .....

अगर प्रगतिशील राज्य कर्नाटक में आजादी के बाद ऐसी घटनाएं होती हैं तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराधियों के मन में कानून का कोई डर नहीं होना बहुत परेशान करने वाला है। हाईकोर्ट की खंडपीठ घटना से कितनी नाराज है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बेलगावी के पुलिस आयुक्त को पेश होने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने अपने फरमान में कहा, कमिश्नर के साथ सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) 18 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में मौजूद रहें। हाईकोर्ट ने पुलिस से पूरे मामले पर अतिरिक्त रिपोर्ट दाखिल करने को भी कहा। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

## कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा

दूरभाष - 07162-222346 वेबसाईट -www.chhindwaranagarnigam.com
ई-मेल- commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com, comm-cdw@mp.gov.in

### आम सूचना इश्तेहार

क्रमांक/5154/रा.शा./न.पा.नि./2023 छिंदवाड़ा, दिनांक 14/12/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत भवनों के नामांतरण (बिंदु) क्र.05 में अंकित आवेदनकर्ता के नाम किया जाना है। आम इश्तेहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज संलग्न कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के नामे लिखित रूप में इस कार्यालयीन समय में दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं दी गई समयावधि के उपरांत नामांतरण (नाम परिवर्तन) कर दिया जावेगा। समयावधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त दावे आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

| अनु. क्र. | वार्ड क्रमांक | दुकान/भवन क्रमांक | वार्ड का नाम | आवेदनकर्ता नाम जिनका नामांतरण किया जाना है | पूर्व भवन स्वामी का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 42 | 635 | महावीर वार्ड | श्री उत्कर्ष सक्सेना पिता श्री मनोज सक्सेना | श्री उज्जवला खरे पति श्री दीपक खरे | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 2 | 30 | 238 | रफी अहमद किदवई वार्ड | श्री सफीक खान पिता श्री अब्बदुल हसीब खान | 1. श्रीमती शहजादी बानो पति श्री मिर्जा मुबारक बेग 2. मिर्जा अरशद बेग 3. मिर्जा कासिफ बेग 4. मिर्जा फिरोज बेग 5. श्री अलसबा बेग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 3 | 26 | 28 | संत कबीरदास वार्ड | श्रीमती सपना जैन पति श्री शैलेन्द्र जैन | 1. श्री विशाल पोफली पिता श्री विजय पोफली 2. श्री रविन्द्र पोफली पिता श्री शंकरराव पोफली | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 4 | 41 | 194/2 बी-102 | शहीद मेजर अमित ठेंगे वार्ड | 1. श्री रामेश्वर गोयरे पिता श्री केशोराव गोयरे 2. श्री चंचल पवार पिता श्री रामेश्वर गोयरे | श्री अंशुल गोयल पिता श्री महेन्द्र कुमार जैन (वर्धमान रेसीडेंसी अक्षित, शिल्पा गोयल) | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 5 | 39 | 148 | स्वामी विवेकानंद वार्ड | 1. श्री संजीव कुमार शर्मा 2. श्री राजीव शर्मा 3. श्री मनोज शर्मा 4. श्री विनय शर्मा 5. श्रीमती आशा शर्मा पिता स्व. श्री मनराखन लाल शर्मा | स्व. श्री मनराखनलाल शर्मा पिता श्री बालाराम शर्मा (बालकराम शर्मा) | मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व आदेश अनुवृत्ति पत्र, नोटरी पारिवारिक व्यवस्था पत्र के आधार पर |
| 6 | 38 | 1027 | समर्थ रामदास वार्ड | 1. श्रीमती कांती सोनी पति स्व. श्री बलीराम सोनी 2. श्रीमती ममता सोनी पति श्री अनिल सोनी | स्व. श्री बलीराम सोनी पिता श्री स्व. गुलाबचंद | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर |
| 7 | 11 | 354 | स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड | श्री छोटेलाल बघेल पिता श्री सकर लाल बघेल | श्री हरिश (हरि) मंडराह पिता श्री भोला मंडराह | संशोधित खसरा पावती एवं रजिस्ट्री के आधार पर |
| 8 | 39 | 602 | स्वामी विवेकानंद वार्ड | श्रीमती गिरजा शुक्ला पति श्री सत्यप्रकाश शुक्ला | श्री सत्यप्रकाश शुक्ला पिता श्री गोविंद प्रसाद शुक्ला | रजिस्ट्री, नजूल भूमि अभ्यान्तरण एवं नोटरी सहमति के आधार पर |
| 9 | 21 | 756 | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर वार्ड | श्रीमती माया तिवारी पति श्री मनीष तिवारी | श्री दुर्गा प्रसाद शर्मा पिता श्री कल्याणमल शर्मा | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 10 | 09 | 814 | महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड | श्रीमती उषा बाई वर्मा पति श्री जगनलाल वर्मा | श्री शीरीष स्मार्ट पिता श्री व्ही.एम. स्मार्ट | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 11 | 09 | 498 | राजेन्द्र नगर वार्ड | श्री कृष्ण कुमार दुबे पिता श्री गोविंद प्रसाद दुबे | श्री राशिद खान 2. श्रीमती नफीसा राहिल 3. रूकईया बेग 4. श्री शहीद खान पिता श्री रफीक मोहम्मद | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 12 | 18 | 494 | राजेन्द्र नगर वार्ड | 1. श्री दिलीप दुबे 2. श्री राकेश दुबे 3. श्री संजय कुमार पिता पिता श्री कृष्ण कुमार दुबे | श्री शाहिद खान पिता श्री रफीक खान | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 13 | 39 | 861 | स्वामी विवेकानंद वार्ड | श्रीमती विनीता बैंकर पति स्व. श्री चन्द्रकांत बैंकर | स्व. श्री चन्द्रकान्त बैंकर पिता श्री एस.डी. बैंकर | मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी, सहमति शपथ पत्र, चर्च पास्टर, इंचार्ज का संशोधित पट्टा अनुबंध पत्र के आधार पर |
| 14 | 45 | 1127/ सी-106 | महर्षि बाल्मिकी वार्ड | श्रीमती अंजू वर्मा पति श्री हेमन्त वर्मा | श्रीमती सविता सिंह पति श्री आनंद सिंह | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 15 | 14 | 534 | चन्द्रशेखर आजाद वार्ड | श्री शेख हन्नु पिता श्री शेख अम्मू | श्री चन्द्रकुमार सुलखिया पिता श्री मेहगेलाल सुलखिया, श्री रमेश सोनी पिता श्री ओमकार सोनी | रजिस्ट्री संशोधित खसरा/पावती के आधार पर |
| 16 | 07 | 255/1 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | श्री देवेन्द्र धनोरिया पिता श्री राधेलाल धनोरिया | श्री नरेन्द्र यादव पिता श्री घसीटा यादव | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 17 | 38 | 920 | समर्थ रामदास वार्ड | श्रीमती दुर्गा मालवीय पति श्री राघवेन्द्र सिंह मालवीय | श्री अनिकेत गोरले पिता श्री सुरेश गोरले | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 18 | 26 | 18/1 | संत कबीरदास वार्ड | श्रीमती दीपिका नंदे पति श्री अनिकेत नंदे | श्री साकेत कुमार जैन पिता श्री सन्तोष जैन | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 19 | 22 | 613 | रानी दुर्गावती वार्ड | 1. श्रीमती नीतू जुनेजा पति श्री पंकज जुनेजा 2. श्री पंकज जुनेजा पिता श्री कुन्दन लाल जुनेजा | प्रीतम फ्लोर रोलर मिल प्रो. रविन्द्र जुनेजा | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 20 | 39 | 231/2 | स्वामी विवेकानंद वार्ड | श्री साजिद अहमद पिता स्व. श्री सजीर अहमद | श्री मन्सूर अहमद पिता स्व. श्री नजीर अहमद | नोटरी सहमति पत्र के आधार पर |
| 21 | 09 | 239 | महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड | श्रीमती अनिता रघुवंशी पति स्व. श्री देवेन्द्र सिंह रघुवंशी | स्व. श्री आधार सिंह रघुवंशी पिता श्री तुलसीराम रघुवंशी | संशोधित पावती मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व आदेश अनुवृत्ति पत्र के आधार पर |
| 22 | 02 | 154 | गायत्री वार्ड | 1 श्री राधेश्याम डेहरिया पिता श्री टेकचंद डेहरिया 2. श्रीमती संध्या पति श्री राधेश्याम डेहरिया | श्री पी.एन. उपाध्याय पिता श्री रामशरण सौरभ चतुर्वेदी पिता शिव प्रसाद | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 23 | 44 | 142 | पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड | श्री विजय सिंग चौधरी पिता श्री मेहरसिंग चौधरी | श्रीमती माधुरी यादव पति स्व. श्री परसराम यादव | रजिस्ट्री एवं नोटरी शपथ पत्र के आधार पर |
| 24 | 48 | 499 | पंचवटी वार्ड | श्री ताकीर अली पिता श्री ताहिर अली | श्रीमती नसीम बानो सिद्दकी पति श्री ताहिर अली | रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर |
| 25 | 48 | 1416 | पंचवटी वार्ड | श्री संतोष कुमार बघेल पिता श्री सुखदास बघेल | श्री सुखदास बघेल पिता श्री पुसु बघेल | संशोधित पावती एवं रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर |
| 26 | 48 | 779/1 | पंचवटी वार्ड | श्रीमती मेवा धुर्वे पति श्री राजेश धुर्वे | श्रीमती वैशाली जायसवाल पति श्री रामदास जायसवाल | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 27 | 48 | 172 | पंचवटी वार्ड | श्रीमती भारती सूर्यवंशी पति श्री प्रेमकुमार सूर्यवंशी | श्रीमती सरोज दास, पति श्री अमरजीत दास (दीपक कुमार संजीत दास, सुनीता दास/ अमरजीत) | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 28 | 48 | 184 | पंचवटी वार्ड | श्री अरूण, अरविंद, अजय डेहरिया पिता श्री सीताराम डेहरिया | श्रीमती मुन्नीबाई डेहरिया पति श्री सीताराम डेहरिया | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं संशोधित खसरे के आधार पर |
| 29 | 03 | 507/ बी-26 | वीर सावरकर वार्ड | श्रीमती द्रोपती परते पति श्री पहलसिंह परते | श्री वरूण राउत पिता नागेश्वर राउत | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 30 | 34 | 183 | दुर्गा माता मंदिर वार्ड | श्री प्रकल्प जैन पिता श्री कोमल चंद जैन | श्री नंदकिशोर डोडानी पिता श्री प्रहलाद डोडानी | रजिस्ट्री के आधार पर |

**प्राधिकृत अधिकारी - नगर पालिक निगम, छिंदवाड़ा**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि.13/12/2023

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनीता पटैल पत्नी श्री संतोष कुमार पटैल ने वार्ड क्र. 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं.-109 स्वीश बिला फैस-1 तिलहरी संपत्ति के पिन क्रमांक - 1004502753 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1124 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल ... प्रथम तल ... व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री सुभाष विजन सीएसबी बिल्डकॉन द्वारा खरीददार अनीता पटैल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 1765

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

क्रमांक-अधी यंत्री/कालोनी सेल/2023-24/571 दिनांक 05/12/2023

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा/ग्राम लक्ष्मीपुर असरा नं. 250/2, 255/1, 255/3, 259/1/1, 260/2 कुल रकबा 0.393 हेक्टेयर में से 0.391 हेक्टेयर भूमि पर विकासकर्ता/कालोनाइजर शिवा बिल्डकॉन पार्टनर श्री चन्दूलाल जैन निवासी 1367/ए पी.सी. ज्वेलर्स के पीछे राईट टाउन सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड जबलपुर द्वारा सुविधाजनक दुकानें एवं ग्रुप हाऊसिंग (आवासीय ईकाईयों) हेतु कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के एवज में ब्लॉक 'बी' में आठवें तल के सभी 4 फ्लैट तया सातवें तल के फ्लैट क्र. 5,6,7 कुल 7 फ्लैट, कुल निर्मित क्षेत्रफल 805 वर्गमीटर नगर निगम जबलपुर में बंधक रखे गए है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/ भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है ।

**अधीक्षण यंत्री - कालोनी सेल, नगर निगम, जबलपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

### // द्वितीय निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-528 14/12/2023 | संभाग क्र. 02 कछपुरा मरही माता मंदिर लेबर चौक से जय नगर पार्क होते हुए रवि जलपान गृह तक नाला निर्माण कार्य | चार माह 30.39 लाख | 5000 22800 | 22/01/2024 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

## कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर

क्र./भू-अर्जन/2023/10393 जबलपुर, दिनांक 14/12/2023

### भूखण्ड का हस्तांतरण किये जाने हेतु जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित भूखण्डधारियों द्वारा अपने भूखण्ड का हस्तान्तरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि हस्तान्तरण किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, ब्लाक न. 7-अ, सिविक सेंटर, मढ़ाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त सम्पत्ति हस्तान्तरण कर दी जावेगी। जिसके बाद किसी को कोई आपत्ति/उजर मान्य नहीं होगी।

### हस्तांतरण करने वाली संपत्ति का विवरण :-

| सं. क्र. | यो. क्र. | भूखण्ड क्रमांक | विक्रयकर्ता का नाम | क्रेता का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 41 | 359 | श्री सुधा जैन पति स्व. राजेन्द्र कुमार जैन, श्री अनमोल जैन व कुं. शिवानी जैन दोनों के पिता स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जैन पता-424/25, फूटाताल चौक, जबलपुर | श्री चिराग जायसवाल पिता श्री राजेन्द्र जायसवाल पता 27, आकर्ष एन्क्लेव, मंडला रोड, तिलहरी जबलपुर |
| 2. | 41 | 360 | श्री संजय जैन पिता स्व. श्री मुलायमचन्द्र जैन पता-645/2, स्नेहनगर, हनुमान मंदिर के सामने, जबलपुर | श्री राजेन्द्र जायसवाल पिता श्री बी. एस. जायसवाल पता- 27, आकर्ष एन्क्लेव, मंडला रोड, तिलहरी, जबलपुर |

**सहा. भू-अर्जन अधिकारी**
**जबलपुर विकास प्राधिकरण,**
**जबलपुर**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)

NIT No. 27/2023/Centralized Tender/G/APD JABALPUR, DATED 08.12.2023

**निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।**

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | ठेके की अनु. लागत पी.ए.सी लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने का समय वर्षा-काल सहित | कार्यालय का नाम जहां ई.एम.डी. एवं बिड प्राप्त की जायेगी | निविदा की श्रेणी/ निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 2023_PWPIU_318906_1 | शासकीय हाईस्कूल किन्द्री जिला मण्डला में 02 अतिरिक्त कक्षों एवं शौचालय का विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 29.23 | 50000/- | 5000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. परिक्षेत्र-जबलपुर | लोक निर्माण विभाग में नवीन श्रेणी का पंजीकरण (प्रथम आमंत्रण) |
| 2. | 2023_PWPIU_318908_1 | जिला मण्डला के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल दाढ़ीमानपुर में 03 लैब एवं 04 अतिरिक्त कक्षों का विद्युतीकरण सहित भवन निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 101.37 | 101370/- | 12500/- | 12 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. परिक्षेत्र-जबलपुर | लोक निर्माण विभाग में नवीन श्रेणी का पंजीकरण (प्रथम आमंत्रण) |
| 3. | 2023_PWPIU_318909_1 | शासकीय हाईस्कूल हीरापुर, नैनपुर जिला मण्डला का नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण) | 121.49 | 121490/- | 12500/- | 12 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. परिक्षेत्र-जबलपुर | लोक निर्माण विभाग में नवीन श्रेणी का पंजीकरण (प्रथम आमंत्रण) |
| 4. | 2023_PWPIU_318910_1 | शासकीय हाईस्कूल केवलारी, बिछिया जिला मण्डला का नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण) | 121.49 | 121490/- | 12500/- | 12 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. परिक्षेत्र-जबलपुर | लोक निर्माण विभाग में नवीन श्रेणी का पंजीकरण (प्रथम आमंत्रण) |
| 5. | 2023_PWPIU_318912_1 | शासकीय हाईस्कूल कौआडांगरी, मोहगांव जिला मण्डला का नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण) | 121.49 | 121490/- | 12500/- | 12 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. परिक्षेत्र-जबलपुर | लोक निर्माण विभाग में नवीन श्रेणी का पंजीकरण (प्रथम आमंत्रण) |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखें एवं डाउनलोड किए जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 12.12.2023 समय 9.00 बजे से दिनांक 25.12.2023 समय 18.00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किए जाएंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)**

जी- 21551/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## कार्यालय -रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रा. मीनाक्षी मस्त्योद्योग सहकारी समिति मर्या. बीनेर, जिला नरसिंहपुर पंजीयन क्रमांक 611

सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन
दिनांक 13.12.2023

म.प्र. सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम कमांक 49 (ग) (3) के अनुसार उक्त सोसायटी में होने वाले निर्वाचन हेतु सदस्य सूची प्रकाशित करता हूँ। दि. 13.12.2023 से दि. 20.12.2023 तक किसी भी समिति सदस्य को कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के अपनी आपत्ति समिति कार्यालय में कार्यालय समय में समिति प्रबंधक को प्रस्तुत कर सकता है। दिनांक 21.12.2023 समय 2 बजे दोपहर को समिति कार्यालय में आपत्तियो का निराकरण कर अंतिम सदस्यता / मतदाता सूची का प्रकाशन किया जावेगा।

**सी.एस. पटैल**
**(रजिस्ट्रीकरण अधिकारी)**

## प्रारुप नौ (नियम 7 देखिये)

### राजस्व मामलों में नोटिस न्यायालय-अतिरिक्त कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक 0837/अपील/2020-21

अनिल गोयल.............आवेदक
वि
कमला सेन................अनावेदक

श्री/श्रीमती कमला सेन मृत वारसान सोनेलाल सिंह निवास शारदा मंदिर बरेला पेट्रोल पम्प जबलपुर आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई (दिनांक) 11/01/2024 को समय 2.00 बजे (स्थान) जबलपुर पर होगी। आप न्यायालय में स्वयं या वैद्य प्रतिनिधि या किसी अधिवक्ता जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों, के द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि आप उपर बताई गई दिनांक को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो मामले की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

**राजस्व अधिकारी प्रस्तुतकार**
र.नं. 1752 **अतिरिक्त कमिश्नर**

## In The Court of XXI, Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur presiding Officer:

**फरहान मसूद कुरैशी**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(RCS A/ 0001179/2023)**
**सरनदीप सिंह अरोरा............वादी**
**Vs**
**श्रीमती परमीत कौर अरोरा.........प्रतिवादी**
**Process Id- /2023**
**पेशी दि.:-02/01/2024**

**प्रेषिती-(1) श्रीमती परमीत कौर अरोरा पति सरनदीप सिंह अरोरा पता- 46 हरीसिंह कॉलोनी मढ़ाताल जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र.**

यह कि प्रार्थी सरनदीप सिंह अरोरा ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते दीपत्योत सिंह अरोरा को वादी का दत्तक पुत्र घोषित किये जाने बावत् के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 13 दिसम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ वाद वास्ते दीपज्योत सिंह अरोरा को वादी का दत्तक पुत्र घोषित किये जाने बाबत् की छायाप्रति संलग्न है।**
**कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।**

**(फरहान एम. कुरैशी)**
**इक्कीसवें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड,**
र.नं. 1769 **जबलपुर (म.प्र.)**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी, जबलपुर

रा.प्र.क्रं. 0862/अ-6/2023-24

### आम इश्तहार

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक असरानी पिता स्व. डॉ. घनश्याम असरानी, सुरेश असरानी पिता स्व. डॉ. घनश्याम असरानी निवासी 49/1, आदर्श नगर, नर्मदा रोड जिला जबलपुर द्वारा ग्राम भटौली प.ह.नं. 16 नं.बं..... ख.नं. 23/1/1/2, 25/1, 80, 82, 89, 121/3, 126/4 रकबा क्रमश: 0.200 हे., 0.559, 0.032, 0.057, 0.049, 0.502, 0.287 हे. भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/ वसीयतनमा/ सहमति पत्र/ फौती के आधर पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।**

**अत: उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो व अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्रं. 72 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।**

**न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 12/12/23 को जारी।**
**जारी दिनांक 12/12/23**
**पेशी दिनांक 28/12/23**

**अतिरिक्त तहसीलदार रांझी**
**एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
र.नं. 1760 **रांझी, जबलपुर**

## आम सूचना

मैं उमाशंकर तिवारी पिता श्री महादेव प्रसाद तिवारी निवासी म.नं. एल.आई.जी. 389, कटंगी रोड, पुरानी पानी की टंकी के पास, मदर टेरेसा नगर जबलपुर (म.प्र.) आम जनता को यह सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री आयुषी तिवारी उम्र 19 वर्ष घर में बिना बताये कहीं चली गई है, तथा ऐसी जानकारी लगी है कि वह दिनांक 01.12.2023 को परिवार वालों की इच्छा के विरुद्ध गैर-समाज के लड़के से विवाह कर ली है। ऐसी स्थिति में मैं आज दिनांक से पुत्री आयुषी तिवारी को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में आयुषी तिवारी मेरी किसी भी संपत्ति पर दावा करती है तो वह मान्य नहीं होगा। आयुषी तिवारी का मुझसे या मेरे परिवार से कोई लेना-देना न रहेगा।

पुष्पेन्द्र पाण्डेय
अधिवक्ता
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर
ईएन-1949/2009
र.नं. 1759 मो.नं. 9406752003

# देश-प्रदेश

उवाच

## विवाद के लिए बहाना ढूंढ रहे



**भोपाल, देशबन्धु।** खुले में मांस बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को लेकर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है। साथ ही आरोप लगाया है कि भाजपा किसी न किसी तरह के विवाद का बहाना ढूंढ रही है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को शपथ ग्रहण करने के बाद बुलाई कैबिनेट बैठक में प्रदेश में खुले में एवं बिना अनुमति के मांस-मछली के विक्रय पर रोक लगाने और धार्मिक स्थलों में तय सीमा से ज्यादा आवाज में लाउड स्पीकर और डीजे वगैरह नहीं बजाने के फैसले लिए। इन निर्णयों पर कमलनाथ ने कहा कि 'ये कुछ न कुछ बहाना विवाद के लिए ढूंढ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की और दिए निर्देश

## योजनाओं का लाभ वंचित और पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें



### विकसित भारत संकल्प यात्रा कल से आरंभ होगी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सभी जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता तैयारी की जाएं, कहीं पर भी यात्रा की औपचारिकता न पूरी करें। यात्रा के सभी रूटों पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। अधिकारी-कर्मचारी व्यक्तिगत रूचि लेकर यात्रा में शामिल हों और यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप सभी वंचित और पात्र व्यक्तियों तक यात्रा के लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

डॉ. यादव ने यह निर्देश आज प्रदेश में 16 दिसम्बर से आरंभ हो रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के संबंध में कमिश्नर-कलेक्टर्स को मंत्रालय में हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए। उन्होंने डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा का क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो।

डॉ. यादव ने बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों को यात्रा से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यात्रा में स्कूली बच्चों, महिलाओं, स्व-सहायता समूहों, वरिष्ठ नागरिकों, युवा शक्ति और किसानों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाएं। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' से फिट इंडिया के संदेश का भी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हों और जनसामान्य को पर्याप्त पोषण तथा एक्सरसाइज की आवश्यकता की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोबाइल वैन के जिलों में भ्रमण के लिए रूट चार्ट तैयार करें और जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय सांसद, स्थानीय विधायक सहित अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा की तैयारियों के संबंध में डिण्डौरी, जबलपुर और उज्जैन के जिला कलेक्टरों से चर्चा की।

बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार, डॉ. राजेश राजौरा, मोहम्मद सुलेमान, मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई, श्रीमती दीपाली रस्तोगी, आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य मेला लगाया जाएगा

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, उज्जवला योजना, किसान, पशुपालक और मछुआरों के लिए क्रेडिट कार्ड के आवेदन लेने और बैंकों से समन्वय के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही आधार कार्ड में जानकारी अपडेशन, राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण और बंटवारा, कृषि स्व-सहायता समूहों, पेंशन योजनाओं, आदिवासी विकास से संबंधित योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

### योजनाओं की जानकारी लेकर गांव-गांव पहुंचेगी यात्रा

डॉ. यादव ने बताया कि यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत तक मोबाइल वैन पहुँचेगी, जिसमें पम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

उन्होंने कहा कि योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन भी होगा। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम होंगे। ड्रोन प्रदर्शन द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी भी दी जाएगी।


## मुख्यमंत्री से मिले आमजन, विधायकों ने भी की मुलाकात



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विंध्यकोठी स्थित उनके निवास पर आज अमजनों ने मुलाकात की। श्री यादव से मिलने उज्जैन, इंदौर, भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और जनसामान्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने विनम्रतापूर्वक सभी का अभिवादन स्वीकार कर धन्यवाद दिया। डॉ. यादव को बधाई का यह सिलसिला निरंतर जारी है। नवनिर्वाचित विधायकों ने भी आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात की। उनसे मिलकर विधायक एवं पूर्व मंत्री अंतर सिंह आर्य, शिवपुरी से देवेन्द्र जैन, रतलाम विधायक चेतन कश्यप, धरमपुरी से कालू सिंह ठाकुर, बरघाट से कमल मर्सकोले और मेहगांव से राकेश शुक्ला ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री पद की बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी का स्वागत कर शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। भाजपा के वरिष्ठ सदस्यगण सहित जनप्रतिनिधियों, परिचितों द्वारा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी सभी का स्वागत किया और उन्हें धन्यवाद दिया।

कांग्रेस नेता के बयान की भाजपा ने की आलोचना

## सोनिया, राहुल बताएं क्या सज्जन के दुर्जन बयानों का समर्थन करते हैं



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा द्वारा संसद में सुरक्षा घेरा तोड़कर उत्पात मचाने वालों को लेकर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना की है। पार्टी के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे अपनी पार्टी के नाम से सज्जन नेता सज्जन सिंह वर्मा के दुर्जन विचारों का समर्थन करते हैं। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि आखिर क्यों कांग्रेसी सदैव जिदाही, अपराधी और अराजक मानसिकता का समर्थन करते हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता वर्मा ने कल संसद की दर्शक दीर्घा से सदन में कूदने वाले युवाओं का कथित रूप से समर्थन करते हुए आज यहां मीडिया से कहा कि संसद में जो युवक कूदे वे बेरोजगार हैं। वे अपनी जिंदगी में अंधेरा देख रहे थे। उन्होंने संसद में इस तरह के वाकए को दुर्भाग्य पूर्ण तो बताया लेकिन यह भी कहा कि लड़की नारे लगा रही थीं, मैं उसे इस बात के लिए बधाई देता हूं कि किसी ने तो बेरोजगारी के मुद्दे को उठाया। यह अन्य युवाओं के लिए सबक है। वर्मा ने युवकों की सांसदों द्वारा की गई पिटाई को भी गलत बताया उन्होंने कहा कि जब सुरक्षाकर्मी वहां थे तो सांसदों ने उन युवकों की पिटाई क्यों की।

विधायक दल की बैठक में लिया गया सर्वसम्मत निर्णय

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे पर छोड़ा नेता प्रतिपक्ष का फैसला



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस विधायक दल ने विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के चयन का अधिकार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दिया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आज हुई बैठक में विधायकों ने सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव पर नेता प्रतिपक्ष के चयन का निर्णय पार्टी अध्यक्ष को सौंपने का निर्णय लिया।

इस बैठक में पार्टी के महासचिव, मप्र प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, पर्यवेक्षक भंवर जितेन्द्र सिंह विशेष रूप से उपस्थिति थे। राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, अभा कांग्रेस कमेटी के सचिव सह प्रभारी संजय कपूर, कुलदीप इंदौरा, सी.पी. मित्तल, संजय दत्त और शिव भाटिया भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद श्री सुरजेवाला और श्री भंवर ने सभी विधायकों से वन-टू-वन चर्चा की।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह राहुल भैया, पूर्व उपाध्यक्ष मप्र विधानसभा डॉ. राजेन्द्र सिंह, विधायकगण रामनिवास रावत, ओंकारसिंह मरकाम, उमंग सिंघार, बाला बच्चन, जयवर्धन सिंह, आरिफ मसूद, डॉ. विक्रांत भूरिया, सुरेश राजे, फूलसिंह बरैया, राजेन्द्र भारती, सिद्धार्थ कुशवाहा, लखन घनघोरिया, संजय उइके, अनुभा मुंजारे, अनिता पटेल, आर.के. दोगने, सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल, डॉ. हीरालाल अलावा सहित कांग्रेस के सभी विधायक बैठक में उपस्थित रहे। बैठक का संचालन प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने किया।

### विपक्ष में रहकर सजग प्रहरी की भूमिका निभाएंगे : सुरजेवाला

बैठक के बाद श्री सुरजेवाल ने मीडिया से चर्चा करते हुये कहा कि सभी विधायक साथियों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर नेता प्रतिपक्ष चयन का निर्णय अभा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर छोड़ा है। पार्टी विधायकों ने पार्टी की मजबूती के लिए अपनी-अपनी राय दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विपक्ष में सजग प्रहरी और पहरेदार की भूमिका निभाते हुये सदन से लेकर सड़क तक प्रदेश की जनता की आवाज उठायेगी। सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश की प्रगति के लिए सरकार जो कदम उठायेगी उसमें हम उनका पूरा सहयोग करेंगे, जो वादे भारतीय जनता पार्टी ने किये हैं हम सुनिश्चित करेंगे कि वह वादे भाजपा पूरा करें और जहां-जहां सरकार अपनी जिम्मेदारी में कोताही बरतेगी हम सजग प्रहरी के रूप में उसका बोध कराते हुये जनता के लिए आवाज उठायेंगे। हम सभी मिलकर विधानसभा और विधानसभा के बाहर प्रहरी और पहरेदार के तौर पर अहम भूमिका निभायेंगे।

### प्रमुख दावेदार

विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ विधायक ओमकार सिंह मरकाम, बाला बच्चन और उमंग सिंघार नेता प्रतिपक्ष के लिए प्रमुख दावेदार हैं।

## यादव ने आयोग के सदस्य का कार्यभार संभाला

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में आज सदस्य के रूप में सीहोर के सीताराम यादव ने कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया भी मौजूद थे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री यादव ने आयोग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने आयोग की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। आयोग मुख्य रूप से सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग जातियों की सूची में जातियों को जोड़ने और विलोपित करने की अनुशंसा राज्य शासन को प्रेषित करता है।

नई सरकार के निर्णयों पर बोले वीडी, मोदी की गारंटियों को पूरा करने की दिशा में बढ़ाया पहला कदम

## तेंदूपत्ता की दरें 4 हजार रुपये कर पूरी की गारंटी



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मंत्री परिषद की अपनी पहली ही बैठक में लिए गए कई जन हितैषी निर्णय को मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में बढ़ाया गया पहला कदम बताया। श्री शर्मा ने कहा कि शपथ ग्रहण करने के तत्काल बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने 'मोदी की गारंटी' को पूरा करने का काम शुरू कर दिया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में आदिवासी भाईयों के सशक्तिकरण के लिए तेंदूपत्ता संग्रहण की दर 3 हजार रुपये से बढ़ाकर 4 हजार रुपये किए जाने की बात कही थी। बुधवार को हुई राज्य सरकार ने तेंदूपत्ते के संग्रहण की दरें 4 हजार रुपये प्रति बोरा कर दी। उन्होंने सरकार के इस निर्णय के लिए प्रदेश के आदिवासियों को शुभकामनाएं और राज्य सरकार को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि कल की पहली कैबिनेट में निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर संचालित हो रहे जो हमारे लीडिंग कॉलेज हैं, उनका प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय के रूप में उन्नयन किया जाएगा। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों में छात्रों की डिग्री और अंक सूची को डिजिलॉकर में अपलोड किया जाएगा। वहीं प्रदेश के अनेक कॉलेज प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय के रूप में अपग्रेड होंगे और छात्र-छात्राओं को उनमें पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप डीजे, ध्वनि विस्तारक यंत्रों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निर्णय लिया है तथा लाउडस्पीकर के अनियंत्रित और नियम विरुद्ध प्रयोग को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे आमजनों की परेशानी कम होगी। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में बिना लाइसेंस के, खुले में अवैध रूप से मांस और मछली आदि का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित लगाने से भी आमजन की परेशानियां और समस्याएं कम होंगी। श्री शर्मा ने 55 जिलों में साइबर तहसील की व्यवस्था शुरू करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इससे खसरे, नक्शे तथा नामांतरण आदि की व्यवस्था पारदर्शी होगी। साथ ही रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण हो जाने से हमारे किसान भाईयों, ग्रामीणों, आम लोगों की परेशानियां कम होंगी।

### प्रदेश में नहीं होगा गुंडों, अपराधियों के लिए स्थान

श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने गुंडों, अपराधियों और डकैतों की नकेल कसकर प्रदेश को सुरक्षित बनाया। इससे आगे बढ़कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने निर्णय लिया है कि ऐसे आदतन अपराधियों द्वारा पूर्व में किए गए अपराधों में प्राप्त जमानत को दंड प्रक्रिया संहिता सीआरपीसी की धारा 437, 438, 439 के तहत संबंधित न्यायालयों में आवेदन प्रस्तुत करके जमानत निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से आदतन अपराधियों पर शिकंजा और कसेगा तथा वे कोई नया अपराध करने की स्थिति में नहीं होंगे।

राजभवन में राज्यपाल ने दिलाई शपथ

## भार्गव विधानसभा के सामयिक अध्यक्ष बने



**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव को विधानसभा का सामयिक अध्यक्ष बनाया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गुरुवार को राजभवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री भार्गव सागर के रहली विधानसभा क्षेत्र से लगातार नौवीं बार निर्वाचित हुए हैं। उनकी वरिष्ठता को देखते हुए उन्हें सामयिक अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने आज विधानसभा पहुंचकर अपना कार्यभार भी संभाला। वे विधानसभा के लिए निर्वाचित सभी सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी मौजूद थे। शपथ समारोह का संचालन प्रमुख सचिव विधानसभा अवधेश प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी. पी. आहूजा, विधानसभा के अधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विधानसभा का सत्र 18 से

**भोपाल, देशबन्धु।** 16वीं विधानसभा का पहला सत्र 18 दिसंबर से प्रारंभ होगा। यह सत्र 21 दिसम्बर तक चलेगा। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव द्वारा सत्र आहूत करने के लिए भेजे प्रस्ताव को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अनुमति दे दी है।

विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव भी होगा। अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन पर चर्चा होगी। सरकार वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए द्वितीय अनुपूरक अनुमान भी प्रस्तुत कर सकती है। उल्लेखनीय है कि 16वीं विधानसभा में भाजपा 163, कांग्रेस 66 और भारत आदिवासी पार्टी का 1 निर्वाचित होगा आया है।

लद्दाखियों को फिलहाल विधायिका चाहिए जब तक राज्य का दर्जा नहीं मिला जाता

## लोकसभा की दो संसदीय सीटों पर दावा ठोकेंगे लद्दाखी नेता

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** लद्दाख में उपजे आक्रोश को थामने की खातिर केंद्रीय गृह मंत्रलय लद्दाखी नेताओं से दूसरे दौर की बातचीत से पहले उनकी मांगों का विस्तृत विवरण तो चाहता है पर उसने यह स्पष्ट संकेत दे दिए हैं किए लद्दाखियों की राज्य का दर्जा प्राप्त करने की मांग पर विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे में लद्दाखी नेता फिलहाल यूटी के भीतर ही विधायिका की मांग पर सहमत होते दिख रहे हैं पर स्टेटहुड पाने को वे लंबे संघर्ष की तैयारी करने लगे हैं।

दरअसल केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) को संभावित विकल्पों सहित उनकी मांगों को रेखांकित करते हुए एक व्यापक दस्तावेज बनाने का निर्देश दिया है। हालांकि गृह मंत्रालय का दल लद्दाख की यात्रा के दौरान घोषणाएं कर सकता है, लेकिन राज्य के दर्जे की संभावना से इनकार कर दिया गया है। लद्दाख के लिए दो संसदीय सीटों की मांग के संबंध में, यह संकेत दिया गया है कि तब तक निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर रोक के कारण इस पर 2026 के बाद ही विचार किया जा सकता है। दो संसदीय सीटों की मांग के संबंध में सूत्रों ने बताया कि यह 2026 के बाद ही किया जा सकता है क्योंकि तब तक निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन रुका हुआ है। बताया जाता है कि यह दस्तावेज संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र के बाद नई दिल्ली में होने वाली बैठक के दौरान प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है। गृह मंत्रालय ने अपने आश्वासन में कहा कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल, गृह सचिव एके भल्ला और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, उक्त बैठक के बाद लद्दाख का दौरा करेगा। मिलने वाले समाचार कहते हैं कि प्रमुख समावेशन पर ध्यान केंद्रित करते हुए चल रही चर्चाओं के साथ, एलएबी और केडीए दस्तावेज का मसौदा तैयार करने में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। यह सच है कि चार दिसम्बर की बैठक के लिए एमएचए की घोषणा लद्दाखियों की राज्य का दर्जा पाने की मांग को विशेष रूप से संबोधित नहीं करता था। इन परिस्थितियों में लद्दाखी नेताओं का कहना था कि ऐसे परिदृश्य में, लद्दाख के कुछ प्रतिनिधियों का विचार है कि राज्य का दर्जा मांगने के बजाय, जिस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय चर्चा करने के लिए भी तैयार नहीं है, उन्हें केंद्र शासित प्रदेश के भीतर विधानमंडल की मांग करनी चाहिए, लेकिन कुछ लोगों की तरह राज्य के दर्जे के लिए संघर्ष जारी रखना चाहिए। इसके विपरीत, लद्दाख के लिए छठी अनुसूची की मांग को लेकर एलएबी और केडीए अपने रुख पर कायम हैं। विकल्प तलाशने के गृह मंत्रालय के सुझाव के बावजूद, वे भूमि, संस्कृति और पहचान से संबंधित लद्दाखियों के अधिकारों की रक्षा के साधन के रूप में छठी अनुसूची के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

## नेहरू के कारण भारत में शामिल हुआ कश्मीर : पीडीपी

**श्रीनगर, एजेंसी।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कारण भारत का हिस्सा बना। पीडीपी ने आज जारी अपने मासिक समाचार पत्र स्पीक-अप में नेहरू का बचाव किया, जिनकी हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह ने आलोचना की थी। शाह ने पिछले हफ्ते कहा था कि जम्मू-कश्मीर को नेहरू की दो ऐतिहासिक भूलों के कारण नुकसान उठाना पड़ा- पहले युद्धविराम की घोषणा करना और फिर संयुक्त राष्ट्र में जाना। पार्टी के न्यूजलेटर में लिखा गया, जवाहरलाल नेहरू की गलतियों पर चिंतन करने के बजाय, भाजपा को खुद से यह पूछने की ज़रूरत है कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से उन्होंने भारतीय कश्मीर के लिए क्या किया है।


**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/208 दिनांक 31.10.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमती मोनिका ए. श्रीवास्तव पति श्री अमिताभ कुमार श्रीवास्तव 2. कु. श्रेया ए. श्रीवास्तव पिता श्री अमिताभ कुमार श्रीवास्तव ने मकान नं. 1195/ब्लाक नं. सी-105 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 1555 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 14/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सालिक राम सिंगरौरे पिता श्री खुशीराम, श्रीमती रीता सिंगरौरे पत्नी श्री बालिकराम पुत्र आयुष सिंगरौरे पिता सालिकराम ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं.-120 प्रगति नगर तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46702700, 1000375826 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा .... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 450 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 450 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज क्रिस्टोफर पिता श्री फिलिक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**नाम सुधार**

मैं सौरभ जैन (SOURAVH JAIN) उम्र 32 वर्ष पिता श्री सतीश जैन निवासी वार्ड नं. 5 चक्की मोहल्ला चौरई छिन्दवाड़ा हाल मुकाम जबलपुर म.प्र. एतद द्वारा शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करता हूं। मेरे पासपोर्ट नंबर एल 6867694 में मेरा नाम अंग्रेजी में SOURAV लिखा है जबकि मेरा सही नाम सौरभ जैन (SOURAVH JAIN) है। मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम सौरभ जैन (SOURAVH JAIN) लिखा है। मेरे पासपोर्ट में मेरी मां का नाम सरोज एवं पिता का नाम सतीश लिखा है जबकि मेरी मां का सही नाम सरोज जैन एवं पिता का सही नाम सतीश जैन है। जो कि आधार एवं पेन कार्ड में लिखा गया है। मेरा नाम सौरभ जैन SOURAV के स्थान पर सौरभ जैन SOURAVH JAIN दर्ज किया जाये एवं मेरी मां सरोज की जगह सरोज जैन एवं पिता सतीश के स्थान पर सतीश जैन दर्ज किया जाये है। जो कि सही है।

Old Name:- Name- SOURAV
Father Name- SATISH
Mother Name- SAROJ

**New Name:- Name- SOURAVH JAIN**
**Father Name- SATISH JAIN**
**Mother Name- SAROJ JAIN**

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Satia Devi पत्नि Om Parkash उम्र 55 वर्ष, निवासी-ग्राम - पोस्ट ऑफिस Awankha, तहसील - Gurdaspur जिला- Gurdaspur, राज्य- Punjab पिन कोड 143531 मेरे पुत्र का आर्मी न.JC-386438W, Rank- NB SUB, Name- Pawan Kumar , है, मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मेरा नाम Satya Devi व जन्मतिथि 01/07/1958 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में नाम Satia Devi व जन्मतिथि 19/06/1968 दर्ज है जो सही है दोनों नाम मेरे ही है। मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Satya Devi एव जन्मतिथि 01/07/1958 के स्थान पर मेरा नाम Satia Devi व जन्मतिथि 19/06/1968 दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2691878Y, RANK- HAV, NAME- ASHOK KUMAR, UNIT- 14 GRENADIERS R/O VILLAGE- KUDDI, POST- TARAGARH, TEH- BHATTIYAT, DISTT- CHAMBA, STATE- (HP), PIN- 176302 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम ANJLI DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम ANJALI DEVI है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है. एवं मेरी पुत्री के इस नाम ANJALI DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- ANJLI DEVI
सही नाम- ANJALI DEVI

जबलपुर, शुक्रवार 15 दिसम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## धुएं और नारों पर मौन मोदी

बुधवार को भारत के नये संसद भवन में घुसकर धुंआ फैलाने और बाहर नारेबाजी करने के पीछे जो लोग हैं, उनमें से चार को पकड़ लिया गया है तथा कुछ की तलाश जारी है। इनसे पूछताछ से मुख्यत: जो बात सामने आई है, उससे प्रथम दृष्टया यही प्रतीत होता है कि उनका मकसद कोई बड़ी घटना को अंजाम देना नहीं था, वरन जनता की कतिपय समस्याओं की ओर देश की सबसे बड़ी पंचायत का ध्यान आकृष्ट करना था। यह तो माना जा सकता है कि युवाओं द्वारा अपनी बात को थोड़ा सनसनीखेज तरीके से ज़रूर उठाया गया है, लेकिन इसके बरक्स दो बातें सामने आई हैं- पहली तो यह कि करोड़ों रुपयों से निर्मित नये संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत लचर है; और दूसरी बात है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हमेशा की भांति चुप्पी। इस हादसे ने साबित कर दिया है कि देश के साथ बड़ी से बड़ी बात हो जाये, मोदी अपना मौन व्रत कतई नहीं तोड़ेंगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं वरन एक हद तक शर्मनाक भी है।

नया संसद भवन मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। देश में जब कोविड-19 का भीषण प्रकोप था तथा देश को महामारी से लड़ने के लिये बड़ी धन राशि की आवश्यकता थी, तब इसका निर्माण किया गया था। मोदी खुद इसकी प्रगति देखने आते रहते थे। उस समय इस बात का यह कहकर विरोध हुआ था कि पुराने संसद भवन के रहते, वह भी ठीक-ठाक हालत में होने के बावजूद इस नये भवन को बनवाना एक बड़ी फिजूलखर्ची है। बाद में यह बात साफ होती चली गई कि इसका उद्देश्य पुराने भवन के साथ नत्थी देश के स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को मिटाना है। खासकर, उस भवन पर पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जो सुखद छांव बनी हुई थी, वह मोदी को उनकी विचारधारा के कारण कड़ी धूप सी प्रतीत होती थी। इसी क्रम में उन्होंने नेहरू के शासकीय निवास तीन मूर्ति भवन को भी प्रधानमंत्रियों के संग्रहालय में बदलवा दिया। नेहरू विरोध के अलावा मोदी नये भवन का 2024 के लोकसभा चुनाव के लिये भी इस्तेमाल करना चाहते हैं। बहरहाल, इस भवन के बारे में दावा किया गया था कि इसकी सुरक्षा बड़ी पुख्ता है। विशेषकर 13 दिसम्बर, 2001 को पुराने भवन पर हुए आतंकी हमले के मद्देनज़र इसकी ज़रूरत भी थी।

इस भवन के उद्घाटन के अवसर पर बुलाये गये विशेष सत्र को छोड़ दें तो यही इसका नियमित सत्र (शीतकालीन) है, जो अब भी जारी है। पहले ही सत्र में, वह भी ठीक उसी दिन- 22 वर्षों के बाद इसकी सुरक्षा व्यवस्था की पोल कुछ निहत्थे युवाओं ने खोलकर रख दी। उनके कृत्य को कतई समर्थन नहीं मिल रहा है परन्तु इसमें कोई शक नहीं रह जाना चाहिये कि इस भवन की सजावट पर तो खूब ध्यान दिया गया है, लेकिन सुरक्षा की बुनियादी आवश्यकता पूरी तरह से नज़रंदाज़ की गई है। दो दशक पूर्व हुए हमले में तो जांबाज़ सुरक्षाकर्मियों ने आतंकवादियों को संसद भवन में घुसने तक नहीं दिया था। अबकी एक नहीं दो लोग दर्शक दीर्घा से सदन के बीचों-बीच कूद पड़ते हैं और बाकायदा एक से दूसरी बेंचों को फलांगने में भी सफल हो जाते हैं।

इनमें से एक युवक ने अपने जूते में छिपाकर लाये केन स्प्रे से पीला धुंआ भी फैलाया। यानी वे कोई हथियार भी ला सकते थे। वे अगर नहीं लाये तो इसका जवाब बाहर उनके द्वारा लगाये गये नारों में छिपा है। बताया जाता है कि उनके साथ दो लोग और थे परन्तु वे दर्शक दीर्घा से ही अफरा-तफरी का फायदा लेकर निकल गये। महत्वपूर्ण सदन के भीतर का धुंआ ही नहीं है वरन गिरफ्तारी के बाद उनके द्वारा लगाये गये नारे भी हैं, जो उनके उद्देश्य को बतलाता है। वे सामान्यजन हैं जो बेरोजगारी, मणिपुर, तानाशाही से सम्बन्धित नारे लगा रहे थे।

सवाल यह है कि इस घटना के लिये जिम्मेदार कौन है? इस कांड के ठीक एक दिन पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगभग 75 साल पहले हुए देश के विभाजन और कश्मीर के मामले में नेहरू की गलतियां गिना रहे थे, जबकि सामने हुई घटना की जिम्मेदारी से वे बचते फिर रहे हैं। सिर्फ वे नहीं, मोदी भी। पूरी सरकार ही मुंह छिपा रही है। मोदीजी ने इस मामले पर अब तक कुछ नहीं कहा है। इसी तरह गृहमंत्री अमित शाह भी जवाबदेही निभाने में निराश कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस उनके अधीन है और सुरक्षा का जिम्मा उनके ऊपर है। इस मामले पर जब विपक्ष के लोगों ने संसद में सवाल उठाए तो उनके जवाब देने की जगह सांसदों का मुंह जबरदस्ती बंद कराया गया है। राज्यसभा में गुरुवार को विपक्ष ने 28 नोटिस इस मुद्दे पर बहस के लिए दिए थे। इसी तरह लोकसभा में भी एक दर्जन से ज्यादा इंडिया के सांसदों ने नोटिस देकर इस पर चर्चा की मांग की थी। लेकिन दोनों सदनों में किसी भी नोटिस पर सरकार ने चर्चा नहीं होने दी। और सवाल पूछने के जुर्म में 15 सांसदों को निलंबित कर दिया।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले तेलंगाना में मोदी की प्रचार सभा में एक लड़की टावर पर चढ़ गई थी। वह भी बेरोजगारी से त्रस्त थी। रिश्तेदार बतलाते हैं कि वे देश की मूलभूत समस्याओं से व्यथित थे। नीलम ने तो कई परीक्षाएं पास की हैं पर उसके पास नौकरी नहीं है। रोजगार हो या तानाशाही का आरोप- जवाब तो मोदी को ही देने हैं लेकिन उनके पास आत्म प्रशंसा, विपक्ष को कोसने और खुद को निरीह दर्शाने के लिये कई बातें हैं पर इन बुनियादी बातों का उनके पास कोई जवाब नहीं है। यह नया संसद भवन देशवासियों के पैसों से बना है। इसलिये देश के सुरक्षित हाथों में होने का दिन-रात दावा करने वाले पीएम और भाजपा को बतलाना होगा कि इस गम्भीर चूक का दोषी कौन हैं तथा उन्हें क्या सज़ा दी जायेगी। बाहर बेरोजगारी और तानाशाही के खिलाफ जो नारे लग रहे थे, उनके जवाब भी मोदी को ही देने हैं। वैसे उनसे इसलिये उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि पिछले 10 वर्षों से वे मौन ही तो हैं।

# यूजीसी और एनसीईआरटी का हिन्दू राष्ट्र शैक्षणिक कार्यक्रम

भाजपा सरकार केंद्र में अपनी सत्ता की दूसरी पारी के अंत की ओर है। करीब दस साल की इस अवधि में सरकार ने देश के लगभग सभी संस्थानों और संस्थाओं की दशा और दिशा में जो बदलाव किये हैं, वे सबके सामने हैं। ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई ने विपक्षी पार्टियों के खिलाफ वह सब कुछ किया, जो वे कर सकती थीं। कई मौकों पर चुनाव आयोग की भूमिका भी निष्पक्ष नहीं रही है। इस बीच, यूजीसी और एनसीईआरटी शिक्षा प्रणाली और पाठ्यक्रमों में सत्ताधारी दल को सुहाने वाले परिवर्तन करने में व्यस्त रही हैं।

नयी शिक्षा नीति (एनईपी) हमारी शिक्षा व्यवस्था के ढांचे और स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाली है। सरकार द्वारा नियमित रूप से ऐसे निर्देश जारी किये जा रहे हैं जिनसे विद्यार्थियों के मनो-मस्तिष्क में हिन्दू राष्ट्रवादी विचार और सिद्धांत बिठाये जा सकें। सरकार ने सबसे पहले विद्यार्थियों के आंदोलनों और उनके प्रतिरोध को कमज़ोर करने और उनमें भागीदारी करने वालों को डराने-धमकाने का अभियान शुरू किया। इन आंदोलनों के नेताओं पर राष्ट्रद्रोही का लेबल चस्पा कर दिया गया। तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रस्तावित किया कि प्रत्येक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में एक बहुत ऊंचे खम्बे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। यह भी प्रस्तावित किया गया कि जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कैंपस में सेना का एक टैंक स्थापित किया जाए। वह इसलिए क्योंकि वहां के विद्यार्थी ऐसे मसले उठा रहे थे जो सरकार को पसंद नहीं थे।

हाल में इसी तर्ज पर कई निर्देश / आदेश जारी किये गए हैं। इनमें से एक यह है कि आरएसएस के प्रचारक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के संस्थापक दत्ताजी दिदोलकर की जन्म शताब्दी को मनाने के लिए एक साल तक चलने वाले आयोजनों में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। एक हिन्दू राष्ट्रवादी को राष्ट्रनायक का दर्जा देने का इस प्रयास का फोकस महाराष्ट्र के कॉलेजों पर है. क्या हिन्दू राष्ट्रवादी नेताओं को हीरो बनाने का यूजीसी का यह प्रयास उचित है? क्या हमें उन नायकों को याद नहीं करना चाहिए जो भारतीय राष्ट्रवाद के हामी थे और जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार के खिलाफ संग्राम का नेतृत्व किया था? आरएसएस से जुड़े दिदोलकर न तो स्वाधीनता संग्राम का हिस्सा थे और ना ही वे भारतीय संविधान के मूल्यों में आस्था रखते थे।

यूजीसी ने एक और सर्कुलर जारी कर कहा है कि कॉलेजों में 'सेल्फी पॉइंट' बनाए जाने चाहिए जिनकी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी का चित्र हो। कहने की ज़रूरत नहीं कि यह 2024 के आमचुनाव की तैयारी है। किसी भी प्रजातान्त्रिक देश में ऐसा नहीं होना चाहिए। क्या सरकार को किसी भी एक पार्टी के शीर्ष नेता का प्रचार करना चाहिए? क्या यह प्रजातान्त्रिक मानकों का उल्लंघन नहीं है? प्रजातान्त्रिक और संवैधानिक मूल्यों का इस तरह का खुल्लमखुल्ला मखौल क्या सरकार द्वारा अपनी शक्तियों के घोर दुरुपयोग के श्रेणी में नहीं आता?



राम पुनियानी

**नयी शिक्षा नीति (एनईपी) हमारी शिक्षा व्यवस्था के ढांचे और स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाली है। सरकार द्वारा नियमित रूप से ऐसे निर्देश जारी किये जा रहे हैं जिनसे विद्यार्थियों के मनो-मस्तिष्क में हिन्दू राष्ट्रवादी विचार और सिद्धांत बिठाये जा सकें। सरकार ने सबसे पहले विद्यार्थियों के आंदोलनों और उनके प्रतिरोध को कमज़ोर करने और उनमें भागीदारी करने वालों को डराने-धमकाने का अभियान शुरू किया। इन आंदोलनों के नेताओं पर राष्ट्रद्रोही का लेबल चस्पा कर दिया गया।**

इससे भी एक कदम आगे बढ़कर, यह निर्देश जारी किया गया है कि कक्षा सात से लेकर कक्षा बारह तक के विद्यार्थियों को इतिहास के पाठ्यक्रम के भाग के रूप में 'रामायण' और 'महाभारत' पढ़ाया जाना चाहिए (टाइम्स ऑफ़ इंडिया, 22 नवम्बर, 2023)। एनसीआरटी के एक्सपर्ट पैनल के अनुसार, इससे देश के लोगों में देशभक्ति और स्वाभिमान के भाव जागृत होंगे और वे अपने देश पर गर्व करना सीखेंगे! भारत के ये दो महान महाकाव्य निश्चित तौर पर हमारे पौराणिक साहित्य का हिस्सा हैं। वे उस समय के सामाजिक मूल्यों और मानकों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिस समय वे लिखे गए थे। हम इन महाकाव्यों से उस समय के समाज के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं।

रामायण भारत में ही नहीं, वरन श्रीलंका, थाईलैंड, बाली और सुमात्रा सहित एशिया के कई देशों में अत्यंत लोकप्रिय हैं। रामायण के कई अलग-अलग संस्करण हैं। रामायण के मूल लेखक वाल्मीकि थे। गोस्वामी तुलसीदास ने जनभाषा अवधी में उसका अनुवाद कर उसे आम जनता तक पहुंचाया। सोलहवीं सदी से रामायण उत्तर भारत की जन संस्कृति का हिस्सा बनी हुई है। भगवान राम की वह कथा जो हिन्दू राष्ट्रवादियों को प्रिय है, इस कथा के कई अलग-अलग पाठों में से एक है। पौला रिचमेन की पुस्तक 'मेनी रामायन्स' (ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस), भगवान राम की कहानी के अलग-अलग संस्करणों के बारे में बताती है। इसी तर्ज पर ए.के. रामानुजन ने एक लेख लिखा था जिसका शीर्षक था-'श्री हंड्रेड रामायंस : फाइव एग्जामपिल्स एंड श्री थॉट्स ऑन ट्रांसलेशन'। यह अत्यंत अर्थपूर्ण लेख दिल्ली विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम का हिस्सा था। मगर बाद में एबीवीपी के विरोध के कारण इसे हटा दिया गया।

हिन्दू राष्ट्रवादी रामकथा के एक विशिष्ट संस्करण को बढ़ावा देना चाहते हैं। रामानुजन बताते हैं कि इस कथा के कई स्वरूप है- जैन और बौद्ध स्वरूप हैं, और महिलाओं का संस्करण भी है, जिसकी लेखिका आंध्रप्रदेश की रंगनायकम्मा हैं। आदिवासियों की अपनी रामकथा है। अम्बेडकर ने अपनी पुस्तक 'हिन्दू धर्म की पहेलियां' में हमारा ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया है कि राम ने शम्बूक की केवल इसलिए हत्या कर दी थी क्योंकि वह शूद्र होते हुए भी तपस्या कर रहा था। इसी तरह, राम ने छुपकर और पीछे से वार कर बाली को मार दिया था। बाली कुछ पिछड़ी जातियां ही श्रद्धा के पात्र हैं। कहा जाता है- 'इडा पीडा जावो, बळीचे राज्य येवो' (हमारे दु:ख और तकलीफें ख़त्म हों और बाली का राज फिर से कायम हो)। अम्बेडकर राम की इसलिए भी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं क्योंकि राम ने मात्र इसलिए सीता को जंगल में छोड़ दिया था क्योंकि उन्हें अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था। पेरियार भी द्रविड़ों पर आर्य संस्कृति लादने के लिए राम की आलोचना करते हैं। ठीक-ठीक क्या हुआ था यह साफ़ नहीं है मगर यह महाकाव्य हमें उस काल के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें बताता है।

उसी तरह महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित विश्व की सबसे लम्बी कविता 'महाभारत' भी हमें उस युग में झांकने का मौका देती हैं। ये दोनों ग्रन्थ ज्ञान के स्त्रोत हैं। मगर उन्हें इतिहास के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल करना एक अलग मसला है, जिसका सम्बन्ध हिन्दू राष्ट्रवाद से ज्यादा और विद्यार्थियों को इतिहास के सच से परिचित करवाना कम है।

यह भी कहा गया है कि पाठ्यपुस्तकों में इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल किया जाए। ऐसा बताया जा रहा है कि चूंकि हमारे देश को इंडिया नाम अंग्रेजों ने दिया था अत: वह गुलामी का प्रतीक है। इस तथ्य को जानबूझकर छुपाया जा रहा है कि हमारे देश के लिए इंडिया से मिलते-जुलते शब्दों का प्रयोग अंग्रेजों के भारत आने से बहुत पहले से हो रहा है। ईसा पूर्व 303 में मेगस्थनीज ने इस देश को इंडिका बताया था। सिन्धु नदी के नाम से जुड़े हुए शब्द भी लम्बे समय से इस्तेमाल हो रहे हैं। हमारे संविधान में प्रयुक्त वाक्यांश 'भारत देट इज़ इंडिया' का कोई जवाब नहीं है। मगर हिन्दू राष्ट्रवादी एजेंडा के चलते 'इंडिया' शब्द उन्हें असहज करता है।

वे भारत के इतिहास को नए सिरे से कालखंडों में विभाजित करना चाहते हैं। इतिहास के सबसे पुराने कालखंड, जिसे अंग्रेज़ हिन्दूकाल कहते हैं, को वे 'क्लासिक' (श्रेष्ठ या उत्कृष्ट) काल कहना चाहते हैं। उद्देश्य है इस कालखंड में प्रचलित मूल्यों को हमारे समाज के लिए आदर्श निरुपित करना। ये मूल्य, जो 'मनुस्मृति' में वर्णित हैं, वही हैं जिनके विरुद्ध अम्बेडकर ने विद्रोह का झंडा उठाया था और 'मनुस्मृति' का दहन किया था।

आज यूजीसी और एनसीईआरटी का मार्गदर्शक केवल और केवल हिन्दू राष्ट्रवादी एजेंडा है। भारतीय संविधान के मूल्यों से उन्हें कोई लेनादेना नहीं है।

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)**

# कॉप 28 ने भले ही टकराव को टाल दिया, पर संघर्ष के बिंदु अनसुलझे रहे

■ के रवीन्द्रन

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कॉप 28 दुबई वैसे ही आगे बढ़ा है जैसी की उम्मीद थी। चूंकि सदस्य देश इस बात से जूझ रहे थे कि जीवाश्म ईंधन के सबसे संवेदनशील मुद्दे को कैसे औपचारिक रूप दिया जाए और उस पर कैसे ध्यान दिया जाए, इसलिए आम सहमति बनाने की कोशिश करने के लिए जलवायु शिखर सम्मेलन को निर्धारित सीमा से आगे बढ़ाना पड़ा। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार कॉप 28 ने अंतिम घोषणा के रूप में एक प्रस्तावित पाठ जारी किया है, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई के हिस्से के रूप में देशों से जीवाश्म ईंधन से दूर जाने का आह्वान करेगा।

यह कुछ सबसे मुखर राज्यों की सफलता का प्रतीक है जिन्होंने जीवाश्म युग को समाप्त करने के संकल्प को इंगित करने के लिए मजबूत भाषा पर जोर दिया, एक ऐसा लक्ष्य जिसका तेल और कोयला उत्पादक देशों, विशेष रूप से सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात द्वारा जोरदार विरोध किया जा रहा था। यह टकराव शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता में ही अंतर्निहित था, उस कुर्सी पर आबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) के सीईओ बैठे थे।

शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष सुल्तान अल जबेर की एक टिप्पणी 'कोई विज्ञान नहीं है' जो यह दर्शाता है कि वैश्विक तापन को 1.5 एष्ट तक सीमित करने के लिए जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की आवश्यकता है, जिससे भौंहें तन गईं। वह इस हद तक दावा करने लगे कि जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से ख़त्म करना टिकाऊ नहीं होगा। दरअसल, मुख्य शिखर सम्मेलन से इतर एक महिला-उन्मुख कार्यक्रम में उनके और प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई, जहां उन्होंने कहा कि उंगली उठाने का कोई मतलब नहीं है।

ओपेक सदस्य उत्सर्जन को पकड़ने और संग्रहीत करने की प्रौद्योगिकियों के माध्यम से जीवाश्म ईंधन के बजाय उत्सर्जन को लक्षित करने के विचार को बढ़ावा दे रहे हैं। लेकिन समस्या यह है कि कार्बन कैप्चर करना अत्यधिक महंगा है जिससे ध्यान वित्तीय संसाधनों पर केंद्रित हो जाता है। इसका मतलब होगा घोषणा की भाषा में फेज़ आउट को फेज़ डाउन से बदलना। लेकिन अधिकांश देशों ने चरणबद्ध तरीके से इसे ख़त्म करना पसंद किया।

भारत ने कथित तौर पर कोयले को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने से संबंधित मुद्दों को उठाया, जिसके बारे में उसने कहा कि यह निकट भविष्य में किसी भी समय संभव नहीं होगा। नई दिल्ली चाहती थी कि चरणबद्ध तरीके से अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किये जायें। विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए अधिक समय और वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती है क्योंकि ऐसे लक्ष्यों और विकासशील देशों के लोगों की आकांक्षाओं के बीच संघर्ष होता है, जो कार्बन पदचिह्न में योगदान देता है।

वैश्विक स्तर पर कोयला पिछले 30 वर्षों से बिजली क्षेत्र पर हावी रहा है, और रिस्टैड एनर्जी के अनुसार 2024 में ईंधन की गिरावट की शुरुआत होगी क्योंकि सौर और पवन उत्पादन की लोकप्रियता बढ़ेगी। नवीकरणीय ऊर्जा से नयी बिजली आपूर्ति से बिजली की मांग में अधिक इजाफा होने की उम्मीद है, जिससे अगले साल से कोयले का विस्थापन शुरू हो जायेगा और आने वाले वर्षों में इसमें बढ़ोतरी होगी। परिणामस्वरूप, कोयले से चलने वाली बिजली 2024 में मामूली रूप से गिरकर 10,332 टेरावाट घंटे (टीडब्ल्यूएच) रह जायेगी, जो 2023 से 41 टीडब्ल्यूएच कम है। यह समुद्र में एक सापेक्ष गिरावट है, लेकिन यह आने वाली चीजों का संकेत है क्योंकि नवीकरणीय ऊर्जा अपने विकास पथ को जारी रखे हुए है।

सख्त उत्सर्जन नीतियों और किफायती प्राकृतिक गैस आपूर्ति की प्रचुर उपलब्धता के संयोजन के कारण हाल के वर्षों में यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कोयला क्षमता और समग्र उपयोग में निवेश में गिरावट आई है। फिर भी, एशिया, मुख्य रूप से चीन में स्थायी विकास, ने वैश्विक कोयला खपत को बढ़ाये रखा है। ऐसी स्थिति में कम कार्बन वाले बिजली स्त्रोतों के तेजी से विकास से कोयला धीरे-धीरे विस्थापित हो जायेगा, जिससे एक स्वच्छ, हल्की प्रणाली की शुरुआत होगी, जबकि एशिया में नयी क्षमता में निवेश अगले कुछ वर्षों में जारी रहेगा।

**वैश्विक स्तर पर कोयला पिछले 30 वर्षों से बिजली क्षेत्र पर हावी रहा है, और रिस्टैड एनर्जी के अनुसार 2024 में ईंधन की गिरावट की शुरुआत होगी क्योंकि सौर और पवन उत्पादन की लोकप्रियता बढ़ेगी। नवीकरणीय ऊर्जा से नयी बिजली आपूर्ति से बिजली की मांग में अधिक इजाफा होने की उम्मीद है, जिससे अगले साल से कोयले का विस्थापन शुरू हो जायेगा और आने वाले वर्षों में इसमें बढ़ोतरी होगी।**

प्रचुर कोयला भंडार और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए ऊर्जा आपूर्ति को शीघ्रता से बढ़ाने की आवश्यकता के कारण, एशिया दुनिया की तीन-चौथाई से अधिक कोयला बिजली उत्पादन के लिए जिम्मेदार है। क्षेत्र में कोयला उत्पादन क्षमता लगातार बढ़ रही है, लेकिन पर्यावरण संबंधी चिंताओं के बीच नयी परियोजनाओं की गति धीमी हो रही है। चीन, जर्मनी और अमेरिका जैसे दुनिया भर के देश जो कोयले पर अत्यधिक निर्भर हैं, कोयले को आसानी से विस्थापित करने के लिए काफी तेजी से और अनुकूल अर्थव्यवस्था के साथ नवीकरणीय क्षमता विकसित कर रहे हैं।

यूरोप और उत्तरी अमेरिका व्यवस्थित रूप से कोयला उत्पादन को प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे स्वच्छ स्त्रोतों से बदल रहे हैं, जिससे 1990 के बाद से कोयला बिजली क्षमता 200 गीगावॉट से अधिक कम हो गई है। यूरोप की गिरावट मुख्य रूप से सख्त उत्सर्जन नीतियों से प्रेरित है, जबकि उत्तरी अमेरिका ने मुख्य रूप से कोयला उत्पादन को गैस से बदल दिया है। प्रचुर क्षेत्रीय उत्पादन के कारण बिजली की कीमतें कम हो गई हैं।

एशिया ने पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक में 40 गीगावॉट से अधिक नयी कोयला क्षमता जोड़ी है और अगले वर्ष 52 गीगावॉट जुड़ने की उम्मीद है। दूसरे शब्दों में, एशिया 2024 में अर्जेंटीना की कुल स्थापित क्षमता से अधिक कोयला क्षमता जोड़ेगा। इस नयी क्षमता का अधिकांश हिस्सा चीन में है, इसके बाद भारत और इंडोनेशिया का स्थान है। यह वृद्धि 2027 तक जारी रहने की उम्मीद है, हालांकि धीमी गति से, जिसके बाद कोयला बिजली संयंत्रों में गिरावट शुरू हो जायेगी।

## पावन प्रसंग

# अनमोल हैं पुस्तकें

पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र हैं, हितैषी हैं, जिनको पढ़ने से अल्पकाल में ही हमारा पीढ़ियों के ज्ञानभंडार से परिचय हो जाता है। यदि इस पर चिंतन-मनन करते हुए उनके सार को हृदयंगम किया जाए तो व्यक्ति के जीवन को बदलते देर नहीं लगती। अच्छी पुस्तकें जीवन को हर स्तर पर प्रकाशित व समृद्ध करती है और जीवन को उत्कर्ष आनंद एवं पूर्णता की राह पर आगे बढ़ाती हैं। स्वयं के द्वारा ज्ञान के अर्जन की एक सीमा है। पुस्तकें इस सीमा का विस्तार करती हैं। जब हम पुस्तकों को पढ़ते हैं तो देश ही नहीं, बल्कि विश्व के श्रेष्ठ विचारकों, महापुरुषों एवं ज्ञानी जनों के जीवन का निचोड़ हमारी पहुंच में होता है। पीढ़ियों का ज्ञान हमें सहज रूप में उपलब्ध होता है। आवश्यकता इस ज्ञान के लिए अपने भीतर एक सच्ची अभीप्सा एवं तीव्र पिपासा जगाने की है तथा इसको ग्रहण एवं धारण करने की है। पुस्तकों का अध्ययन हमें कई स्तर पर समृद्ध करता है। इनको पढ़ने से हमारी बुद्धि के दरवाजे खुलते हैं व सोचने का दायरा भी विस्तृत होता है। साथ ही अपने समाज, संस्कृति, इतिहास, भूगोल आदि के साथ दूसरी सभ्यताओं एवं संस्कृतियों के प्रति समझ विकसित होती है। पूरे विश्व, प्रकृति एवं सृष्टि के प्रति संवेदनशीलता का विकास होता है और सही मायने में हम अपने देश, समाज व राष्ट्र के एक अच्छे नागरिक बनते हैं तथा समूचे विश्व को समझने की कुवत हममें पैदा होती है। बिना पुस्तकों को पढ़े हम कुएं के मेंढक की तरह अविकसित ही रह जाते हैं और अपने पूर्वाग्रहों, दुराग्रहों से ग्रस्त एक पिछड़ा एवं संकीर्ण जीवन जी रहे होते हैं।

पुस्तकें हमें सीमित दायरे से बाहर निकालती हैं। निस्संदेह इसके लिए देश एवं विश्व भर के श्रेष्ठ साहित्य से परिचय एवं इनका चयन आवश्यक हो जाता है जो कि आज वैश्वीकरण के दौर में कठिन नहीं है। समाज एवं समूह में सार्थक चर्चा इसी आधार पर संभव होती है और हमारी लोक- व्यवहार की क्षमता में वृद्धि होती है। ज्ञानीजनों की मंडली में हम कुछ सार्थक संवाद करने व योगदान दे पाने की स्थिति में होते हैं। इसके साथ हम समाज के सहज सम्मान के अधिकारी बनते हैं और इन सबके साथ पुस्तकें हमारे आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। कठिन समय में अच्छी पुस्तकें हमें सच्चे मित्र की तरह सांत्वना देती हैं, ढाढस बंधाती हैं, आगे बढ़ने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करती है।

व्यक्ति की रुचि व अनुभवों से जुड़ी पुस्तकें जीवन के किसी कठिन पड़ाव पर सटीक समाधान व सही दिशासूचक के रूप में प्राय: निर्णायक भूमिका निभाती देखी जाती हैं। निस्संदेह ये हमारे तनाव को कम करती हैं, अवसाद से उबारती हैं और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करती हैं। अच्छी पुस्तकें चिकित्सक की भूमिका में हमारा उपचार करती हैं। शारीरिक, मानसिक ही नहीं, बल्कि हमारा आत्मिक स्वास्थ्य भी श्रेष्ठ पुस्तकों के माध्यम से पुष्ट होता है।

जब हम मानवीय चेतना का मर्म उद्घाटित करने वाले साहित्य का परायण करते हैं तो हम गहनतम स्तर पर स्वयं की संभावनाओं के साथ इसकी व्याधियों से परिचित होते हैं व इनके निदान का प्रयास करते हैं। इसके साथ हमारे समग्र विकास का मार्ग भी प्रशस्त होता है। अध्ययन से हमारी स्मरणशक्ति बढ़ती है। विश्लेष्णात्मक-विवेचनात्मक सोचने की क्षमता सशक्त होती है। पढ़ने की आदत से व्यक्ति की क्षमता सशक्त होती है। पढ़ने की आदत से व्यक्ति की एकाग्रता और लक्ष्य केंद्रित होने की क्षमता मं वृद्धि होती है। निश्चित रूप से इससे व्यक्ति का मानसिक एवं बौद्धिक ह्रास रुकता है और मानसिक क्षमताएं मजबूत होती हैं।

शोध के आधार पर भी स्पष्ट हुआ है कि पुस्तकों के अध्ययन से मन-मस्तिष्क युवा, स्वस्थ व निरोग रहता है। यहां तक कि भूलने से जुड़े अल्जाइमर जैसे रोग को दूर रखने में यह सहायक सिद्ध होता है। अध्ययन के साथ हमारा शब्द भंडार भी समृद्ध होता है, जो हमारे लेखकीष कौशल में सहायक रहता है। लिखने के लिए दिए गए विचारों की आवश्यकता होती है, नए शब्दों की आवश्यकता पड़ती है। पुस्तकों का अध्ययन यह सब उपलब्ध करा देता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# योजनाओं से बदल रही है महिलाओं की जिंदगी

देश भर में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र से लेकर सभी राज्य सरकार अपने- अपने स्तर पर विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक का सर्वसम्मति से संसद से पारित होना इस बात का सबूत है कि इस मुद्दे पर देश की सभी राजनीतिक दल पार्टी लाइन से ऊपर उठ कर एकमत हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार का काम सभी राज्यों के लिए एक नजीर बन रहा है। पिछले दो दशकों में बिहार की आधी आबादी की जिंदगी में जो असाधारण बदलाव आए हैं, वे काबिले-तारीफ है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने से लेकर त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं एवं नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी से लेकर 50 फीसदी तक आरक्षण देकर आधी आबादी को राष्ट्र-निर्माण में भागीदार बनाने की नीतीश सरकार की पहल उल्लेखनीय है. सरकार के इस पहल का नतीजा है कि आज घर की दहलीज में कैद रहने वाली किशोरियां और महिलाएं आज घर से बाहर निकल कर विभिन्न सरकारी कार्यालयों, गैर सरकारी संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं में बखूबी कामकाज संभाल रही हैं। स्कूलों से लेकर कॉलेजों में लड़कियों की अच्छी-खासी संख्या यह दर्शाती है कि राज्य में महिला साक्षरता की दर बढ़ रही है और यह सब नि:संदेह सरकारी पहल एवं कई योजनाओं के संचालन से ही संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री साइकिल एवं पोशाक योजना की जब शुरुआत हुई थी, तब बिहार सरकार की इस पहल की देश-विदेश की मीडिया में खूब चर्चा हुई थी. इस पर कई संस्थानों द्वारा शोध कार्य भी किये गए. कल तक जिस सरकारी स्कूल का कैंपस छात्र-छात्राओं से वीरान रहता था, वह अचानक से गुलजार रहने लगा है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों और समुदायों में बालिका शिक्षा के प्रति कोई रुचि नहीं थी, वही क्षेत्र और समुदाय आज उत्साह के साथ अपनी लड़कियों को स्कूल से लेकर कॉलेज तक भेज रहा है। तमाम तरह के नारों और वायदों के बाद भी आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े जिन समुदायों में बालिका शिक्षा का ग्राफ नीचे की ओर जा रहा था, आज वहां परिस्थिति बिल्कुल बदल चुकी है। नये-नये पोशाक एवं नयी साइकिल पर सवार होकर दर्जनों लड़कियां जब एक साथ गांव की पगडंडियों व टूटी-फूटी कच्ची सड़कों से स्कूल के लिए निकलती हैं, तो नजारा देखने लायक होता है। इस योजना ने सुदूर ग्रामीण इलाके में रहने वाली किशोरियों के सपने को जैसे पंख लगा दिए हैं। नयी-नयी साइकिल स्कूल-ट्यूशन जाने का माध्यम तो बनी ही, यह घर के कामकाज जैसे- मवेशियों का चारा काट कर लाना, गेहूं-मक्के की बोरी को मिल तक पहुंचाने में भी मददगार साबित हुई है।

मुख्यमंत्री कन्या साइकिल योजना के लागू होने के बाद पहली बार इसका लाभ उठाने वाली अनेकों छात्राएं पढ़-लिख कर सशक्त हो चुकी हैं। उनमें से कुछ आज बिहार पुलिस में नौकरी भी कर रही हैं, तो कई सरकारी स्कूलों की शिक्षिकाएं बन गई हैं। आधी आबादी की जिंदगी में यह बदलाव न केवल महिला सशक्तिकरण की बेहतरीन मिसाल है बल्कि यह अन्य राज्यों के लिए भी नज़ीर बन चुका है। बेटी को सशक्त देख कर आज ग्रामीण क्षेत्रों के मां-बाप में भी आत्मविश्वास जगा है। उन्हें पहली बार एहसास हुआ है कि बेटी बोझ नहीं सच में लक्ष्मी होती हैं। आज घर घर में बेटियां लाडली बन चुकी है। इन योजनाओं ने माता-पिता के उस सोच को भी बदल दिया है जहां वह लड़की की शिक्षा पर पैसा खर्च करने से अधिक उसके दहेज़ का इंतज़ाम करने के फिक्रमंद होते थे।

**रिंकू कुमारी, मुजफ्फरपुर बिहार**

# मां नर्मदा पूजन के साथ होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर केन्द्र शासन की योजनाओं का हर पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुये विकास से आम लोगों को परिचित कराने विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 16 दिसम्बर से प्रारंभ होगी। यात्रा का भव्य शुभारंभ ग्वारीघाट क्षेत्र से मां नर्मदा के पूजन के साथ होगा। इसी दिन जिले के ग्रामीण क्षेत्र की चारों विधानसभा क्षेत्रों में भी इस यात्रा की शुरूआत होगी।

यह निर्णय गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय में नवनिर्वाचित विधायक राकेश सिंह, अशोक रोहाणी, संतोष वरकड़े एवं नीरज सिंह ठाकुर की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों और इसके प्रभावी संचालन के लिये आयोजित जनप्रतिनिधियों की बैठक में लिया गया। विधायक अभिलाष पाण्डे इस बैठक से वर्चुअल तौर पर जुड़े थे। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में यात्रा पर निगरानी रखने केन्द्र शासन द्वारा नियुक्त प्रेक्षक अक्षय जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष तिवारी ''रानू'', जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह एवं नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखड़े भी मौजूद थे।

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में निकाली जायेगी। यात्रा के दौरान जहां ग्रामीण क्षेत्र में केन्द्र शासन की चिन्हित सत्रह योजनाओं तथा



## यात्रा की तैयारियों और रूपरेखा पर चर्चा करने जन प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में लिया गया निर्णय

शहरी क्षेत्र में सोलह योजनाओं का लाभ शेष रह गये पात्र हितग्राहियों को दिलाया जायेगा। वहीं एलईडी स्क्रीन से सुसज्जित मोबाईल वेन के माध्यम से केन्द्र शासन की प्रमुख योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जायेगा। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाये जायेंगे, विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित हितग्राही उनके जीवन में आये बदलाव के अनुभव साझा करेंगे तथा किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने प्रेरित करने माटी कहे पुकार के की थीम पर कार्यक्रम होंगे। यात्रा के दौरान ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी होगी। विधायक राकेश सिंह ने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी तय करने इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने की जरूरत बताई। उन्होनें कहा कि यात्रा के दौरान लगाये जाने वाले शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। श्री सिंह ने विकसित भारत यात्रा के दौरान योजनाओं का लाभ लेने पात्रता की शर्तों के साथ-साथ अपात्र व्यक्ति क्या करने से योजना का लाभ लेने पात्र बन सकता है इसकी जानकारी भी आमजनों को उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। उन्होनें कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिये तय किये गये रूट चार्ट को संबंधित क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाये, ताकि वे भी इस यात्रा के प्रभावी संचालन से सहभागी बन सकें।

कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने बैठक में बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र शासन की सभी चिन्हित योजनाओं का लाभ शेष रह गये सभी पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध कराने डेटा बेस तैयार कर लिया गया है। उन्होनें बताया कि यात्रा के दौरान योजनाओं का लाभ लेने नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का पंजीयन करने से लेकर शिविर लगाकर उन्हें मौके पर ही लाभ का वितरण करने की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रत्येक पड़ाव स्थल पर पहुंचने के तीन दिन पूर्व स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं।

# मुख्यालय से लेकर संभागीय कार्यालय तक चुनाव की धूम



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम मुख्यालय से लेकर सभी जोन कार्यालयों में अजाक्स चुनाव के चुनाव की धूम मची हुई है। अध्यक्ष पद के लिए चार कर्मचारी नेता मैदान में हैं। सभी हेड ऑफिस से लेकर संभागीय कार्यालयों तक में जोर-शोर से प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। अध्यक्ष पद के दावेदारों के बैनर-पोस्टर इस कदर लगे हुए हैं कि पूरी लाल बिल्डिंग ढक चुकी है। अध्यक्ष पद के लिए जो प्रत्याशी मैदान में हैं, उनके नाम राकेश समुद्रे, सुरेंद्र लखेरा, अमित मेहरा और अमर ग्रोंवकर बताए जा रहे हैं।

### चर्चा में है चुनाव, बैनर-पोस्टर से ढंकी लाल बिल्डिंग

अजाक्स के अध्यक्ष के लिए 19 दिसंबर को होने वाला चुनाव इसलिए भी चर्चा में अधिक है क्योंकि पिछले कई वर्षों से राकेश समुद्रे निर्विरोध अध्यक्ष बनते आ रहे थे। जिस पर कुछ कर्मचारी नेताओं को आपत्ति थी। आपसी खींचतान इतनी बढ़ गई कि मामला न्यायालय तक पहुंच गया। जिसके बाद अजाक्स के चुनाव कराने पड़े। कर्मचारी नेता अमित मेहरा भी इस मामले को लेकर लगतार भोपाल के चक्कर भी लगाते रहे।

बता दें कि अजाक्स के कार्यालय को लेकर भी काफी बवाल मचा था। कुछ कर्मचारी नेताओं ने शिकायत की थी कि इस ऑफिस का उपयोग संघ की गतिविधियों के लिए न कर- के निजी उपयोग के लिए किया जा रहा था। आरोप लगने के बाद जेएमसी कमिश्नर स्वप्निल वानखेड़े ने कार्यालय को सील करने के आदेश जारी किया था। चुनाव उपरांत नए अध्यक्ष के लिए ही खोला जाएगा।

## नगरीय निकाय उपचुनाव

# सिहोरा के वार्ड क्रमांक छह के सभी शस्त्र लायसेंस निलंबित : कलेक्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने नगरीय निकाय के उप निर्वाचन के मद्देनजर नगर पालिका परिषद सिहोरा के वार्ड क्रमांक 6 के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र लायसेंस 16 जनवरी 2024 तक की अवधि के लिये निलंबित कर दिये हैं और सभी अनुज्ञप्तिधारियों को तत्काल अपने शस्त्र संबंधित पुलिस थाने या वैध शस्त्र डीलर के यहाँ सेफ कस्टडी में जमा करने के आदेश दिये हैं।

नगर पालिका परिषद सिहोरा के वार्ड क्रमांक छह के उप चुनाव को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से आर्म्स एक्ट 1959 के प्रावधानों के तहत जारी इस आदेश में कहा गया है कि ऐसे समस्त शस्त्र लायसेंसधारी जो न्यायालय द्वारा जमानत पर छोड़े गये हैं, जिनकी आपराधिक पृष्ठभूमि रही हो, जो पूर्व में किन्ही दंगो अथवा कानून व्यवस्था भंग करने में संलिप्त रहे हों विशेषकर निर्वाचन कार्यक्रमों के दौरान, जो किसी भी निर्वाचन अपराध में संलिप्त रहे हों, संवेदनशील मतदान केंद्रों तथा वल्नरेबल क्षेत्रों के अंतर्गत निवास करने वाले सभी शस्त्र लाइसेंसधारी तथा जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी के निर्णय के अध्याधीन शेष शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र सबंधित पुलिस थाने में अथवा वैध शस्त्र डीलर के यहाँ जमा करना होगा। जिला दंडाधिकारी ने इस आदेश में संबंधित थाना प्रभारी को भी इसका कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी शस्त्र पुलिस थाने या वैध शस्त्र डीलर के पास जमा कर इसकी पावती शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को देने की हिदायत भी दी है।

जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी निर्वाचन क्षेत्र के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित करने का आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। माननीय न्यायाधीश एवं उनके सुरक्षा कर्मी, मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी के अधिकारी, सेना, पुलिस व अर्धसैनिक बलों के जवान, सेवा निवृत्त राजपत्रित अधिकारी, जिले में कार्यरत राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, बैंक सुरक्षा गार्ड, निजी सुरक्षा एजेंसी द्वारा अधिकृत गार्ड, तथा राष्ट्रीय रायफल एसोसिएशन के सदस्य एवं खिलाड़ियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा।

# रेल अधिकारी प्रिंस विक्रम को मिलेगा अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे के सर्वोच्च पुरस्कार अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिए जबलपुर रेल मंडल में पदस्थ प्रिंस विक्रम वरि.मंडल परिचालन प्रबंधक (संचालन) को आज शुक्रवार 15 दिसम्बर को नई दिल्ली में आयोजित 68 वें रेल सप्ताह समारोह 2023 में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा सम्मानित किया जाएगा।



श्री विक्रम भारतीय रेल यातायात सेवा के 2015 बैच के रेल अधिकारी है इन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा बरकाकाना से तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के भारतीय प्रौधोगिकी संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग से बीटेक की उपाधि प्राप्त की है। इनके पिता श्री प्रदीप कुमार, कोल इंडिया में प्रबंधक तथा माता श्रीमती पूनम देवी गृहणी है। श्री विक्रम की धर्म पत्नी श्रीमती दर्शिता श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय गढ़ा में सहायक प्राध्यापक है।

ट्रेनों के संचालन के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने वाले मिलनसार एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री विक्रम की इस उपलब्धि पर जबलपुर रेल मंडल के सभी अधिकारयों एवं स्टाफ द्वारा उन्हें बधाई दी गयी है। उल्लेखनीय है कि श्री विक्रम जबलपुर मंडल सहित पश्चिम मध्य रेलवे के एक मात्र अधिकारी है जिन्हें इस प्रतिष्ठा पूर्ण रेल मंत्री पुरस्कार लिए चयनित किया गया है।

# वृद्ध आश्रम की सेवा मुक्त अधीक्षिका पर वृद्धजनों को धमकाने का आरोप

**जबलपुर, देशबन्धु।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज अस्पताल के समीप संचालित वृद्धा आश्रम में हाल ही में कुछ कर्मचारियों द्वारा तथा जिला कलेक्टर को अधीक्षिका के खिलाफ अनियमितताएं एवं वृद्धजनों को आश्रम में रस्सी से बांधकर रखने की वीडियो कर्मचारियों द्वारा वायरल किया गया था। जिस पर कलेक्टर ने जांच कमेटी बनाकर विस्तृत जांच करवाई जिसमें अधीक्षिका रजनीबाला सोहल को दोषी पाया गया था। जिस पर कलेक्टर ने उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त किया गया था।




जिसके उपरांत भी अधीक्षिका द्वारा वृद्धाश्रम में आकर कर्मचारियों तथा आश्रम के वृद्धजनों को दबाव दिया जा रहा है कि मैं तुम लोगों को सड़क पर ला दूंगी। अभी तो सिर्फ 3 कर्मचारियों को निकलवाई हूं, बाकि तुम सब कर्मचारियों एवं उनके साथ सहयोग करने वाले वृद्धजनों को भी आश्रम से बाहर निकलवाकर छोडूंगी। जिससे डरे सहमे कर्मचारी एवं जीवन का अंतिम सफर करने वाले कई बुर्जुगों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से सेवामुक्त अधीक्षिका की लिखित शिकायत गुरूवार को संभागीय कमिश्नर एवं कलेक्टर से मिलकर संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया तथा अधीक्षिका द्वारा जबरदस्ती आवास रिक्त नहीं करने की भी जानकारी दी तथा वृद्धाश्रम में अवैधानिक रूप से आने जाने एवं कर्मचारियों को अपने पक्ष में करने का दबाव बनाया जा रहा है।

जिस पर कमिश्नर एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने तत्काल ही संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने वृद्धजनों को बैठाकर उनसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूरी शिकायत सुनी तथा वरिष्ठजनों ने ये भी बताया कि पूर्व में अधीक्षिका के खिलाफ वीडियो वायरल करने वाले तथा शिकायत करने वाले कर्मचारियों को झूठे मामले में पदमुक्त किया गया था। जिन्हें बहाल करने की भी मांग सभागीय कमिश्नर से की गई। इस अवसर पर जगदीश शुक्ला, कौशल पटेल, अम्बीर रामटेके, विश्राम कोल आि अन्य वृद्धाश्रम के लोग उपस्थित रहे। कलेक्टर ने वृद्धजनों को आश्वासन दिया है कि उन्हें भयभीत होने की जरूरत नहीं है। जिला प्रशासन उनका पूरा सहयोग करेगा और दोषियों पर कार्यवाही करेगा।

# योजनाबद्ध तरीके से ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य को पूरा करने की जरूरतः इंजी. सुनील तिवारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी ट्रांसको (एम.पी. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा है कि वर्तमान में नवाचार का व्यापक स्तर पर उपयोग कर के ऊर्जा संरक्षण के लिये प्रकृति के अनुरूप नई-नई तकनीकों को विकसित करना होगा,और इसे योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने की जरूरत है, तभी ऊर्जा संरक्षण का उद्देश्य सफल हो पायेगा। उन्होंने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों को अपने संदेश में कहा कि इस दिवस का उद्देश्य ऊर्जा के महत्व, बचत एव संरक्षण के साथ ही ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता लाना है।

उन्होंने एम.पी ट्रांसको के कार्मिकों का आव्हान किया कि वे योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्यालय के साथ घरेलू कार्यों में भी बिजली बचत को सर्वोच्च प्राथमिकता दें एवं अपने परिचितों को भी ऊर्जा संरक्षण के लिए भी प्रेरित करें। इस अवसर पर एम.पी. ट्रासकों के सभी विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने प्रबंध संचालक इंजी सुनील तिवारी के साथ ऊर्जा संरक्षण की शपथ ली।

**एम.पी ट्रांसकों के प्रदेश भर के सभी कार्यालयों में आयोजित हुये कार्यक्रम**

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर प्रदेश भर के सभी एम.पी ट्रांसको के कार्यालयों, ट्रांसमिशन लाइन संधारण (टी एल एम), एवं सबस्टेशनों में प्रबंध संचालक इंजी सुनील तिवारी के संदेश का वाचन किया गया एवं सभी कार्मिकों ने ऊर्जा संरक्षण की शपथ ली।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम की समझाइश पर अस्पताल में प्रसव कराने तैयार हुये हाई रिस्क गर्भवती महिला के परिजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगातार दी गई। समझाइश आखिरकार रंग लाई और घर पर ही प्रसव कराने पर अड़े परिवारजन हाईरिस्क गर्भवती महिला को मनमोहन नगर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां स्वस्थ्य शिशु का जन्म हुआ और खून की कमी के कारण जच्चा और बच्चा की जान पर बन आया संकट टल गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के वार्ड क्रमांक-72 के अंतर्गत प्रभातनगर निवासी गर्भवती महिला हल्कीबाई नुनिया ने बुधवार को मनमोहन नगर स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। बच्चे का वजन 2.8 किलोग्राम है तथा बच्चा और मां दोनों स्वस्थ्य हैं।

दरअसल नियमित जांच के दौरान गर्भावस्था के सातवें माह में हल्कीबाई को खून की कमी हो गई थी। क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता आशा बर्मन एवं एएनएम सोना रानी द्वारा उसके स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही थी। बुधवार की सुबह आशा कार्यकर्ता के माध्यम से हल्कीबाई के परिजनों द्वारा होम डिलेवरी कराने की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा को प्राप्त हुई। डॉ. मिश्रा ने तत्काल जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विनीता उप्पल एवं शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर के प्रभारी डॉ. नितिन श्रीनिवासन को हल्की बाई के परिजनों को समझाइश देने स्वास्थ्य विभाग की टीम उसके घर भेजने निर्देश दिये। आयुष चिकित्सक डॉ. विभु श्रीवास्तव एवं एएनएम संगीता शर्मा को हलकीबाई के घर भेजा गया। टीम जब हल्की बाई के घर पहुंची तब वहां परिवार की पांच-छह महिलायें तथा प्रसव कराने आई दाई भी मौजूद मिली। सभी ने डॉ. विभु श्रीवास्तव एवं एएनएम संगीता शर्मा की समझाइश का प्रतिरोध किया और प्रसव कराने के लिये अस्पताल जाने को तैयार नहीं हुये। अंततः स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा यह भरोसा दिलाने पर उसके परिवारजन प्रसव के लिये हल्की बाई को अस्पताल ले जाने तैयार हुये की वहां प्रसव होने से मां और शिशु दोनों स्वस्थ रहेंगे तथा नवजात शिशु को कोई भी परेशानी होने पर चिकित्सकों द्वारा तुरंत समस्त जांच भी हो सकती है, साथ ही जन्म के समय लगने वाले टीके भी वहीं लग जायेगें। परिवारजनों के राजी होते ही जिला चिकित्सालय से एम्बुलेंस बुलवा कर हलकी बाई को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर अस्पताल लाया गया। जहां स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. क्षितीजा मनी की देखरेख में नार्मल डिलेवेरी करवाई गई।



# विश्व विकलांग दिवस पर दिव्यांग बच्चों ने लगाई दौड़, पुरस्कार पाकर हुए खुश

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व विकलांग दिवस पर जनपद शिक्षा केंद्र शहपुरा में दिव्यांग बच्चों ने आपनी सामर्यथता का प्रदर्शन किया। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार विकासखंड दिव्यांग बच्चों की विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर के खेल मैदान में आयोजित किया गया। माध्यमिक एवं प्राथमिक विभाग की प्रथक-प्रथक दिव्यांगता के अनुसार प्रतियोगिता में दौड़, पैदल चल, ड्राइंग, रंगोली, मेहंदी, गायन, नृत्य आदि का आयोजन किया गया। जिसमें 45 दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही सांकेतिक भाषा एवं ब्रेल लिपि में प्रशिक्षित शिक्षकों की भी प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें 7 शिक्षकों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीम शहपुरा पुष्पेंद्र अहाके एवं विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला एवं पत्रकार जितेंद्र सिंह सेंगर, पण्डित धनंजय उपस्थित होकर प्रतियोगिता में उपस्थित सभी बच्चों को उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम सम्मिलित सभी बच्चों को प्रमाण पत्र मोमेंटो, स्कूल बैग, ड्राइंग सेट, कंपास, मेडल आदि वितरित कर उत्सवर्धन किया गया। सभी अतिथियों का बी.आर.सी.सी गणपत लाल झारिया के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएससी अजय सिंह राजपूत, आशीष साहू, अमित विश्वकर्मा, वीरेंद्र पटेल, एम.आर.सी रीता तिवारी, पुष्पेंद्र पांडे एवं समस्त स्टाफ खेल प्रभारी, शिक्षक नितिन तिवारी, महेंद्र प्रधान विशेष सहयोग अनूप झरिया, भगवानदास विश्वकर्मा, जय रजक व उपस्थित समस्त स्टाफ सरस्वती शिशु मंदिर परिवार शहपुरा का विशेष सहयोग रहा।

# ई-प्रवेश प्रक्रिया के पूर्व कॉलेज चलो अभियान का शुभारंभ




**जबलपुर, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आगामी शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये ई-प्रवेश प्रक्रिया के पूर्व कॉलेज चलो अभियान का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के जैन द्वारा किया गया। अभियान के तहत पनागर क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले शासकीय/अशासकीय विद्यालय अजय सत्यप्रकाश उ.मा.वि.पनागर, एवं विंग्स् कॉन्वेंट हा.से.स्कूल महाराजपुर कॉलेज चलो अभियान की टीम की नोडल अधिकारी डॉ. मोनिका मसीह एवं सदस्यों डॉ. अवधेश दुबे, डॉ. सीमा पटारिया, डॉ. कमलेश कुमार मोर्य, डॉ. बलराम सेन ने स्कूल प्राचार्यो, शिक्षकों व छात्रो से संपर्क कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की जानकारी का पम्पलेट संबंधित विद्यालय के विद्यार्थियों को वितरित किया गया। ई-प्रवेश प्रक्रिया एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कॅरियर अवसरों की जानकारी प्रदान की। स्कूल प्राचायों एवं शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

# मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर आतिशबाजी, मिष्ठान वितरित



**जबलपुर, देशबन्धु।** मोहन यादव को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बनाये जाने पर अधारताल तिराहे बिरसा मुंडा चौक पर सामाजिक एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरित किया गया और मोहन यादव को मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। गुरूवार के कार्यक्रम भारत सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष यादव समाज, प्रदीप यादव पूर्व पार्षद, सर्वेश मिश्रा, विनय यादव, पवन यादव, घनश्याम यादव, दीपक शर्मा टिम्मी, नंदकिशोर यादव, विजय यादव, चैनसिंह यादव, मुन्ना पटेल, शिवराम पटेल, शारदा यादव, सतीश यादव, एडवोकेट विवेक यादव, एडवोकेट संदीप यादव आदि उपस्थित थे।

# गोंडवाना राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह स्मारक स्थल का निरीक्षण



**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर के पदाधिकारियों ने गोंडवाना राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के निर्माणाधीन स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संघ के संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी, राजेंद्र चौधरी, कार्यवाहक अध्यक्ष अजय झारिया, गया प्रसाद धुर्वे, दिशा इनवाती, अंजना इनवाती,राजेश मरकाम, राजू चौधरी, महेश बट्टी, बालकिशन आदि उपस्थित हुए।

इंटेक कम्पनी द्वारा किए जा रहे कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि गोंडवाना संस्कृति के अनुरूप कार्य कराया जाना चाहिए था। गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर की ओर से सौंपी गई कार्य योजना के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है। आस्था केन्द्र बंदी गृह के स्थान परिवर्तन पर आक्रोश व्यक्त किया गया। साथ ही गोंडवाना क्रांति स्तंभ भी नहीं बनाया है।



## खाटू श्याम जी शोभा यात्रा का किया स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़े फुहारा पर में खाटू श्याम जी की शोभा यात्रा का स्वागत पुष्पवर्ष से किया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के शरद अग्रवाल ने पूजन अर्चन कर स्वागत किया । इस अवसर पर डॉक्टर सुधीर अग्रवाल उपस्थित थे।

## पत्रकारों ने मुफ़्ती-ए-आज़म म.प्र. का किया सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** मीडिया के पत्रकारों ने मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी के मुफ़्ती-ए-आज़म म.प्र. नियुक्त होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुफ़्ती साहब का सम्मान कर स्वागत किया। पत्रकारों ने कहा कि मुफ़्ती साहब म.प्र. के गौरव हैं और कौमी एकता के प्रतीक हैं। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार हाजी मुईन खान, मतलूब अंसारी, कादिर खान अफरीदी, शरीफ खान, वाजिद खान, कदीर खान, अतहर खान, अरशद कादरी, जुबेर खान आदि उपस्थित रहे। तदोपरांत देश में अमन-चैन, भाईचारा और जबलपुर शहर की तरक्की के लिए दुआ मांगी गई।





## जमादी उल आखिर की पहली तारीख आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुर्हानी के अनुसार 14 दिसंबर मुताबिक 29 जमादी उल अव्वल को आम तौर पर चाँद नज़र आ गया है । लिहाजा 15 दिसंबर जुमा को जमादी उल आखिर की पहली तारीख रहेगी ।

# प्राकृतिक रोशनी से बढ़ा ग्रीन लाइफ कल्चर, एनर्जी कजर्वेशन कर रहीं स्मार्ट लाइट्स

## सोलर सिस्टम उपकरण और स्मार्ट लाइट से आसान हुआ एनर्जी कंजर्वेशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** छोटे प्रयासों से ही बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। यह बदलाव प्रकृति संरक्षण के साथ ऊर्जा संरक्षण के लिए भी हो रहे हैं। एनर्जी कंजर्वेशन के लिए लोगों की सोच और प्रयास बदल रहे हैं। क्योंकि लोगों ने अब यह मान लिया है, कि ऊर्जा की बचत करना ही भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। इसके लिए वे तरह-तरह के उपाय अपना रहे हैं। एनर्जी सेविंग में सोलर लाइट्स का कॉन्सेप्ट लोगों को रास आ रहा है। खासतौर पर सर्दियों में निकलने वाली भरपूर धूप घर को रोशन कर रही है। ऊर्जा संरक्षण दिवस के मौके पर आइए जानते है कि किस तरह से शहर में बिजली की बचत को लेकर काम हो रहा है।

**स्मार्ट लाइट्स का इस्तेमाल**-घरों में अब स्मार्ट लाइट्स का इस्तेमाल भी तेजी से बढ़ा है। एनर्जी कंजर्वेशन के लिए एलईडी लाइट्स लोगों की डिमांड में शामिल हैं। इसके साथ ही स्मार्ट लाइट्स भी होम डेकोर को अट्रैक्टिव बनाने के साथ-साथ बिजली की खपत भी कम कर रही हैं।

**संस्थानों में सोलर रोशनी**-शहर के गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में सोलर लाइट्स का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं शहर के कुछ गवर्नमेंट कॉलेजों में इसकी कवायद जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा शहर के कलेक्ट्रेट में भी सोलर लाइट्स की ऊर्जा फैल रही है।



### इस तरह के प्रयास-जरूरत पड़ने पर ही बिजली का उपयोग

- स्मार्ट बल्ब और एलईडी लाइट्स का इस्तेमाल।
- सोलर लाइट्स की रोशनी
- गार्डन में भी सोलर लाइट्स का इस्तेमाल
- प्राकृतिक रोशनी के हिसाब से होम रिनोवेशन

**प्राकृतिक रोशनी बेस्ड होम रिनोवेशन**-शहर में अब आर्किटेक्चर पैटर्न भी चेंज हो चुका है। अब लोगों को प्राकृतिक रोशनी और खुशी हवा ज्यादा चाहिए। इसके लिए पांच से सात फीट तक की खिड़कियां रूम में निकलवाई जा रही है। इसके साथ ही ओटीएस भी अब घरों में प्रमुखता से शामिल हो रहा है, जिससे घर में बिजली की बचत हो सके।

## हिन्दी मीडियम की पढ़ाई ने सिलेबस आसान बनाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** नई शिक्षा नीति प्रभावी होने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में कई बदलाव आए हैं। वहीं हिन्दी माध्यम में इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई होने से हिन्दी माध्यम के छात्रों को फायदा हो रहा है। वे छात्र जिन्हें हिन्दी मीडियम होने पर बाद में अंग्रेजी सिलेबस पढ़ने में परेशानी होती है, वे भी अब कॅरियर की नई दिशा चुन रहे हैं। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना जबलपुर संभाग के तत्वावधान में आयोजित व्याख्यानमाला में हिन्दी विवि भोपाल के प्रो. खेमसिंह डहेरिया ने यह बात कही। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर विषय पर कहा कि हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग एवं चिकित्सा की शिक्षा प्राप्त करना सरल और आसान हो गया है।

**नौकरी के लिए मात्र डिग्री ना होगा**-कार्यक्रम में प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि छात्र सिर्फ नौकरी के लिए डिग्री प्राप्त ना करें, बल्कि स्टार्टअप और स्वरोजगार की दृष्टि से भी पढ़ाई करना चाहिए। विषय विशेषज्ञ डॉ. नरेन्द्र कोष्टी ने कहा कि स्टार्टअप योजनाओं से जुड़कर हिन्दी भाषी युवा भी बेहतर शुरुआत कर सकते हैं।.



स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस योजना

# लेडीजों ने निभाए राजनैतिक किरदार

**जबलपुर, देशबन्धु।** लेडीजों ने राजनैतिक किरदार निभाकर जनता जनार्दन के किस्से सुने। उन्होंने जहां चुनाव के दौरान लोगों से वोट की अपील की, वहीं मतदान की प्रक्रिया भी पूरी की। फॉरएवर लेडीज ग्रुप के तत्वावधान में राजनैतिक थीम पार्टी की गई। कार्यक्रम में लेडीजों ने कई तरह के एंटरटेनिंग एक्टिविटी में पार्टिसिपेट किया। लेडीज ने जहां विधायक पार्टी की, वहीं राजनेताओं के किरदार में भी नजर आईं।

**मंत्री और विधायक का रोल किया**-प्रोग्राम के दौरान लेडीजों ने चुनाव जीतने के बाद का जश्न भी डांस और म्यूजिक के बीच मनाया। इसके लिए महिलाओं ने मंत्री, विधायक और पार्षद का रोल भी निभाया। कॉम्पीटिशन में रीना जैन विजेता रहीं। इस मौके पर रीना, अक्षया, श्रुति, शिखा, समीक्षा, स्वाति, मिनी, दीप्ति, पूजा मौजूद रहीं।



## इंस्टीट्यूट ऑफ सीए जबलपुर ब्रांच तरंग में युवा सीए दिखाएंगे दम

**जबलपुर, देशबन्धु।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जबलपुर शाखा के तत्वावधान में सीए स्टूडेंट्स ग्रुप का दो दिवसीय स्टूडेंट कॉन्फ्रेस तरंग का आयोजन 15 और 16 दिसम्बर को तरंग ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी शामिल होकर सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल होंगे। इसके साथ ही टेक्निकल सेशन भी सम्पन्न होंगे। बैठक में सीए कमल वलेचा, वीसी सीए हेमंत लालवानी, सेक्रेटरी सीए चांदनी आहूजा, सेक्रेटरी यशमान जैन, कोषाध्यक्ष तनिष्क ग्रोवर मौजूद थे।

## ट्रिपल आईटीडीएम : सूचना क्रांति पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन



**जबलपुर, देशबन्धु।** ट्रिपल आईटीडीएम में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 15 दिसम्बर से होगा। आयोजन में ट्रिपल आईटीडीएम के साथ ट्रिपल आईटीएस ग्वालियर, ट्रिपल आईटी इलाहाबाद, ट्रिपल आईटी कांचीपुरम और ट्रिपल आईटी कुरनूल की सहभागिता होगी। कार्यक्रम में शोधकर्ताओं, उद्योग पेशेवरों और शिक्षाविदों द्वारा सूचना से जुड़ी नवीन तकनीकों को शामिल किया जाएगा। सम्मेलन में देश-विदेश के लगभग 90 युवा शोधार्थी और विषय-विशेषज्ञ अपने शोध पत्रों के माध्यम से सूचना एवं संचार के क्षेत्र में की जा रही शोध को प्रस्तुत करेंगे।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 15 दिसम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। अगहन शुक्ल पक्ष तृतीय नक्षत्र-ऊ.भा.**

**मेष**
आज आपके निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे, परंतु ऐसा हो सकता है कि आप जो प्रयत्न कर रहे हैं वे गलत दिशा में हों।

**वृषभ**
अत्यधिक कार्यभार और खान-पान में लापरवाही से आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। समय से भोजन और नींद नहीं लेने के कारण मानसिक रूप से बेचैनी का अनुभव होगा।

**मिथुन**
मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। परिजन, दोस्तों या प्रिय व्यक्ति के साथ बाहर घूमने-फिरने का आयोजन होगा।

**कर्क** - आज का दिन खुशी और सफलता का है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**सिंह**
आज आप शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से काम करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। साहित्य और कला के क्षेत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी।

**कन्या**
आज आपको विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी।

क.

**तुला**
शुभ या धार्मिक अवसरों पर यात्रा प्रवास का आयोजन होगा। भाई-बंधुओं के साथ अच्छे वातावरण में घरेलू मामलों पर चर्चा होगी।

**वृश्चिक**
आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादातर समय चुप रहेंगे, तो पारिवारिक सदस्यों के साथ संघर्ष से बच सकेंगे। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

**धनु**
आज धार्मिक कारणों से कहीं जाना पड़ सकता है। आप निर्धारित कामों को आज पूरा कर सकेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के कारण ताजगी और प्रसन्नता रहेगी।

**मकर**
आज धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों में रुचि रहने से व्यस्तता रहेगी तथा उनके पीछे खर्च भी होगा। कोर्ट-कचहरी से संबंधित काम सामने आएंगे।

**कुंभ**
नए काम को आज शुरू कर देंगे। नौकरी धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय होगी। दोस्तों, खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ होगा।

**मीन**
आपके लिए आज का दिन शुभफलदायक है। काम की सफलता और उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपके उत्साह को दोगुना करेंगे।

मा.

## ऊर्जा उत्सव हुनर का 18 दिसम्बर को मानस भवन में होगा आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्पेशल चाईल्ड की प्रतिभा और उनके हुनर को निखारने के लिए ऊर्जा उत्सव हुनर का आयोजन ऊर्जा पावर विद इन अस संगठन के द्वारा आगामी 18 दिसम्बर को मानस भवन किया जा रहा है। मंच पर स्पेशल चाईल्ड अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां और कला का प्रदर्शन कर अपना हुनर पेश करेंगे। इस आशय की जानकारी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान ऊर्जा पावर विद इन अस संगठन की अध्यक्ष अर्चना शुक्ला दीक्षित द्वारा दी गई । उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों को संस्था द्वारा मंच प्रदान करने के लिए ऊर्जा उत्सव हुनर का कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन 18 दिसम्बर को मानस भवन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने संस्था के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि ऊर्जा, एक सामाजिक संगठन है, इसके माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने और विशेष रूप दिव्यांग व स्पेशल चाईल्ड को हर संभव मदद के लिए संकल्पित है। इसी कड़ी के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के प्रोत्साहन के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि उन्हें मंच प्रदान कर समाज में उनके प्रति जागरूकता और सम्मान बढ़ाना व दिव्यांग बच्चों को भी आम बच्चों की तरह अधिक से अधिक मौके प्रदान करना है। पत्रकार वार्ता के दौरान काजल तलरेजा, पारूल अग्रवाल, दिव्या दिवाकर, पल्लवी पाठक, सुरभि मिश्रा, शीतल गुप्ता आदि मौजूद रहीं।



## समन्वय सेवा केन्द्र में साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के प्रवचन आज से आरम्भ

**जबलपुर,देशबन्धु।** आदि शंकराचार्य चौक स्थित समन्वय सेवा केन्द्र में समन्वय साधना प्रवचन माला सत्संग का त्रिदिवसीय आयोजन आज से आरम्भ हो रहा है। समन्वय परिवार के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कैलाश गुप्ता और कार्यक्रम के प्रभारी अर्पित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया समन्वय साधना प्रवचन माला के कम में आज से 17 दिसम्बर तक सायं 6.30 बजे से ब्रहर्षि बावरा मिशन आश्रम की संचालिका साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के आध्यामिक प्रवचन आयोजित है। इस पुनीत अवसर पर महामण्डलेश वर स्वामी अखिलेशरानंद गिरी और स्वामी परिपूर्णानंद गिरी उपस्थित रहेंगे। समन्वय परिवार के डॉ जितेन्द्र जामदार, गणेश नारायण पुरोहित, हेमंत मोढ़, डॉ. पवन स्थापक, प्रकाश अग्रवाल, रविन्द्र राठी, उमाकांत मालवीय, सुधीर बुधरानी, रामवीर सिंह सोलंकी, उमेश पिल्ले, राजेन्द्रमघरिया, डॉ राजेन्द्रनेमा, अजय सिंह बघेल, शिवशंकर दुबे, पवन खेड़ा, भोला साहू, सीके द्विवेदी, के के सुहाने, सुनील देशपाण्डे और कमल सिंह कुशवाहा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## महंगाई राहत पेंशनर्स को जुलाई से दी जाए और धारा 49 को समाप्त किया जाए : पेंशनर्स

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा ने अपनी विज्ञप्ति में बताया है कि केन्द्र के समान महंगाई राहत मप्र के सभी पेंशनर्स को जावे। मप्र के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव को समस्त पेंशनर्स ने उनकी जीत तथा भाजपा के समस्त जीते विधायकों को भी बधाई देते हुए सीएम मप्र से अपील की गई कि वर्तमान

में मप्र तथा छग दोनों में ही प्रसन्नता की लहर है। पेंशनर्स की बहुत ही पुरानी मांग जिसमें शासन का एक पैसा भी खर्च नहीं होना वह धारा 49 को समाप्त करने के आदेश मप्र एवं छग दोनों में ही समान सरकार होने के कारण धारा 49 को अब तुरंत समाप्त किया जावे। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा जबलपुर के अध्यक्ष नरेश उपाध्याय, संभागीय अध्यक्ष व्ही पी शुक्ला, आर.के. प्यासी, डॉ अरूण पाण्डेय, प्रेम वल्लभ शर्मा, आर एल पाण्डेय, डीडी शर्मा, गुलाब कोरी, एन पी निगम, ओमशंकर शुक्ला आदि ने पुनश्च सीएम मप्र एवं छग से अपील की है कि अत्याधिक महंगाई को देखते हुए पेंशनर्स को 4 प्रतिशत महंगाई राहत दिये जाने कीतुरंत आदेश जारी हो ताकि पेंशनर्स के बीच लोकसभा चुनाव के पूर्व प्रसन्नता का वातावरण जागृत हो सके।

## शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में संगीत संध्या कार्यक्रम सम्पन्न

**जबलपुर,देशबन्धु।** विगत दिवस श्री राधे कराओके संगीत क्लब एवं रेणुका म्यूजिक एकाडमी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अगर तुम ना होते गीत संगीत का कार्यक्रम शहीद प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में आयोजित किया गया। जिसमें गायकों ने एक से बड़कर एक पुराने तथा नये गीतों की प्रस्तुतियाँ जिसमें आलोक वर्मा मेरा प्यार वो है संगीत ठाकुर अली मोरे अंगना, सैमसन जैकब एवं राशि सलारिया पत्ता पत्ता बूटा-बूटा, अखिलेश रजक, तनुश्री का तू मेरे सामने मैं तेरे सामने दिव्या पटवा, तेरे कारण तेरे कारण प्रशांत सोनी, मैं निगाहें तेरे चेहरे से हटाऊ कैसे गीत को खूब सराहा गया। अन्य गायक कलाकार पूजा बाजे, सौरभ दुबे, शोभा खरे, रोहित पटवा, हितेश तेलंगा ने भी अपने गीतों को अच्छी तरह निभाया, इस अवसर पर शहीद स्मारक हॉल में काफी संख्या में श्रोताओं ने संगीत का आनंद लिया।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान



**श्री महेश शर्मा**-शर्मा स्टेशनर्स के संचालक श्री महेश शर्मा का आज शाम 6 बजे निधन हो गया है, वह मनीष शर्मा (बॉबी) के पिताजी एवं मनोज शर्मा के चाचा और सौरभ नाटी शर्मा के बड़े पिताजी थे , जिनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 2 बजे रानीताल मुक्तिधाम के लिए नेपियर टाउन से प्रस्थान करेगी।



**श्रीमती प्रेमाबाई जैन** -साकार उदय तुलसी नगर निवासी श्रीमती प्रेमाबाई जैन का निधन हो गया। वे मुलायम चंद जैन (टेम्पो वाले) की धर्मपत्नी एवं अशोक जैन अधारताल, इंजीनियर प्रदीप जैन पी.के. की माता जी थी। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती टिक्की बाई**- शिवपुरी कजरवारा कटियाघाट रोड निवासी श्री जीत बहादुर थापा की धर्मपत्नी श्रीमती टिक्की बाई (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा कैथवास**- हाउबाग स्टेशन रोड गोरखपुर निवासी श्री सुरेश कैथवास की धर्मपत्नी श्रीमती आशा कैथवास का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सतीश जायसवाल**- बरेला वार्ड नं. 12, निवासी श्री श्याम लाल जायसवाल के पुत्र श्री सतीश जायसवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या बाई डेहरिया**- नब्बे क्वाटर शक्तिनगर पिपलेश्वर मंदिर के पास निवासी श्री कंधी लाल डेहरिया की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई डेहरिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री युगराज ठाकुर**- नेपियर टाउन निवासी श्री सुनील सिंह ठाकुर के पुत्र श्री युगराज सिंह ठाकुर (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रहस्य कली कोल**- श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री रामपाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती रहस्य कली कोल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राधा मोहन झा**- गोरखपुर अनगढ़ महावीर मंदिर के पास निवासी श्री राधा मोहन झा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसीराम बेन**- रामपुर बेन मोहल्ला आजाद चौक निवासी श्री तुलसीराम बेन (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम तीरथ गुप्ता**- घमापुर पानी की टंकी के पास निवासी श्री राम तीरथ गुप्ता (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय श्रीवास**- कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मूलचंद श्रीवास के पुत्र श्री संजय श्रीवास (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रेमजी गांवकर**- बिलहरी निवासी श्री प्रेमजी ग्रांवकर (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केशव सातकुते**- केसरी नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री केशव सातकुते (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# स्कूली छात्रा से दोस्ती कर दो युवकों ने किया दुष्कर्म

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटनाक्रम सामने आया है। यहां पर दो युवकों ने अपने ही क्षेत्र की नाबालिगा से पहले दोस्ती की। उसके बाद बातचीत करते हुये मोबाइल पर उसे पोर्न वीडियो भेजना शुरु कर दिए। स्कूल जाते समय युवकों ने उसका पीछा किया और वेयर हाउस में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। इसके बाद नाबालिगा को ट्रेन में बिठाकर अहमदाबाद भेज दिया। नाबालिगा पुलिस की मदद से जबलपुर पहुंची और परिजनों की मदद से पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं दूसरे को पकड़ने संभावित ठिकानों पर पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

पुलिस को पूछताछ में नाबालिगा ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि वह गांव के राहुल बडगैया व जय दुबे द्वारा स्कूल से आते व जाते वक्त अश्लील कमेंट किया करते थे। एक दिन दोनों ने रास्ते में रोककर बातचीत की और दोस्ती करने के लिए कहा। एक दूसरे को नम्बर भी दे दिए गए। इसके बाद से दोनों ने सोशल मीडिया पर अश्लील मैसेज व वीडियो भेजना शुरु कर दिया। 9 दिसंबर की सुबह 7 बजे नाबालिगा स्कूल जाने के लिए घर से निकली तो रास्ते में दोनों ने रोक लिया और बातचीत करने का कहकर वेयर हाउस ले गए। जहां पर उसके साथ कुकृत्य किया। यहां तक कि दोनों ने धमकी दी, कि इस बात की जानकारी किसी को दी तो जान से मार देंगे। दहशत के कारण नाबालिगा ने भी परिजनों को कोई जानकारी नहीं दी। 10 दिसम्बर को नाबालिगा को मां ने मोबाइल फोन पर चैटिंग करते हुए देख लिया। जिसपर मां ने बुरी तरह पीटा। 11 दिसम्बर को नाबालिगा जब स्कूल जाने के लिए निकली तो जय ने रोककर बातचीत करना चाहा, लेकिन नाबालिगा ने मना कर दिया। इसके बाद जय ने अहमदबाद चलने के लिए कहा और रेलवे स्टेशन ले गया। जहां पर उसने नाबालिगा को यह कहकर ट्रेन में बैठा दिया कि अहमदाबाद में राहुल मिल जाएगा। इधर नाबालिगा के घर न लौटने से परिजन चिंतित हो गए, उन्होंने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने थाना पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी। 12 दिसम्बर को नाबालिगा अहमदाबाद स्टेशन पहुंच गई, लेकिन राहुल नहीं मिला। स्टेशन पर एक व्यक्ति से अनुरोध कर फोन लिया और राहुल को कॉल किया, लेकिन उसने बात नहीं की। इधर से उधर भटक रही नाबालिगा को पुलिस ने रोककर बातचीत की तो उसने घटनाक्रम के बारे में बताया। इसके बाद जबलपुर पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी जय को तलाश कर हिरासत में ले लिया है। वहीं दूसरे आरोपी राहुल को पकड़ने पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## मोबाइल पर भेजते थे अश्लील वीडियो, ट्रेन में बैठाकर किशोरी को अहमदाबाद भेजा

# शराब की तस्करी करते युवक गिरफ्तार, 350 पाव देशी शराब बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने पाने में पुलिस प्रशासन नाकामयाब ही रहा है। पिछले कुछ माह में पुलिस ने लगभग सभी थाना क्षेत्रों में शराब, गांजा व नशीले इंजेक्शनों के तस्करों को दबोचा है। लेकिन फिर भी पुलिस का डर इन अवैध कारोबारियों को नहीं है और लगातार शराब व मादक पदार्थों की तस्करी शहर में की जा रही है।

इतना ही नहीं अन्य जिलों व राज्यों से भी मादक पदार्थ शहरों में खपाने के लिये अलग-अलग माध्यमों से लाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में गोरखपुर थाना अंतर्गत महर्षि विद्या मंदिर के बाजू में पड़े खाली मैदान से पुलिस ने एक युवक को बोरी में भरकर अवैध शराब लिये खड़े हुये पकड़ा है। जिसके पास से करीब 350 पाव देशी शराब भी बरामद की गई। इस संबंध में गोरखपुर थाना प्रभारी एम.डी. नागोतिया ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि सोनी पासी इंद्रानगर का महर्षि विद्या मंदिर के बगल से खाली मैदान में सफेद रंग की 2 बोरियों में बड़ी मात्रा में अवैध शराब लिये खड़ा है।

पुलिस ने तत्काल सूचना पर महर्षि स्कूल के बाजू स्थित मैदान पर दबिश दी। जहां एक युवक पुलिस को देखकर अपने कब्जे में रखी बोरियों को छोड़कर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम सोनी पासी उम 34 वर्ष निवासी इंद्रानगर गोरखपुर बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह बोरियों में 350 पाव देशी शराब रखे मिला। जिसे जप्त करते हुये पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# पश्चिम विधानसभा भाजपा कार्यकर्ता बैठक आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी पश्चिम विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक कल शुक्रवार 15 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे से पश्चिम चुनाव कार्यालय नागपाल गार्डन, मदनमहल चौक में आयोजित की गई है। बैठक में पश्चिम विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक श्री राकेश सिंह कार्यकर्ताओ के अथक परिश्रम से मिली जीत के कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त करेंगे।

# भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम




**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय के हिन्दी विभाग ने भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। हिन्दी विभाग की प्राध्यापक स्मृति शुक्ला ने तमिल भाषा के मशहूर कवि सुब्रमण्यम भारती के बारे में बताया। उन्हें तमिल शैली का जनक माना जाता है, उन्होंने पत्रकारिता में भी अमूल्य योगदान दिया। संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पृथा बैनर्जी ने बांग्ला भाषा की जानकारी दी। उन्होंने बांग्ला में गीत भी गया। मुख्य वक्ता डॉ. शांता राव ने बताया कि मेरी मातृभाषा कन्नड़ है। उन्होंने भी कन्नड़ की विशेषताऐं बताई और कन्नड़ में गीत भी गया। अर्थशास्त्र की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जेके गुजराल ने बताया कि पंजाबी दो लिपियों में लिखी जाती है, गुरूमुखी और शाहमुखी। बीए द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्रा न्यूमो ने अरूणाचल प्रदेश की अपनी मातृभाषा में बात रखी और गीत भी गाया। अध्यक्षीय उदबोधन में डॉ. ब्रहमानंद त्रिपाठी ने बुंदेली, अवधी और संस्कृत भाषा की जानकारी दी। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. उज्जवला खारपाटे के मार्गदर्शन में किया गया। संचालन डॉ. बलीराम अहिरवार ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक डॉ नीना उपाध्याय, विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ मनोज प्रियदर्शनी, डॉ. सपना चौहान, डॉ. इंद्र सिंह बरकड़े, सुनील दुबे, डॉ. अभिषेक कोस्टा, डॉ.शोभना पांडे, डॉ. बरूण राव बंसोड़कर, डॉ. अर्चना चतुर्वेदी, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. मोनिका बबेले और सविता कुमारी मौजूद थीं।

# तीन थाना क्षेत्रों में जुआफड़ों पर पुलिस का छापा, 14 जुआरी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में एक बार फिर फड़बाज सक्रिय हो गये हैं। शहरी और ग्रामीण इलाकों में जुआफड़ जमने लगे हैं। जिसमें दूर दराज से खिलाड़ी आ रहे हैं और बड़े दाव लगाये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में पुलिस ने बेलबाग, हनुमानताल व खमरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआफड़ों पर छापा मारकर दर्जन भर से अधिक जुआरियों को दबोचा है। इस संबंध में बेलबाग थाना में बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि शिव मंदिर पान बाजार के पास गुरंदी में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने तत्काल शिव मंदिर पान बाजार के पास छापा मार दिया। जहां कुछ जुआरी जुआ खेलते दिखे जो पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। जुआरियों ने अपने नाम क्रमशः आर्यन सोनकर, बबुआ सोनकर दोनों निवासी बड़ी ओमती भरतीपुर, रोहन उर्फ सत्यम रजक निवासी कंचनपुर अधारताल बताये। जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के पत्ते एवं 3 हजार 440 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है।

## मदार टेकरी में जुआरी पकड़े गये

हनुमानताल थाना में बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि बड़ी मदार टेकरी नाले के ऊपर कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने सूचना पर तत्काल मौके पर दबिश दी। जहां कुछ जुआरी ताश जुआ खेलते दिखे, जो पुलिस को देखकर भागने भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में जिन्होंने अपने नाम मुरारी सतनामी निवासी पानी की टंकी के पास गोहलपुर, काशी चौधरी निवासी बड़ी मदार टेकरी, राहुल जाटव निवासी सिंधी केम्प, देवराज चक्रवर्ती निवासी कुम्हार मोहल्ला हनुमानताल, राजा चक्रवर्ती निवासी बड़ी मदार टेकरी, भोला प्रजापति निवासी सिंधी केम्प, सचिन चक्रवर्ती निवासी बड़ी मदार टेकरी हनुमानताल बताये। पुलिस ने जुआरियों से ताश नगदी जप्त करते हुये अपराध दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार खमरिया थाना पुलिस ने मेहगवां में दबिश देते हुये रोहित यादव एवं अन्य 3 को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने जुआरियों से ताश की गड्डी व नगदी बरामद की है व सभी जुआरियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# बरगी में मोटर सायकिल की भिड़ंत, दो घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी थाना में देर रात लगभग 1 बजे राजेन्द्र करपे उम्र 38 वर्ष निवासी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बेटा योगेश कुमार करपे अपने दोस्त शिवम तिवारी के साथ दोनों मोटर सायकिल से बरगी डेम घूमने आये थे। डेम घूमकर शाम को वापस अपने घर जबलपुर आ रहे थे मोटर सायकिल शिवम तिवारी चला रहा था। शाम लगभग 5-30 बजे टेमर पुल के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एमयू 9636 के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये पीछे से शिवम तिवारी की मोटर सायकिल में टक्कर मार दिया, जिससे दोनों गिर गये जिससे उसके बेटे योगेश कुमार एंव शिवम तिवारी को हाथ में चोटें आ गयी। दुर्घटना करने वाली मोटर सायकिल के चालक ने दोनों का इलाज कराने का बोलकर एक प्राईवेट वाहन में दोनों को बैठाकर जबलपुर भेज दिया एवं अपनी मोटर सायकिल से बरगी तरफ चला गया। शिवम तिवारी ने उसे फोन पर घटना की जानकारी दी। उसने दोनों घायलों को उपचार के लिये एमएच अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन द्वारा जबलपुर की मासिक बैठक हरिशंकर परसाई भवन में आज शुक्रवार को सायं 4 बजे होगी। जिसमें कोर्ट केस से संबंधित सभी जानकारियां से सदस्यों को अवगत कराया जायेगा। इसके लिये बैठक में उपस्थिति की अपील कार्यकारी अध्यक्ष एच एल जांगड़े, महामंत्री डीके सिंह एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने सभी सदस्यों ने की है। इस मौके पर हरजीवन विश्वकर्मा, एच एल जागड़े, दिनेश चौरे, आर बी शाह, टीके रायघटक, केदार दुबे, आर आर दुबे, विनायक राव सोरते, एसके श्रीवास्तव, नंदलाल कोष्ठा, एसके झा, अब्दुल रहमान, अर्जुन कुमार, टीके रायघटक, एके स्थापक, लखन लाल प्रजापति, एन पी सिंह, प्रीतम यादव, एस बोस, नरेश कुमार नेमा, कामता प्रसाद, शंकर लाल विनोदिया, अजय सिंह ठाकुर, चन्द्रशेखर शर्मा, एससी जैन, केपी दुबे, रामगोविंद पांडे, राजेन्द्र रजक, बिन्द्रा प्रसाद बड़गैया, नरसिंहदास सोनकर, ओपी शुक्ला, नंदकिशोर सोनकर, एम एल अग्रवाल, घनश्याम सोनकर, रामचन्द्र कुरूप, प्रभात गिरी, रमाकांत कटियार, सुभाष सोनी, श्याम सुंदर स्वामी, इमरत लाल सोनी आदि मौजूद रहे।

# दालों की कीमतों में गिरावट, चावल में तेजी का दौर



**जबलपुर, देशबन्धु।** तुअर की नई फसल आने और दलहनों में नरमी के चलते दालों की कीमतों में इन दिनों गिरावट का रूख बना हुआ है। विशेषकर राहर दाल के थोक दाम 10 से 15 रूपये किलो तक घट चुके हैं। इसके अलावा चना और मसूर दाल 1 से 2 रूपये और उड़द व मूंग दाल में 5 से 7 रूपये किलो की गिरावट बताई जा रही है। इसके विपरीत धान के महंगे होने से चावलों की कीमत तेज हो रही है।

थोक गल्ला बाजार में जहां महीन चावलों के दामों में 5 से 10 रूपये किलो तक की तेजी आ चुकी है वहीं मोटे चावलों में 2 से 3 रूपये किलो की तेजी आ चुकी है। महीन चावलों में 50 से 52 रूपये किलो तक बिकने वाला चावल अब 60 से 62 रूपये किलो के ऊंचे भाव पर बिकने लगा है। दूसरी तरफ राहर दाल एवरेज के थोक भाव घटकर 120-130 रूपये किलो रह गए हैं। जबकि एक्स्ट्रा बोल्ड फाईन के भाव घटकर 160-170 रूपये किलो तक आ रहे हैं। चना दाल एवरेज के भाव 73-75 एवं मार्का के भाव घटकर 75-76 रूपये किलो रह गए हैं। व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक अरहर दाल की नई फसल की आवक जनवरी माह से शुरू हो जाएगी, इस बार पैदावार अधिक होने के अनुमान लगाए जा रहे हैं। इसके चलते अरहर दाल की कीमतों में गिरावट का दौर शुरू हो गया है।

वहीं खबर यह भी आ रही है कि सरकार ने मटर में आयात शुल्क घटा दिया है वहीं काबली चना और दालों में भी आयात शुल्क घटाने पर सरकार विचार कर रही है। इससे भी गिरावट को बल मिल रहा है। जबकि छत्तीसगढ़ में धान के दाम बढ़ाये जाने की घोषणा से चावलों की कीमतें तेज हो रही हैं वहीं खुले बाजार में भी धान की कीमतें तेज होने लगी है। 3000-3100 रूपये क्विंटल तक बिकने वाली धान अब 3600 से लेकर 3800 रूपये प्रति क्विंटल की ऊंचाई पर पहुंच गई है। यही वजह है कि चावलों की कीमतों में तेजी आ रही है।

# प्राथमिक शिक्षकों की भर्तियां याचिका के निर्णय के अधीन




## ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को अनारक्षित वर्ग में परिवर्तन कर नियुक्तियां देने का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती के मामले में जवाब तलब किया है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले में पूछा है कि किन नियमों के तहत ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को अनारक्षित वर्ग में परिवर्तित कर ट्रायबल विभाग में पदस्थापना दी जा रही है। एकलपीठ ने मामले में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, ट्रायबल वेलफेयर विभाग के प्रमुख सचिव व आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही भर्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन भी कर दिया है।

सागर निवासी अमन दुबे व अन्य की ओर से यह मामले दायर किये गये है। जिसमें कहा गया है कि संवैधानिक प्रावधानों को दरकिनार करते हुए पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत के अनुसार ईडब्ल्यूएस वर्ग के हजारों अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रक्रिया के बिना अनारक्षित वर्ग में परिवर्तित कर ट्रायबल विभाग में पदस्थापना दी जा रही है। ये अभ्यर्थी मेरिट में अव्वल आए हैं। नियमानुसार इन अभ्यर्थियों को उनकी च्वाइस के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ किया जाना था। आवेदकों की ओर से कहा गया कि पूर्व में हाईकोर्ट ने इन मामलों को निराकृत कर आदेश दिए थे कि याचिकाकर्ताओं को उनकी च्वाइस फिलिंग के अनुसार नियुक्ति दें। आयुक्त डीपीआई ने अन्य मामले का हवाला देकर ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को उनकी च्वाइस फिलिंग के अनुसार पदस्थापना देने से इनकार कर दिया। इसलिए दोबारा हाईकोर्ट में याचिका दायर करनी पड़ी। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर और विनायक शाह ने पक्ष रखा।

## रुपयों के लेनदेन पर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

### चार सहयोगी आरोपियों को दो-दो साल की सजा व जुर्माना

**जबलपुर, देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नंदेश्वर की अदालत ने रुपयों के लेनदेन में एक युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने मामले के मुख्य आरोपी चंदन उर्फ संतोष दिवाकर को आजीवन कारावास व बारह हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। वहीं सहयोगी आरोपी हिमांशु, बबल उर्फ सुजीत सिंह चौहान व मेंगो उर्फ योगेश शर्मा को दो-दो साल की सजा व दो हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। वहीं एक अन्य आरोपी चंद्रकांत ओझा को अदालत ने पांच साल के सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 14 फरवरी को पीटर उर्फ प्रशांत तिवारी अपनी एक्टिवा लेकर निकला और फिर वापस नहीं आया। जिसकी परिजनों ने तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। जिसके बाद परिजनों सिविल लाईन थाने में 15 फरवरी को पीटर उर्फ प्रशांत की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी। पुलिस को जांच दौरान मृतक पीटर उर्फ प्रशांत तिवारी की एक्टिवा प्रेमसागर मरघटाई टेकरी के पास लावारिस हालत में मिली। जिसके बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी चंदन उर्फ संतोष दिवाकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### गोली मारी, सेप्टिक टैंक में फेंकी लाश-

पूछताछ में आरोपी चंदन ने पुलिस को बताया कि रुपयो के लेनदेन को लेकर 14 फरवरी की मध्यरात्रि वह मृतक पीटर उर्फ प्रशांत के साथ बंगाली होटल के पीछे गया। जहां विवाद होने पर चंदन ने पीटर की कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद चंदन ने अपने साथी बबल उर्फ सुजीत चौहान, हिमांशु यादव को बुलाया। इसके बाद पीटर के शरीर से कपड़े व समस्त सामान हटाकर उसकी लाश को रेलवे कॉलोनी के सेप्टिक टैंक में फेंक दी थी।

### योगेश व चंद्रकांत ने भी किया था सहयोग-

अदालत को बताया गया कि वारदात के दिन आरोपी योगेश शर्मा व चंद्रकांत झा ने भी सहयोग किया था। आरोपियों ने लाश को ठिकाने लगाने में सहयोग करते हुए पिस्टल के खाली खोखो को सेप्टिक टैंक में फेंककर साक्ष्य विलोपित किये थे। सुनवाई पश्चात् अदालत ने पांचों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजय कुमार जैन व विशेष लोक अभियोजक कृष्णगोपाल तिवारी ने पक्ष रखा।

## मारपीट करने वाले चार आरोपियों को एक-एक साल की सजा

### जेएमएफसी कोर्ट ने चारों पर जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री सपना कनोडिया की अदालत ने बेसबाल के डंडे से मारपीट करने वाले चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी धर्मेन्द्र उपाध्याय, पुन्नुलाल, दिनेश उर्फविजय कोरी, रवि चक्रवर्ती को एक-एक साल के सश्रम कारावास व एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बता गया कि आरोपी धर्मेन्द्र उपाध्याय, पुन्नुलाल, दिनेश उर्फविजय कोरी व रवि चक्रवर्ती 11 अक्टूबर 2011 की शाम सात बजे के लगभग आकाश काछी को घर से बुलाकर ले गये। इसके बाद चारों ने उसके साथ बेसबाल के डंडे से मारपीट की। जिसकी शिकायत रांझी थाने में दर्ज करायी गई थी। सुनवाई पश्चात् अदालत ने चारों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं जयवीर सिंह यादव ने पक्ष रखा।

# कृषि विश्वविद्यालय गंभीर आर्थिक संकट में, वेतन-पेंशन न मिलने से कर्मी आक्रोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय इन दिनों गंभीर आर्थिक सकंट में है। जिसके कारण सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मियों को न तो वेतन और न ही पेंशन भुगतान कर पा रहा। इस स्थिति के लिए प्रदेश शासन जिम्मेदार है, जो कभी भी विवि द्वारा प्रस्तावित बजट के आधार पर मिलने वाली अनुदान की राशि में अनावश्यक कटौती कर देने के कारण विगत चार महिनों से विवि में वित्तीय संकट की स्थिति बनी हुई है। न तो वेतन, न तो पेंशन सेवानिवृत्त को मिलने वाली भविष्य निधि ग्रेज्यूटी एवं अन्य भुगतान में महिनों से लंबित पड़े हैं। फलस्वरूप कर्मचारियों एवं पेंशनर्स में बहुत असंतोष है। पैसों के अभाव में विवि के शैक्षणिक अनुसंधानिक, प्रशासनिक व्यवस्था बुरी तहर से ठप्प है इस पूरी स्थिति से राज्य शासन को जनप्रतिनिधियों को अनेकों बार ज्ञापन देकर अवगत भी कराया गया। किन्तु चार महिनों से स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है पेंशनर एसोसिएशन के आरके प्यासी, सियाराम विश्वकर्मा, आरपी केवट, डीडी शर्मा, आर एल पाण्डेय, एके कश्यप, एम एस सिंह, एस के रजक, एस के पटेल, आदि ने विवि के कुलपति से वेतन पेंशन के मामलों पर चर्चा भी की क्तिु पैसों के मामलों पर प्रदेश सरकार से चर्चा करने कुलपति ने आश्वासन दिया है।

# महंगाई राहत पेंशनर्स को जुलाई से धारा 49 को समाप्त किया जाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा ने अपनी विज्ञप्ति में बताया है कि केन्द्र के समान महंगाई राहत मप्र के सभी पेंशनर्स को जाये। मप्र के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव को समस्त पेंशनर्स ने उनकी जीत तथा भाजपा के समस्त जीते विधायकों को भी बधाई देते हुए सीएम मप्र से अपील की गई कि वर्तमान में मप्र तथा छग दोनों में ही प्रसन्नता की लहर है। पेंशनर्स की बहुत ही पुरानी मांग जिसमें शासन का एक पैसा भी खर्च नहीं होना वह धारा 49 को समाप्त करने के आदेश मप्र एवं छग दोनों में ही समान सरकार होने के कारण धारा 49 को अब तुरंत समाप्त किया जाये। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा जबलपुर के अध्यक्ष नरेश उपाध्याय, संभागीय अध्यक्ष व्हीपी शुक्ला, आर.के. प्यासी, डॉ. अरूण पाण्डेय, प्रेम वल्लभ शर्मा, आर एल पाण्डेय, डीडी शर्मा, गुलाब कोरी, एन पी निगम, ओमशंकर शुक्ला आदि ने पुनश्च सीएम मप्र एवं छग से अपील की है कि अत्याधिक महंगाई को देखते हुए पेंशनर्स को 4 प्रतिशत महंगाई राहत दिये जाने की तुरंत आदेश जारी हो, ताकि पेंशनर्स के बीच लोकसभा चुनाव के पूर्व प्रसन्नता का वातावरण जागृत हो सके।

# बरनू तिराहे की बेशकीमती शासकीय भूमि पर भू-माफिया का कब्जा

## अतिक्रमण हटाने की मांग

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** समीपी ग्राम पंचायत हृदय नगर के पोषक ग्राम धमधा स्थित बरनू तिराहे की बेशकीमती शासकीय भूमि पर भू-माफिया लगातार काबिज होते जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में आने वाले समय में शासकीय योजनाओं को संचालित करने एवं उनके लिए कार्यालय भवन आंगनवाड़ी सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र विद्यालय महाविद्यालय एवं खेल मैदान आदि बनाने के लिए भूमि नहीं बचेगी। स्थानीय प्रशासन सरपंच सचिव ने बताया कि प्रशासन को सारी जानकारी होने के बावजूद भी आज तक स्थानीय राजस्व प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने दर्जनों शिकायतों के साथ अवैध अतिक्रमण करने वालों की सूची भी तहसीलदार सिहोरा को सौंपी है! मगर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

**अवैध प्लाटिंग का खेल जारी**-अवैध प्लाटिंग कर कब्जे का खेल जारी है!ह्ल भू माफिया बड़ी चालाकी से स्थानीय लोगों से पहले शासकीय भूमि पर कब्जा करवाते में किसी चुनौती से कम नहीं है।

**दलाल काट रहे चांदी**-स्थानीय लोगों का कहना है कि आसपास के ग्राम के कुछ दलाल इस काम में सक्रिय रूप से सरकारी जमीन की खरीद फरोख्त में लगे हैं! यह लोग सरकारी जमीनों पर कब्जा करके खुद का घर बनाने वाले जरूरतमंद लोगों को अच्छी कीमत में प्लाट बेचकर चांदी काट रहे हैं, वही जरूरतमंद लोगों के लिए घर बनाने को दो गज जमीन नहीं है! इनके कब्जे सबसे ज्यादा, हृदय नगर एवं आसपास के गांव के लोगों ने बरनू तिराहे पर कब्जा कर मकान बना रखे हैं साथ ही कुछ कब्जाधारियों ने उन मकानों को किराए पर दे रखा है, जिससे उन्हें अच्छी खासी आमदनी हो रही है!



**एनएच-30 से मुआवजा ले फिर भी काबिज**-वहीं कुछ कब्जाधारियों ने 2013 में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से कब्जे की जमीन का मोटा मुआवजा लेने के बावजूद फिर से कब्जे करके दुकान एवं व्यावसाय हो रहा है! ऐसा ही एक मामला पटवारी पूर्व सरपंच के रिश्तेदार नरेंद्र राय उर्फ नंदू पिता किशोरी राय ने अपने रिश्तेदार पूर्व सरपंच की शह पर क्षेत्र में जगह-जगह शासकीय भूमि पर कब्जा कर प्लाट बना रखे हैं! यही नहीं उक्त भू-माफिया ने मोहल्ले के लोगों का निकलना दूभर कर दिया है ! उक्त भू-माफिया के बीच रास्ते में साथ भविष्य में होने वाली विपदाओं से भी सामना करना पड़ेगा! क्योंकि नरेंद्र राय के बीच रास्ते में तारबाड़ी कर रास्ता रोकने से मोहल्ले के अंदर जहां आवागमन बेहद संकरा हो गया है! वहीं भविष्य में मोहल्ले के अंदर जीवन रक्षक वाहन एंबुलेंस दमकल एवं डायल हंड्रेड आदि नहीं पहुंच सकेंगी, साथ ही मोहल्ले से अंधेरे में देर-सवेर आने जाने वाले नौकरी पेशा मेहनतकश मजदूर किसान छात्र-छात्राएं तार बाड़ी में फंसकर जख्मी हो रहे! क्षेत्र के वीरेंद्र काछी अल्ताफ मंसूरी अशोक वाल्मीकि सुनील चौधरी नवीन सिंह रामचरण चौधरी राममिलन रजक शमशुन मंसूरी आरती कोरी अनीता कोरी आदि ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की है!

# सड़क दुर्घटना में स्कूल की दो छात्राओं की मौत

## मैहर के नादन क्षेत्र में हुई दुर्घटना





**मैहर, देशबन्धु।** नादन थाना क्षेत्र के ग्राम बरहिया ब्रिज के पास गुरुवार को हुए सड़क हादसे में दो छात्राओं की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के वक्त मौके पर मौजूद रहे लोगों ने बताया कि तीन लड़कियां परीक्षा देने के बाद अपनी साइड में साईकिल से नादन की तरफ से जा रही थीं। तभी पीछे वाली लड़की के साईकिल में ट्रक से टक्कर लगी। साईकिल फंसी तो लड़की को घसीटते ट्रक चालक चलता रहा। दूसरी लड़की जो बीच में थी उसे भी अपनी चपेट में ट्रक ने ले लिया। दोनों लड़कियां काफी दूर तक फंसी गई। जिससे दोनों की मौत हो गई। तीसरी लड़की जो आगे थी, वह गांव की रोड की तरफ उतर गई थी। इसकी वजह से वह बच गई। लोगों को ट्रक वाले ने देखकर ट्रक को वहां पर ना रोका और सीधे मैहर की तरफ भगा। मृत छात्राओं में पूजा पिता राम विश्वास और लक्ष्मी पिता हीरालाल प्रजापति हैं। दोनों छात्राएं बड़हिया की हैं। दोनों 12वीं क्लास की छात्रा थीं और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नादान से परीक्षा देकर अपने घर जा रही थी।

## सार-समाचार

### मुफ्ती-ए-आज़म मध्य प्रदेश का इस्तकबाल कर मुबारकबाद दी

**शहपुरा, देशबन्धु।** मुफ्ती-ए-आज़म मध्य प्रदेश का इस्तकबाल कर मुबारकबाद दी। नए नियुक्त हजरत डॉ. मुशहिद रजा साहब को मुबारकबाद पेश की। इस दौरान मंसूरी समाज प्रदेश अध्यक्ष जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष एडवोकेट सलामुद्दीन साहब, हसनी हुसैनी सोसायटी शहपुरा अध्यक्ष इंजी. शेख़ शाहिद सिकेट्री, कांग्रेस नेता नुरूल्हा खां मो. कलीम खां, असलम भाई, आशिक चाचा, समीर खान, मोनू आदि मौजूद थे।

### संजना बाई राजभर बनी कार्यवाहक सरपंच

**गोसलपुर, देशबन्धु।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत झांसी में निर्वाचित सरपंच प्रहलाद राम उपाध्याय की मृत्यु के पश्चात जनपद पंचायत सिहोरा से झांसी ग्राम पंचायत में कार्यवाहक सरपंच का निर्वाचन कराने के आदेशानुसार बुधवार को ग्राम पंचायत झांसी में चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त पीसीओ इमरत सिंह सचिव अनिल यादव के द्वारा विधिवत वैधानिक प्रक्रिया को अपनाते हुये चुनाव संपन्न करते हुए उपस्थित 11 पंचों की सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत झांसी के वार्ड नंबर 12 से महिला पंच श्रीमती संजना बाई राजभर पति संतोष राजभर को एक मतेन होकर सर्वसम्मति से निर्विरोध कार्यवाहक सरपंच चुना गया।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**गोसलपुर, देशबन्धु।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत घाट सिमरिया के पंचायत भवन में आज शुक्रवार को देवजी नेत्रालय डॉक्टर पवन स्थापक की टीम के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ लेने की अपील जनपद पंचायत सिहोरा अध्यक्ष श्रीमती रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री सरपंच ज्योति सुनील कुमार सचिव सुदामा तिवारी ने अपील की है।

### डोमिनोज कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

**रीवा, देशबन्धु।** शहर में बीती रात पैदल जा रहे हैं एक शख्स को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। वाहन की चपेट में आए शख्स की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक शहर में संचालित डोमिनोज कंपनी की दुकान का कर्मचारी बताया गया है। देर रात हुई घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है, तो वहीं घटनाकारित करने वाले अज्ञात वाहन के संबंध में पता लगाया जा रहा है। सड़क हादसे की यह घटना बुधवार की रात शहर के समान थाना क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां डोमिनोज की दुकान बंद होने के बाद घर जा रहे कर्मचारियों को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मारते हुए कुचल दिया। अचानक हुए इस हादसे के दौरान वाहन की चपेट में आए शख्स की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक की पहचान सेमरिया के ग्राम गोदहा निवासी उग्रसेन पटेल के रूप में की गई है। देर रात हुए इस सड़क हादसे में दुर्घटना कारित करने वाले वाहन की पहचान अब तक नहीं हो पाई है।

### औढ़ेरा में बिना अनुमति खेत से काटे जा रहे सरई के वृक्ष

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत औढ़ेरा में निवास करने वाले बैगा जनजाति समाज के ग्रामीण के खेतों में लगे तीन सरई के वृक्षों की कटाई बगैर किसी अनुमति के दिनदहाड़े मशीनों से व्यवसाय हेतु काट दिए जाने पर ग्रामीण एवं ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा अनूपपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत औढ़ेरा के सरपंच श्यामबाई पति जयपाल सिंह ने बताया कि औढ़ेरा गांव के वार्ड नंबर 1 कठेवाटोला निवासी तेरसू बैगा पिता घसिया बैगा के राजस्व भूमि के खेत में प्राकृतिक तौर पर सरई के वृक्ष लगे हुए हैं, जिन्हें जमुडी के लकड़ी व्यवसायी द्वारा बगैर किसी विभाग की अनुमति के बैगा जनजाति समाज के ग्रामीणों को पैसों का लालच देकर मनमाने तौर पर हरे वृक्षों की कटाई की जा रही है। विगत 12 दिसंबर को जमुडी के एक लकड़ी व्यवसायी द्वारा बगैर किसी विभाग की अनुमति के 40 फिट उंचाई एवं दो घन मीटर मोटाई के 3 सरई के वृक्षों की दिनदहाड़े अवैधानिक रूप से कटाई कर दी, इसके पूर्व भी ग्राम पंचायत के कुछ बैगा जनजातीय समाज के ग्रामीण के खेतों में लगी विभिन्न प्रजाति के हरे वृक्षों की कटाई एवं परिवहन किया जा चुका है।



# यमदूत बने डम्पर की चपेट में आए दो दोस्तों की दर्दनाक मौत

## बाइक पर निकले थे बाजार के लिए, करहैया मोड़ के पास बेलगाम भागते डम्पर ने कुचला

**कटनी, देशबन्धु।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेलगाम डम्पर ने दो युवकों को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक दोस्त थे और बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। तभी बिलहरी चौकी के पास करहैया मोड़ के पास यमदूत बनकर आए ट्रक ने उनको कुचलकर मौत की नींद सुला दिया। ट्रक के नीचे आने से दोनों युवक इतनी बुरी तरह से कुचल गए थे कि देखने वालों तक के रोंगटे खड़े हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों शवों को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामला कायम करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।




जानकारी अनुसार ग्राम हथकुरी में रहने वाला अजय यादव पिता जगदीश यादव (30 वर्ष) अपने दोस्त मगरधा निवासी मिलाप सिंह पिता त्रिलोक सिंह (35 वर्ष) के साथ बाइक पर सवार होकर खरीददारी करने के लिए बाजार के लिए निकला था। दोपहर 12 बजे के लगभग जैसे ही वो बाजार के पास हथकुरी मोड़ पर पहुंचे तभी कटनी की तरफ से आ रहे बेलगाम डम्पर क्रमांक एमपी 20 जेडएच 1523 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवकों को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे इतना भयानक था कि डम्पर की टक्कर के बाद दोनों दोस्तों के परखचे उड़ गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा पंच नामा के बाद शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

**हथकुरी और मगरधा में शोक**

घटना की जानकारी लगते ही हथकुरी निवासी अजय तथा मगरधा निवासी मिलाप सिंह के गांव में शोक का माहौल बन गया। किसी को यकीन ही नहीं हो रहा था कि दोनों की सड़क हादसे में जान चली गई है। जैसे ही हादसे की खबर गांव तक पहुंची पूरे गांव के लोग घरों से निकल आए। इस दौरान मृतक के परिजनों को मुआवजा प्रदान करने की मांग भी की गयी। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए थे।

# इस साल भी शुरु नहीं हो पाई 223 करोड़ की सिंचाई परियोजना



**उमरियापान, देशबन्धु।** उमरियापान एवं ढीमरखेडा क्षेत्र के 96 गांवों के खेतों तक पानी पहुंचाने की 223 करोड रूपये लागत की माइक्रो लिफ्ट एरीगेशन योजना इस साल भी शुरु नहीं हो पाई। 2019 में पूरी होने वाली यह परियोजना चार साल बाद 2023 में भी अधूरी पडी है। जानकारी अनुसार ढीमरखेड़ा के कई गांवों में पानी का संकट हर समय बरकरार रहता है। ऐसे में माइको उद्वहन सिंचाई परियोजना से किसानों को काफी उम्मीद है। किसानों को हर साल पानी का सपना दिखाया जाता है पर यह सपना अब तक अधूरा ही है। किसानों का कहना है कि यदि समय-सीमा में काम पूरा हो जाता तो क्षेत्र के किसान उन्नत तरीके से खेती करके आय बढ़ाते जिस रफ्तार से परियोजना का काम चल रहा है उसे देखते हुए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। गौरतलब है ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के 96 गांवों में खेतों तक नर्मदा का पानी पहुंचाने के लिए 120 किलोमीटर पाइपलाइन के माध्यम से करीब 11419 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई का लक्ष्य रखा गया है। नर्मदा दांयी तट नहर में पंप हाउस स्थापित कर मशीनों के माध्यम से पानी को लिफ्ट कर पाइपों के माध्यम से खेतों तक पहुंचाने की योजना है। प्रोजेक्ट में 1.1 मीटर व्यास से लेकर 0.3 मीटर व्यास की पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। इस परियोजना में 6.85 मेगावाट क्षमता के विद्युत पंप स्थापित करना, चार स्थानों पर पंप हाउस का निर्माण शामिल हैं। पम्पों से पांच हजार लीटर पानी प्रति सेकेंड सप्लाई किया जाना है। माइको उद्वहन परियोजना का निर्माण चार जोन में किया जा रहा है।

# रिश्वत लेते एसडीएम कार्यालय के लिपिक को किया गिरफ्तार

**रीवा, देशबन्धु।** लोकायुक्त पुलिस ने मनगवां एसडीएम कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 (आफिस कानूनगो) को पांच हजार की रिश्वत लेते हुए गुरुवार को गिरफ्तार किया है। पटवारी के स्थानान्तण को लेकर दस हजार रूपये की रिश्वत मांगी थी। एसडीएम कार्यालय में पांच हजार लेते हुए पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पटवारी हल्का पिपराव के पटवारी रामबहोर कोल निवासी गोरगी तहसील गुढ़ ने लोकायुक्त एसपी गोपाल सिंह धाकड़ से मिलकर शिकायत की थी. जिसमें बताया था कि स्थानान्तरण के लिये एसडीएम कार्यालय मनगवां में आवेदन दिया था. जहां कानूनगो विनोद कुमार द्विवेदी सहायक ग्रेड-3 द्वारा स्थानान्तरण करवाने के एवज में दस हजार की रिश्वत मांगी गई है. शिकायत की जांच कराई गई, जिसमें शिकायत सही पाई गई. एसपी के निर्देश में आरोपी को रंगे हाथ पकडने की योजना बनाई गई. शिकायकर्ता पटवारी गुरूवार की शाम पांच हजार की रिश्वत लेकर आरोपी कानूनगो को देने एसडीएम कार्यालय पहुंचा. जहां पैसा लेने के साथ ही लोकायुक्त की टीम ने आरोपी को दबोच लिया. दो हजार रूपये पूर्व में लिये जा चुके थे।

# शीतलहर के थपेड़ों से दिनरात चुभी ठंड, ढिठुरे लोग

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** हाड़कपाऊ ठण्ड की जोरदार आगाज में फिर से वापसी हुई है।दिनभर व शाम से रात्रि में भी हाड़कपाऊ ठण्ड से लोग ठिठुर गए। कोहरा का साथ मिला तो हाड़कंपा देने वाली ठंड का सितम बढ़ गया। कोहरा छटने के बाद खिली धूप ने भी ठंड के सामने मत्था टेक दिया। दिनभर चल रही बर्फीली हवा व गलन से तापमान लुढ़का तो लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। बावजूद इसके ग्राम पंचायत गांधीग्राम, देवनगर, हृदयनगर, धरमपुरा, कुसनेर, मोहनियाआदि स्थानों में ठंड के समय लोग सुबह व शाम के समय अत्यधिक परेशान नजर आए।



हाड़कंपाऊ ठंड से बाहर निकले लोगों का शरीर काँपा जा रहा था। ठिठुरन बढ़ा देने वाली गलन से लोग कांपते रहे।सुबह से ही ठंड में इजाफा हो गया। कोहरा का साया देख वाहन चालक लाइट जलाकर गंतव्य की तरफ बढ़ते रहे। संपन्न लोग तो गर्म कपड़ों में लिपटकर रूम हीटर व अलाव तापकर ठंड से राहत महसूस कर रहे हैं, लेकिन गरीबों व मजदूरों के बच्चे भयंकर ठंड में फटे-पुराने कपड़ों में लिपटे कंपकंपाते नजर आ रहे हैं। मलिन बस्तियों में अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सर्द हवा के बीच गरीब ठंड से ठिठुर रहे हैं। शीतलहर में बाइक चला रहे लोगों का हाथ-पैर सुन्न हो जा रहा है।सूर्यास्त होते ही गलन और इतनी अधिक तेज बढ़ रही है कि लोग घरों में कैद हो जा रहे हैं। बिस्तरों में दुबके लोगों का शरीर भी ठंडा पड़ जा रहा है।धूप निकलने के कुछ समय बाद थोड़ी राहत जरूरी मिली लेकिन शाम ढलते ही सर्द हवा ने फिर अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। ठंड से बच्चों व वृद्धों की दिक्कतें काफी बढ़ गई है।

**ठंड का असर बच्चों की सेहत पर**-वर्तमान समय मे शीतलहर के साथ बर्फीली ठंड से बच्चे कांप गए। शीतलहर के कारण अत्यधिक ठंड पड़ रही हैं।आगामी दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

**घरों की दीवारें व फर्श ठंडे**-इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान समय में बर्फीली ठंड की वजह से रात्रि में ओस रूपी बर्फ गिरने से घरों की छत के साथ साथ दीवारें व फर्श बर्फ के समान रहते हैं।

**ठंड का असर बच्चों की सेहत पर** - ठंड की अधिकता की वजह से बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।गाँवो में गरीब परिवारों के बच्चे जिनके पास ऊनी स्वेटर और गर्म कपड़े आदि की व्यवस्था नहीं है।अधिक ठंड की वजह से देखा गया है कि अधिकांश बच्चों को सर्दी,जुकाम इत्यादि की परेशानियां भी हो रही है।

# हाईवे पर ब्लैक स्पॉट पर विभाग की नजर नहीं, बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 जबलपुर रीवा फोर लाइन सड़क मार्ग के जबलपुर सिहोरा हाईवे पर गांधीग्राम से सिहोरा के बीच दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। विभाग दुर्घटना संभावित क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट) को दूर करने की जहमत नहीं उठा रहा है। अगर सिर्फ गांधीग्राम से सिहोरा सड़क हाइवे की बात करें तो कई संभावित क्षेत्र हैं। यहां सड़क हादसे होने की मुख्य वजह ऐसी जगह पर नवनिर्मित फोरलेन सड़क मार्ग पर सड़क पर गहरी दरार,गहरे स्क्रेच, साइड रोड में गेफ लाइटिंग की कमी व स्पीड ब्रेकर का नहीं होना है। इनमें जल्द सुधार करने की जरूरत है ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। जबकि न तो हाईवे सुरक्षित हैं और न ही संपर्क मार्ग। पिछले कुछ महीनो में केवल दरार भरने के काम किए गए या उक्त स्पॉट को अलग कर बनाया गया है परन्तु अभी भी बहुत स्थानों पर बड़ी दरारें है।





**आमजनों की दरकार ब्लैकस्पॉट को सुधारें**- सड़क हादसों के कारणों को दूर करने आमजन,राहगीरों, वाहन चालकों की दरकार तो है।परन्तु उच्चाधिकारी कारणों को दूर करने के निर्देश देते हैं, लेकिन निचले स्तर पर इनकी पालना नहीं हो रही है। कार्रवाई एक-दूसरे विभाग को पत्र लिखने तक सिमट जाती है। सड़कों पर मिट्टी के पैदल पार पथ की वजह से लोगों को परेशानियां हो रही हैं। पेट्रोल पंपों के नजदीक अक्सर जान जोखिम में डाल लोग तेज रफ्तार ट्रैफिक के बीच सड़क पार करते दिख जाते है । इस दिशा में जवाबदार ध्यान नही दे रहे है। ऐसी स्थिति में रात के समय सड़क हादसों की संभावना में क्रमशः इजाफा हो रहा है।

**साइड रोड व पटरियों में गेफ**-एलएनटी द्वारा फोरलेन सड़क किनारे के ग्रामों में जहां तिराहा व चौराहे थे।वहाँ पर फोरलेन सड़क मार्ग से सटाकर डामर की सड़क फोरलेन से मिलाने बनाई है, उक्त सीमेंट रोड व डामर रोड में लंबे गेफ आने की वजह से जब गाड़ियां गुजरती है तो लहरा जाती हैं और अनियंत्रित होकर यहां वहां घुसकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं इस प्रकार के ब्लैक स्पॉट गांधीग्राम, कुशनेर, रामपुर, गोसलपुर, जुझारी, घाटसिमरिया व पहरेवा नाका आदि स्थानों में देखे जा सकते हैं।

## ये हैं ब्लैक स्पॉट

* गांधीग्राम से गोसलपुर के बीच फोरलेन सड़क पर मोहनियां तिराहा,गांधीग्राम,रामपुर,धमधा,स्टेशन तिराहा, जुझारी स्थानों पर सड़क वा पटरी में लम्बे गैफ हैं साथ ही लम्बी दरारें हैं।कई स्थानों पर रोड कटी-फटी है।जिन पर गेफ क्रमशः बढ़ता जा रहा है।

* पटरी पर भारयुक्त वाहनों के दबाव के कारण मिट्टी युक्त पटरियों व सड़क में 5 से 6 इंच के गहरे गेफ हो गए हैं दिन व रात्रि के समय यहां से वाहन गुजरते समय अचानक लहरा जाते हैं और दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर पड़ते हैं।

## भारतीय मूल की डेटा वैज्ञानिक ने ब्रिटेन का शीर्ष रेल पुरस्कार जीता

**लंदन।** भारतीय मूल की एक डेटा वैज्ञानिक को अपने कार्यक्षेत्र में असाधारण कौशल, दृढ़ता और पेशेवर उपलब्धि प्रदर्शित करने के लिए ब्रिटेन में 2023 रेलस्टाफ अवार्ड्स में न्यूकमर ऑफ द ईयर नामित किया गया है। महाराष्ट्र में जन्मीं 26 वर्षीय स्मितल ढाके जुलाई 2022 में रेल क्षेत्र में शामिल हुईं। वह ब्रिटेन और आयरलैंड में नई ट्रेनें और ट्रेन सेवा प्रदाताओं की प्रमुख आपूर्तिकर्ता कंपनी एल्सटॉम की पहली और एकमात्र डेटा वैज्ञानिक हैं। ढाके ने कहा, यह पुरस्कार मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह मुझे कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित करेगा, और मुझे उम्मीद है कि यह उन अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा जो उद्योग में नए हैं। मैं वास्तव में उन सभी के लिए आभारी हूं जिन्होंने मेरी यात्रा में मेरी मदद की है। मुझे अद्भुत गुरु, सहकर्मी और प्रबंधक मिले। मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। बर्मिंघम में हाल ही में एक समारोह में घोषित इस पुरस्कार का उद्देश्य उन व्यक्तियों के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देना है जो रेल में नए हैं या जिन्होंने करियर में बदलाव करके प्रशिक्षु बनने का विकल्प चुना है।

# पुतिन के लिए यूक्रेन होगा क्रिसमस गिफ्ट, जेलेंस्की से मिलने के बाद बाइडेन ने क्यों कहा ऐसा

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को दो महीनों में तीन साल पूरे हो जाएंगे। करीब 90 फीसदी सैनिकों के मारे जाने और आधे से अधिक टैंक बर्बाद होने के बावजूद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को हड़पने की चाह अभी तक खत्म नहीं की है। इस महायुद्ध में अमेरिका समेत कई यूरोपीय देश फ्रंटफुट पर यूक्रेन को मदद कर रहे हैं। इन्हीं मदद के दम पर यूक्रेन की सेना रूस पर भारी पड़ रही है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडोमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। बाइडेन ने यूक्रेन को मदद जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका पीछे हटा तो पुतिन के लिए यह क्रिसमस गिफ्ट होगा। बता दें कि अमेरिका यूक्रेन को अभी तक 1100 मिलियन डॉलर की मदद कर चुका है। हालांकि यूक्रेन को मदद भेजना अमेरिका के लिए उतना आसान नहीं है। अमेरिका में अंदरखाने यूक्रेन को लेकर दो राय है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के सर्वोच्च नेता वलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की और कहा कि अगर कांग्रेस कीव के लिए नई सैन्य सहायता पारित करने में विफल रहती है तो यह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए एक क्रिसमस उपहार जैसा होगा। इस दौरान बाइडेन ने ऐलान किया कि अमेरिका नई सहायता के तहत यूक्रेन को 60 मिलियन डॉलर की मदद करेगा। हालांकि उन्होंने संदेह जताया कि कुछ अमेरिकी सांसद इस मदद का विरोध कर रहे हैं। व्हाइट हाउस में एक उच्च-स्तरीय बैठक में बाइडेन और ज़ेलेंस्की ने रूसी आक्रामकता के खिलाफ फिर संयुक्त मुहिम का आह्वान किया।

**कौन सांसद कर रहे मदद का विरोध**



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का कहना है कि वे यूक्रेन को मदद करना चाहते हैं लेकिन, रिपब्लिकन पार्टी के सांसद नहीं चाहते कि अब यूक्रेन को और मदद की जाए। व्हाइट हाउस के मुताबिक, रिपब्लिकन पार्टी के सांसद अमेरिकी सीमाओं पर सुरक्षा मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।

उनका कहना है कि पैसा यूक्रेन को देने के बजाय सीमा को मजबूत करने में की जाए। दरअसल, विपक्षी सांसदों को संदेह है कि इजरायल-हमास और यूक्रेन-रूस युद्ध में अमेरिका की भूमिका के बाद देश की सुरक्षा को बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

**अमेरिकी मदद के भरोसे यूक्रेन**

रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध में अमेरिकी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही है। अमेरिका पहले से ही रूस का प्रबल विरोधी रहा है। अब क्योंकि फरवरी 2021 से रूस यूक्रेन के खिलाफ जंग शुरू कर चुका है। अमेरिका ने खुले तौर पर यूक्रेन को अपना समर्थन दिया है। आर्थिक मदद के अलावा सैन्य सहायता से अमेरिका रूस को लगातार झटके दे रहा है। अमेरिकी मदद के भरोसे ही यूक्रेन इतने वक्त तक रूस के खिलाफ खड़ा है और मजबूती से युद्ध लड़ रहा है। अब अगर यूक्रेन को अमेरिकी मदद नहीं मिलती है तो युद्ध में यूक्रेन को बड़ी क्षति हो सकती है। ऐसी रिपोर्ट है कि अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन युद्ध में ज्यादा नहीं टिक पाएगा। रूस को इसी का इंतजार है। उधर, बाइडेन के यूक्रेन को सैन्य मदद भेजना इतना आसान नहीं है, क्योंकि इसके लिए सरकार को संसद में प्रस्ताव पास कराना होगा और बिना विपक्षी समर्थन के ऐसा काफी मुश्किल है। यही वजह है कि यूरोप के सैकड़ों सांसदों ने पत्र लिखकर रिपब्लिकन सांसदों से अपील की है कि अमेरिकी मदद रुकनी नहीं चाहिए। यूरोपीय सांसदों ने आशंका जताई है कि अगर रूस यूक्रेन में अपनी योजना पूरी करने में कामयाब रहा तो आने वाले वक्त में यूरोप के अन्य देशों पर भी रूसी हमले का खतरा बढ़ जाएगा।

**रूस ने एक रात में दागे 42 ड्रोन और 6 मिसाइलें**

यूक्रेन और रूस में चल रहे युद्ध के बीच कीव ने ताजा बयान में कहा कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 42 ड्रोन और 6 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणालियों ने 41 ड्रोन नष्ट कर दिए, लेकिन मलबे ने इमारतों, गोदामों को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही दक्षिणी क्षेत्रों में हमले से 11 लोग घायल हो गए।

## आज का इतिहास

1749–छत्रपति शिवाजी के पोते शाहू की मौत हुई।
1803–ईस्ट इंडिया कंपनी ने उड़ीसा (अब ओडिशा) पर क़ब्ज़ा किया।
1911–बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी सोसाइटी की स्थापना हुई।
1916–प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वेरदून में हुई लड़ाई में फ्रांस ने जर्मनी को हराया।
1917–मोलदावियन गणराज्य ने रूस से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
1950–भारत के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का निधन।
1953–भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें सत्र की प्रथम महिला अध्यक्ष चुनी गई।
1965–बंगलादेश में गंगा नदी के तट पर आये चक्रवात में 15,000 लोगों की मौत हुई।
1970–पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेन्दु अधिकारी का जन्म।
1976–भारत के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक बाइचुंग भूटिया का जन्म।
1991–जाने माने फिल्म निर्माता सत्यजीत रे सिनेमा जगत में उनकी उपलब्धियों के लिए स्पेशल ऑस्कर से नवाजा गया।
1993–जेनेवा में गैट (व्यापार एवं तटकर पर आम अहमति) विश्व व्यापार समझौते पर 126 देशों द्वारा हस्ताक्षर।

## सुडोकू 6406

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | | | | | | |
| | 4 | 6 | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 8 | | | | |
| 5 | | | 7 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | 2 | | 4 | 1 | | |
| 4 | | 1 | | | 8 | | | 7 |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| | | | | | 3 | 9 | 5 | |
| | | | | | | 7 | 4 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## लेबनान-इज़रायल सीमा पर संघर्ष में तीन हिज़्बुल्लाह आतंकवादी मारे गए

**बेरूत, (आईएएनएस)।** दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती इलाकों में इजरायली हवाई हमलों में तीन हिजबुल्लाह आतंकवादी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। एक सैन्य सूत्र ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्र ने कहा कि दक्षिण-पूर्वी गांव कफ्र किला में एक घर को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दक्षिणी शहर येटर में एक घर को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में दो अन्य की मौत हो गई और चौथा घायल हो गया। सैन्य सूत्र ने बताया कि लेबनान से उत्तरी इज़रायल की ओर मिसाइलों के तीन बैच दागे गए जिन्हें इज़रायली आयरन डोम ने रोक दिया। इस बीच, ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने घोषणा की कि उसके आतंकवादियों ने दक्षिण-पश्चिमी लेबनान में दो इजरायली स्थलों पर हमला किया है। लेबनानी-इज़रायली सीमा पर तनाव तब शुरू हुआ जब हिजबुल्लाह ने पिछले दिन इज़रायल के खिलाफ हमास के आश्चर्यजनक हमले के समर्थन में 8 अक्टूबर को रॉकेट दागे। जवाब में, इज़रायली सेना ने दक्षिणपूर्वी लेबनान पर भारी गोलाबारी की। हिजबुल्लाह और इसरायल के बीच झड़प में 150 लोग मारे गए हैं। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, पीड़ितों में 104 हिजबुल्लाह आतंकवादी, एक लेबनानी सैनिक, अमल मूवमेंट का एक सदस्य, 16 हमास और इस्लामिक जिहाद आतंकवादी और तीन पत्रकारों सहित 28 नागरिक शामिल हैं।

## सीरिया में इजरायली हमलों में 36 लोग मारे गए

**दमिश्क, (आईएएनएस)।** 7 अक्टूबर को गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह से जुड़े सीरियाई सैन्य स्थलों पर इजरायली हमलों में 36 लोग मारे गए हैं। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा, मृतकों में 14 सीरियाई सैनिक, 17 हिजबुल्लाह आतंकवादी, 2 ईरानी क्रांतिकारी गार्ड, 2 नागरिक और 1 सरकार समर्थक सेनानी शामिल हैं। ऑब्जर्वेटरी के अनुसार, इस अवधि के दौरान इज़रायल ने सीरिया पर 33 बार हमला किया, जिसमें हथियार डिपो और वाहनों सहित 48 लक्ष्यों को नष्ट कर दिया गया। अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चार बम विस्फोट हुए और दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो हमले हुए, जिसके कारण इसका परिचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। ऑब्जर्वेटरी के अनुसार, अक्टूबर की शुरुआत से हुए हमलों के कारण 2023 की शुरुआत से सीरिया पर इजरायली हमलों की कुल संख्या 66 हो गई है। जिसमें 45 हवाई हमले और 21 जमीनी हमले शामिल हैं। इन हमलों में सीरिया में 114 सैन्यकर्मी मारे गए और 130 अन्य घायल हो गए।

## गाजा युद्ध में एक और इजरायली सैनिक की मौत

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा में एक और सैनिक की मौत की घोषणा की। जमीनी हमला शुरू होने के बाद मारे गए इजरायली सैनिकों की कुल संख्या अब 116 हो गई है। सेना ने बुधवार को मारे गए सैनिक की पहचान मास्टर सार्जेंट एलीशा लोवेनस्टर्न (38) के रूप में की है। वह हाइफ़ा जिले के हरीश शहर का रहने वाला था।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष ने बातचीत से सुरक्षा परिषद सुधार पर गतिरोध दूर करने का किया आग्रह

**संयुक्त राष्ट्र, (आईएएनएस)।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने विश्व निकाय के सदस्यों से बातचीत के जरिए सुरक्षा परिषद सुधार पर गतिरोध को दूर करने की अपील की है। सुरक्षा परिषद रिफॉर्म पर ग्लोबल साउथ थिंक टैंक के एक सम्मेलन में उन्होंने बुधवार को कहा, दुनिया भर में संघर्ष फैल रहा है, ऐसे में सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। ऐसा माना जाता है कि परिषद अपने मैंडेट को पूरा नहीं कर रही है। परिणामस्वरूप, पूरे संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता खतरे में है। हमें एक ऐसी परिषद की आवश्यकता है जो अधिक संतुलित, अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, अधिक उत्तरदायी, अधिक लोकतांत्रिक और अधिक पारदर्शी हो। यूएनजीए प्रमुख ने कहा कि सुधार लाने के लिए, सदस्य देशों को बातचीत से मुद्दे का समाधान ढूंढना होगा। हमारा उद्देश्य सतत गतिरोध से आगे बढ़ने के तरीके ढूंढना और/या बनाना होना चाहिए। गोलमेज सम्मेलन का आयोजन एल – 69 द्वारा किया गया था, जो भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन के सहयोग से सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करने वाले दुनिया भर के 30 से अधिक देशों का एक समूह है। भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने परिषद की वर्तमान संरचना को कालभ्रमित बताया जो पिछले दशकों में अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आए बदलावों के अनुकूल ढलने में विफल रही है। उन्होंने कहा, सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता में ग्लोबल नॉर्थ के देशों की प्रधानता है, इसे बदलना होगा। परिषद को न केवल विस्तार करना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करते हुए लोकतंत्रीकरण भी करना चाहिए कि गैर-स्थायी सदस्यों की भी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका हो।

उन्होंने कहा, हम ग्लोबल साउथ का प्रतिनिधित्व करते हैं, हमारी मांग केवल प्रतिनिधित्व के लिए नहीं है बल्कि उन फैसलों में न्यायसंगत भागीदारी के लिए है जो सीधे हमारे क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। ऑस्ट्रिया के स्थायी प्रतिनिधि अलेक्जेंडर मार्शचिक, जो परिषद सुधारों के लिए अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) के सह-अध्यक्ष हैं, ने कहा किइस विचार को लेकर काफी समानता है कि सुरक्षा परिषद में ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने की जरूरत ह। सम्मेलन का संचालन करने वाले



ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष समीर सरन ने कहा कि सुधारों पर विचार करते समय, हमें इस बात पर पुनर्विचार करना चाहिए कि महासभा को किस तरह से प्रयास करना चाहिए और परिषद की विकृतियों को सुधारने की क्षमता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में महासभा की भूमिका परिषद के अधीन है, यह एक विसंगति है। उन्होंने कहा, शायद यह ऐसा समय है जब हमें उस नए प्रारूप और उस नए ढांचे को खोजने के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए जो काम करता है। ब्राजील के फंडाकाओ गेटुलियो वर्गास में स्कूल ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस के प्रोफेसर ओलिवर स्टुएनकेल ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करना शायद इस बात का एक अच्छा उदाहरण है कि सुधार कैसे संभव है।

## नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में कनाडाई सिख को 15 साल की सजा, भारत भागा



**टोरंटो, (आईएएनएस)।** कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के एक सिख ट्रक ड्राइवर (60) के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। बताया जाता है कि यह मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में 15 साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद से भारत भाग गया। सरे के राज कुमार मेहमी को नवंबर में कनाडा-अमेरिका प्रशांत राजमार्ग सीमा पार कर ब्रिटिश कोलंबिया में 80 किलोग्राम कोकीन की तस्करी के लिए सजा सुनाई गई थी।


रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने बुधवार को कहा कि मेहमी का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने की कानूनी कार्रवाई के लिए दुनिया भर में कानून प्रवर्तन के अनुरोध के रूप में एक इंटरपोल रेड नोटिस की मांग की जा रही है। मेहमी को शुरू में 6 नवंबर, 2017 को ब्रिटिश कोलंबिया आरसीएमपी द्वारा गिरफ्तार किया गया था, जब कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) ने एक सेमी-ट्रेलर ट्रक के अंदर छिपी हुई कोकीन की 80 सीलबंद ईंटों की खोज की थी। इस जब्ती के समय, कोकीन का थोक मूल्य 3.2 मिलियन डॉलर आंका गया था। 6 सितंबर, 2022 को सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश ने मेहमी को दोनों आरोपों में दोषी पाया, और सजा पर सुनवाई 9 जनवरी, 2023 के लिए निर्धारित की गई थी। आरसीएमपी ने कहा कि 11 अक्टूबर, 2022 को मेहमी वैंकूवर से उड़ान भरने के बाद भारत भाग गया और अगले दिन नई दिल्ली पहुंचा।

16 नवंबर, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे प्रांतीय न्यायालय ने मेहमी को (अनुपस्थिति में) ड्रग्स आयात करने के लिए और ड्रग्स रखने के लिए छह साल की सजा सुनाई। पुलिस ने कहा कि मेहमी का कनाडाई पासपोर्ट जब्त कर लिया गया था और गिरफ्तारी के समय उसका पासपोर्ट कनाडा को सौंप दिया गया था।

## मिस्त्र गाजा को भेजे जाने वाले ईंधन की मात्रा बढ़ाएगा

**काहिरा ।** मिस्त्र इजरायली पक्ष के साथ सहमति के अनुसार गाजा पट्टी को प्रतिदिन भेजे जाने वाले ईंधन की मात्रा 1,29,000 से बढ़ाकर 1,89,000 लीटर करेगा। दीया राशवान ने एक बयान में कहा कि 21 अक्टूबर से 4,057 मानवीय सहायता ट्रक मिस्त्र से राफा सीमा पार के माध्यम से घिरे फिलिस्तीनी एन्क्लेव में भेजे गए हैं। इसमें 3,866 टन चिकित्सा आपूर्ति, 22,799 टन भोजन, 13,936 टन पानी, 5,073 टन अन्य राहत सामग्री, 2,678 टन ईंधन के अलावा 48 एम्बुलेंस और 222 टेंट और तिरपाल के टुकड़े शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, मिस्त्र गाजा में मानवीय सहायता की निरंतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अपने गहन प्रयास जारी रख रहा है।

## वर्ग पहेली 6406




**बायें से दायें:-**

१. इधर-उधर की बातें, गपशप
३. जहर पीना
५. हमेशा
६. वृद्धिकारक
७. बचा-खुचा
९. कलदार
१०. नियमबद्ध करना,
१२. नायाब
१३. यात्रियों का दल (उर्दू)
१४. क़त्ल करने की जगह
१६. निर्माण, सृजन
१८. नीति-विरुद्ध
२०. निषिद्ध, मनाही
२१. झूठ बोलने वाला
२३. किसी कहानी का मूल

**ऊपर से नीचे:-**

१. बुढ़ापा
२. स्वर्णनिर्मित
३. चीरने वाला, दिल दहलाने वाला
४. वर्षा ऋतु
५. निवारण, हल
८. रजामंद होना (मुहावरा)
१०. अवरोध रहित
११. अफसोस, दुख
१२. लाड़-प्यार, स्नेह
१३. वैधानिक (उर्दू)
१४. अधीनस्थ
१५. मुल्तवी, आगे के लिए बढ़ाया
१७. एक प्रसिद्ध पक्षी
१८. वरना
१९. अंधकार
२२. चिराग

## वर्ग पहेली-6405



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# उत्तर प्रदेश-बिहार में क्या पर्ची वाले मुख्यमंत्री डालेंगे असर

■ **अंबरीश कुमार**

**भोपाल,**13 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में भाजपा ने मोहन यादव को मुख्यमंत्री बना दिया तो लोग कहने लगे अब यूपी-बिहार में अहीर भाजपा के साथ चला जाएगा? यह ध्यान रखना चाहिए मुलायम सिंह यादव जैसे कद्दावर नेता बिहार में लालू यादव के गढ़ में कामयाब नहीं हो पाए न शरद यादव उत्तर प्रदेश में कोई चमत्कार दिखा पाए। ये दोनों राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेता रहे और आंदोलन से निकले। दरअसल हर राज्य के जातीय समीकरण और जनाधार वाले नेताओं का चमत्कार भी अलग-अलग होता है इसलिए यह मुगालता पाल लेना ठीक नहीं कि मध्य प्रदेश का यादव नेता यूपी-बिहार में चमत्कार कर देगा। राजनीतिक विश्लेषक मणींद्र मिश्र के कहा, वर्ष 2002 में उत्तर प्रदेश में लालू यादव ने विधानसभा में बहुत से उम्मीदवार उतार दिए और खुद प्रचार करने भी आए पर मुलायम सिंह के आगे उनकी कुछ नहीं चली और वे नाकाम रहे इसलिए एक राज्य की राजनीति को दूसरे राज्य पर रख कर राजनीतिक समीकरण को नहीं समझा जा सकता है। यह एक उदाहरण था पर सभी को पता है बिहार में मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी भी कभी खड़ी नहीं हो पाई क्योंकि बिहार की राजनीति अलग है उनके नेताओं का करिश्मा भी अलग है। मुलायम सिंह यादव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आंदोलन और संघर्ष से निकले नेता रहे

**अहीर मुख्यमंत्री तो बना दिया पर जनाधार कैसे बनेगा**



जिनका राजनीतिक प्रशिक्षण चौधरी चरण सिंह जैसे कद्दावर किसान नेता के दौर में हुआ। यूपी में एक तरफ बसपा के जरिए कॉँसीराम ने दलितों को एकजुट किया तो दूसरी दूसरी तरफ मुलायम ने पिछड़ों को और जब दोनों मिले तो नारा लगा, मिले मुलायम कासीराम-हवा हो गए जय श्री राम।


यह नारा बाद में सपा बसपा को सत्ता में ले आया। यह संदर्भ सिर्फ इसलिए ताकि यूपी में धर्म और राजनीति के घालमेल के बावजूद जातीय समीकरण को समझने में मदद मिले। बार-बार लगातार ये दोनों दल सत्ता में आते रहे तो इन्ही दोनों कद्दावर नेताओं का असर था। इसलिए कागजी नेताओं से खासकर कागज की एक पर्ची पर नाम लिख कर लिफाफे में भेज देने से कोई जमीनी नेता नहीं बन जाता।

यह प्रयोग मोदी ने किया है पर एक जमीनी पिछड़े नेताओ को हाशिये पर लाने के लिए पर किसी भी नेता के सम्मान को ठेस पहुंचाना भारी भी पड़ जाता है। मध्य प्रदेश में कमलनाथ ने अखिलेश वखिलेश कह कर जो बदमजगी पैदा की थी उसने भी पिछड़ों को नाराज कर भाजपा की तरफ धकेल दिया था और आगे बढ़ती कांग्रेस को लेकर बहस दूसरी दिशा में चली गई। इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा। दरअसल अहंकार से राजनीति ज्यादा दूर तक जाती नहीं है और मोदी की तो पूरी राजनीति ही अहंकार पर टिकी हुई है उनके समर्थक और बड़े अहंकारी हो गए है। पांच राज्यों के चुनाव में वोट कांग्रेस का बढ़ा पर अहंकार मोदी का बढ़ा। नतीजा तीन हिंदी भाषी राज्यों में पर्ची वाले मुख्यमंत्री बन गए। लोकतांत्रिक राजनीति की जड़ों में मोदी ने मठ्ठा डाल दिया है। उसके बाद नादान लोग कहने लगे हैं कि पर्ची वाले मुख्यमंत्री की जाति के लोग यूपी बिहार में भाजपा को वोट देंगे। भाजपा को वोट धार्मिक गोलबंदी से ज्यादा मिलता है किसी सामाजिक समीकरण से कम यह समझना चाहिए। इसलिए पर्ची वाले मुख्यमंत्री का असर उसके खुद के राज्य में कितना पड़ेगा यह विचार करें फिर उसका प्रसार यूपी बिहार में करें।

# खेल जगत

## संग्राम सिंह की नजर छह साल बाद पेशेवर कुश्ती में वापसी पर

**नई दिल्ली।** दो बार के कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन संग्राम सिंह 24 फरवरी, 2024 को दुबई में होने वाली दुबई प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप में छह साल बाद पेशेवर कुश्ती में वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आखिरी बार केडी जाधव मेमोरियल इंटरनेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लिया था, जहां उन्होंने केविन रेडफोर्ड जूनियर को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। संग्राम सिंह ने कहा, यह लगभग छह वर्षों के बाद मेरी वापसी के लिए एकदम सही मंच है और मैं फरवरी 2024 में दुबई में प्रदर्शित होने वाली प्रतिस्पर्धा के स्तर की प्रतीक्षा कर रहा हूं। इस लड़ाई का उद्देश्य मुख्य रूप से युवाओं को प्रेरित करना है और दर्शकों को यह बताना है कि यह एक सज्जनों का खेल भी है। खेल और जीवन दोनों में उम्र की कोई बाधा नहीं है और हर कोई किसी भी उम्र में जो कुछ भी ठान लेता है उसे हासिल कर सकता है।



# जर्मनी से हारकर विश्वकप से बाहर हुआ भारत

■ भारत फिर जू. पुरुष हॉकी विश्वकप के सेमीफाइनल में जर्मनी से 1-4 से हारा ■ भारत की जू. टीम को दर्जन भर पेनल्टी कॉर्नर पर गोल न कर पाना भारी पड़ा

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 14 दिसंबर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर सुदीप चिरिमाको की धार व रफ्तार दिखा दागे एक गोल, गोलरक्षक मोहित के आधा दर्जन से ज्यादा बेहतरीन बचावों के बावजूद दर्जन भर पेनल्टी में से एक को गोल में तब्दील न कर पाना भारत को छह बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को भारी पड़ा। स्ट्राइकर बेन हैशबाख के मौकों की भुनाने की बानगी दिखा दागे दो और पॉल ग्लैनडर के दूसरे पेनल्टी कॉर्नर तथा फ्लोरियन स्पर्लिंग के खेल खत्म होने से मात्र दो मिनट पहले दागे बेहतरीन मैदानी गोल की बदौलत इतिहास की सबसे कामयाब टीम जर्मनी की जूनियर टीम ने भारत की जूनियर टीम को लगातार दूसरी बार 4-1 से हरा कुल नौवीं बार फाइनल में स्थान बना लिया। जर्मनी की जूनियर टीम टीम ने मैच में मिले दोनों पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला और यही उसकी सेमीफाइनल में जीत का सबब रहा। शुरू के दो क्वार्टर में भारत और बाद के दो क्वार्टर में जर्मनी की जूनियर टीम हावी रही। जर्मनी की जूनियर टीम ने मौकों को भुनाने की कला की बानगी दिखाते हुए यह अहम सेमीफाइनल जीता। भारत की जूनियर टीम की टीम की जर्मनी से अपने घर में 2021 के संस्करण में सेमीफाइनल में मिली 2-4 की हार का हिसाब चुकता करने की हसरत एक बार फिर अधूरी रही। सुदीप चिरिमाको ने दूसरा क्वार्टर खत्म होने से पांच मिनट पहले जोरदार रिवर्स हिट जमाई लेकिन जमाई लेकिन जर्मनी की जूनियर टीम के गोलरक्षक जोशुआ ओनवेकवुई ननजी ने रोक भारत की जूनियर टीम को बढ़त लेने से रोक दिया। भारत की जूनियर टीम एक बार फिर कांसे के भिड़ेगी।




भारत की जूनियर टीम ने यदि शुरू के दो क्वार्टर में मिले दस में से तीन पेनल्टी कॉर्नर को भी गोल में बदल दिया होता तो वह 1-2 से पिछड़ने के बजाय हाफ टाइम तक कम से 4-2 की बढ़त ले सकती थी ऐसा नहीं हुआ वह एक बार फिर बड़े इम्तिहान में फेल हो गई। 2001 और 2016 की चैंपियन भारत की जूनियर टीम अब एक बार फिर कांसे के लिए भिड़ेगी।भारत की जूनियर टीम की हार में चीफ कोच सीआर कुमार की रणनीति पर सवाल उठेगा क्योंकि उनके पास टीम को मिले दर्जन भर पर पेनल्टी कॉर्नर पर जर्मनी की जूनियर टीम के बचावों के सामने कोई प्लान %बी' नहीं था।

भारत जूनियर टीम की अग्रिम पंक्ति में सुदीप चिरिमाको, सौरभ आनंद कुशवाहा , अरिजित सिंह हुंदल और कप्तान उत्तम सिंह ने शुरू से तेज हमलों की रणनीति अपना कर पहला क्वार्टर में शुरू के दस मिनट में ही जर्मनी के खिलाफ चार पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन इन्हें गोल में तब्दील नहीं कर पाए। बेन हैशबाख ने खेल के रुख के उलट लियाम हॉल्डरमैन और माइकल स्टर्टहाफ के प्रयास पर डी में मिली गेंद को तेजी से फ्लिक कर गोल में जर्मनी को मैच के आठवें मिनट में 1-0 की बढ़त दिला दी। बराबर तेजी से आगे बढ़ कर हमले बोलने वाले आदिवासी स्ट्राइकर सुदीप चिरिमाको ने तीन मिनट बाद डी के भीतर सौरभ आनंद कुशवाहा से मिली गेंद पर रिवर्स हिट से गोल कर भारत को एक-एक की बराबरी दिला दी। सुदीप चिरिमाको और सौरभ ने बराबर दूसरे क्वार्टर में तेज हमले बोले और शुरू में ही भारत की जूनियर टीम को मैच का पांचवां पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन इसे परोक्ष गोल में बदलने की अमनदीन लाकरा की कोशिश नाकाम रही। भारत की जूनियर टीम को दूसरा क्वार्टर खत्म होने से तीन मिनट पहले लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर और मिले लेकिन जर्मनी की जूनियर टीम के रशर ने लगातार रोहित के फ्लिक का कोण भांपकर उन्हें अपने गोल पर शॉट न लेने देकर उनकी अपनी टीम को बढ़त दिलाने की कोशिश नाकाम कर दी। दूसरा क्वार्टर खत्म होने से ठीक मिनट पहले सुनील जोजो की गलती से मिले मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर पीर हिनरिख के शॉट को भारत के गोलरक्षक मोहित ने रोका लेकिन लौटती गेंद को बेन हेशबाख ने संभाल तेज शॉट जमा गोल कर जर्मनी को 2-1 से आगे कर दिया। बस यहीं से सेमीफाइनल में जर्मनी की जूनियर टी मने मैच पर ऐसी पकड़ बनाई कि भारत की जूनियर टीम को सेमीफाइनल में वापसी का कोई मौका ही नहीं मिल पाया। पॉल ग्लैनडर ने तीसरा क्वार्टर खत्म होने से चार मिनट पहले मैच में दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर तेज फ्लिक से गोल में बदल कर जर्मनी की जूनियर टीम को 3-1 से आगे कर उसकी मैच पर मजबूत पकड़ बना दी। भारत की जूनियर टीम को इससे ठीक पहले उत्तम सिंह के प्रयास पर मैच का 11 वां पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस पर बॉबी सिंह धामी के तेज फ्लिक को जर्मनी की जूनियर टीम के गोलरक्षक जोशुआ ओनवेकवुई ननजी से अच्छा पूर्वानुमान लगाते हुए रोक कर बेकार कर दिया और इसके बाद और एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन यह भी बेकार गया। फ्लोरियन स्पर्लिंग के खेल खत्म होने से मात्र दो मिनट पहले हॉकी की कलाकारी दिखा कर बेहतरीन मैदानी गोल कर जर्मनी को 4-1 से आगे कर उसकी जीत और फाइनल में स्थान पक्का कर दिया।

# शमी के द.अफ्रीका में टेस्ट सीरीज खेलने पर सस्पेंस!

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का टखने की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में खेलना अनिश्चित है। 30 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम की घोषणा करते हुए शमी को टेस्ट सीरीज के लिए शामिल किया गया था, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा था कि शमी फिलहाल मेडिकल ट्रीटमेंट से गुजर रहे हैं और उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है।




गुरुवार को क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया कि शमी टेस्ट के लिए चुने गए बाकी खिलाड़ियों के साथ दक्षिण अफ्रीका नहीं जाएंगे। इसमें बताया गया है, कप्तान रोहित शर्मा सहित खिलाड़ियों का आखिरी जत्था शुक्रवार (15 दिसंबर) को जोहान्सबर्ग के लिए रवाना होने वाला है, लेकिन 33 वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज उनमें शामिल नहीं होंगे।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रोहित के अलावा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, नवदीप सैनी और हर्षित राणा शुक्रवार को दुबई के रास्ते दक्षिण अफ्रीका के लिए उड़ान भरेंगे। अब तक, 75 से अधिक पुरुष क्रिकेटर सीनियर पुरुष टीम और भारत ए टीम के लिए दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर हैं।

रिपोर्ट में यह भी गया है कि चयनकर्ताओं ने अभी तक शमी के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है, लेकिन धारणा यह है कि कई खिलाड़ी पहले से ही टी20, वनडे, टेस्ट और ए सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका में हैं। उनमें से एक तेज गेंदबाज को टेस्ट सेट-अप में शामिल किया जा सकता है। इसमें आगे कहा गया, विश्व कप 2023 में अग्रणी विकेट लेने वाले शमी टखने के दर्द से पीड़ित थे और यह पता चला है कि उन्होंने दर्द के बावजूद टूर्नामेंट में गेंदबाजी का कार्यभार संभाला था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के दो टेस्ट 26-30 दिसंबर तक सेंचुरियन में और 3-7 जनवरी, 2024 तक केप टाउन में खेले जाएंगे। यह 2023-2025 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की भारत की दूसरी श्रृंखला है। आखिरी बार भारत ने दक्षिण अफ्रीका में दिसंबर 2021- जनवरी 2022 में टेस्ट सीरीज खेली थी।

उस समय भारत ने सेंचुरियन में पहला टेस्ट जीता था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने जोहान्सबर्ग और केप टाउन में मैच जीतकर वापसी की और अंतत: श्रृंखला पर 2-1 से कब्जा किया।

# रबाडा की चोट से दक्षिण अफ्रीका चिंतित



डरबन। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी गेंदबाज कगिसो रबाडा के चोट से उबरने की मंथर गति से दक्षिण अफ्रीका का टीम प्रबंधन चिंता में है।

रबाडा को विश्व कप के सेमीफ़ाइनल मैच में एड़ी में चोट लगी थी, जिसके कारण वह मैच के अंतिम ओवरों में गेंदबाज़ी नहीं कर पाए थे। मेजबान टीम को 26 दिसंबर से भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृखंला खेलनी है मगर रबाडा की चोट को देखते हुये उनके अंतिम एकादश में शामिल होने को लेकर संशय के बादल मंडरा रहे हैं।

दरअसल, दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम के कप्तान तेम्बा बवूमा और कगिसो रबाडा को लायंस की टीम की तरफ़ से गुरुवार से शुरू हो रहे एक मैच में हिस्सा लेना था, लेकिन लायंस के टीम प्रबंधन ने साफ किया है कि दोनों खिलाड़ी इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लायंस के बयान में कहा गया है कि बवूमा निजी कारणों से इस मैच में हिस्सा नहीं लेंगे और रबाडा की एड़ी में दिक्कत है। क्रिकइंफो के अनुसार अगर रबाडा पूरी तरह से चोट से नहीं उबर पाते हैं तो दक्षिण अफ्रीका के लिए यह बहुत बड़ी चिंता का विषय है। उनके ज़्यादातर फ़्रंटलाइन तेज़ गेंदबाज़ टीम से बाहर हैं। अनरिख़ नॉर्ख़िए पहले से ही पीठ में लगी चोट के कारण टेस्ट सीरीज़ से बाहर हो चुके हैं। वहीं लुंगी एनगिडी को भी टखने में चोट लगी है, जिसके कारण वह टी20 सीरीज़ का हिस्सा नहीं बन पाए थे। दो अन्य तेज़ गेंदबाज़ जेराल्ड कोएत्ज़ी और मार्को यानसन को मौजूदा टी20 सीरीज़ के टीम से भी रिलीज़ कर दिया गया है। साथ ही वे वनडे सीरीज़ में हिस्सा नहीं लेंगे। दोनों तेज़ गेंदबाज़ प्रथम श्रेणी मैचों में हिस्सा लेंगे ताकि वह टेस्ट सीरीज़ के लिए तैयारी कर सकें। बवूमा ने वनडे विश्व कप के सेमीफ़ाइनल के बाद कोई भी मैच नहीं खेला है। 16 नवंबर को हुए उस मैच में भी वह हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे थे।

# इंग्लैंड के खिलाफ भारत की ठोस शुरुआत



**मुबंई।** सतीश शुभा (69),जेमिमाह रॉड्रिग्स (68),यास्तिका भाटिया (66) और दीप्ति शर्मा (60 नाबाद) के शानदार अर्धशतकों की मदद से भारत ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हुये पहले टेस्ट मैच में पहली पारी में सात विकेट खोकर 410 रन बनाये।

डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। स्मृति मंधाना (17) और शेफाली वर्मा (19) के विकेट जल्दी गिरने के बाद क्रीज पर आयी सतीश और जेमिमाह ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई करते हुये टीम के स्कोर को जल्द ही तीन अंकों तक पहुंचा दिया और बाद में अपने अपने अर्धशतकों को पूरा कर लिया। पारी के 33वें ओवर में सोफ़ी एकल्सटन की गेंद पर आउट होने से पहले सतीश अपनी पारी के दौरान 13 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा चुकी थीं।

इंग्लैंड के गेंदबाजों को इसके बाद जल्द ही एक और सफलता जेमिमाह के विकेट के तौर पर मिली मगर दूसरे छोर पर आयी हरमनप्रीत ने नये बल्लेबाज यास्तिका के साथ मिल कर मेहमान क्षेत्ररक्षकों को एक बार फिर व्यस्त कर दिया। हरमनप्रीत दुर्भाग्यशाली तरीके से 49 रन के निजी स्कोर पर रन आउट हुयी। कप्तान के आउट होने से दूसरे छोर पर यास्तिका का भी आत्मविश्वास डगमगाया,नतीजन वे शार्लेट डीन की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गयीं। उन्होने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान 88 गेंदो पर दस चौके और एक छक्का जड़ा।

स्नेह राणा (30) के तौर पर इंग्लैंड को सातवीं सफलता मिली। दिन का खेल खत्म होने के समय दीप्ति शर्मा 60 और पूजा वस्त्रकर चार रन बनाकर क्रीज पर डटी हुयी थी।

# निदा डार बाहर, न्यूजीलैंड के खिलाफ फातिमा को पाकिस्तान की कमान

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में चोटिल हुयी पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान निदा डार दूसरे मैच से बाहर हो गई हैं। निदा की गैरमौजूदगी में तेज गेंदबाज फातिमा सना को पाकिस्तान का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। दूसरा वनडे शुक्रवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेला जायेगा। 22 वर्षीय फातिमा वनडे में पाकिस्तान महिला टीम का नेतृत्व करने वाली 10वीं कप्तान बनेंगी। युवा गेंदबाज खुद चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ हालिया सीरीज में नहीं खेल पाई थी। हालाँकि इससे पहले टी20 श्रृंखला में उन्हें प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ के सम्मान से नवाजा गया था। उन्होंने श्रृंखला में 5.60 की इकॉनमी से छह विकेट लिए थे और पहले टी20 मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। फातिमा ने मैच की पूर्व संध्या पर एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा एकदिवसीय मैचों में पाकिस्तान महिला टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है, हालांकि निदा डार की चोट के कारण परिस्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण हैं। वह एक प्रेरणा रही हैं और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। उन्होने कहा न्यूजीलैंड के खिलाफ हमने ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीती थी और मुझे पता है कि खिलाड़ी वनडे सीरीज में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि पहले वनडे में हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, लेकिन हम कल के खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

फातिमा ने इससे पहले हांगकांग में आयोजित एसीसी महिला इमर्जिंग टीम एशिया कप में पाकिस्तान टीम की कप्तानी की थी। वह घरेलू क्रिकेट में भी कप्तानी कर चुकी हैं। पाकिस्तान को चोटों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है और उसके तीन खिलाड़ी बाहर हैं। निदा के अलावा, डायना बेग को उंगली की चोट के कारण पहले वनडे से ठीक एक दिन पहले श्रृंखला के शेष भाग से बाहर कर दिया गया था जबकि शवाल जुल्फिकार दूसरे टी20 के बाद टीम से बाहर हो गयी थी। तीसरे वनडे के लिए निदा की उपलब्धता अभी तक निर्धारित नहीं की गई है। उन्हें दो दिनों के लिए पूर्ण आराम की सलाह दी गई है। सुजी बेट्स के शानदार शतक के दम पर न्यूजीलैंड ने तीन वनडे मैचों में से पहला मैच 131 रनों के आसान अंतर से जीत लिया। दूसरे वनडे के लिए पाकिस्तान महिला टीमः फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, बिस्माह मारूफ, गुलाम फातिमा, मुनीबा अली (विकेटकीपर), नजीहा अल्वी (विकेटकीपर), नाशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, उम्म-ए-हानी और वहीदा अख्तर।

# मैंने खुद कप्तान बनने की इच्छा जताई थी : नीतीश राणा



**नई दिल्ली।** भारत के बल्लेबाज नीतीश राणा ने कहा कि आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने के प्रयासों में उन्हें टीम प्रबंधन की ओर से पूछे गए कई सवालों के जवाब देने पड़े थे । राणा ने जियो सिनेमा से कहा, मैं पिछले 3-4 वर्षों में टीम का वरिष्ठ सदस्य बन गया था। इस अवधि में मुझे कप्तानी भूमिका मिल गयी थी। इसकी शुरुआत ब्रेंडन मैकुलम ने की थी। वह मुझे हमेशा एक कप्तान की तरह सोचने के लिए प्रोत्साहित करते थे।

नीतीश राणा ने कहा, उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आप खेल को नियंत्रित करेंगे, यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आप जो कहेंगे मैं उसे सुनूंगा। लेकिन कप्तानी क्या होती है इसके बारे में आपको अपना दिमाग सक्रिय रखना होगा। इससे मुझे बहुत मदद मिली। श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में राणा ने अंतत: उस सीज़न में केकेआर की कप्तानी की, जहां टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपनी पूर्व घरेलू टीम दिल्ली का नेतृत्व करने के बाद यह पहली बार था जब राणा ने किसी आईपीएल टीम की कप्तानी की।

आईपीएल 2024 के लिए, राणा अय्यर के उप-कप्तान होंगे, जो दो बार की चैंपियनशिप विजेता टीम का नेतृत्व करने के लिए वापस आएंगे। कप्तान बनने के बाद अपनी मानसिकता के बारे में बात करते हुए बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा, जब मैं बच्चा था तब से मैंने गौतम गंभीर भैया को कप्तान के रूप में देखा है। मैंने कई बड़े खिलाड़ियों को अलग-अलग टीमों की कप्तानी करते देखा है। मैंने इन खिलाड़ियों की हर छोटी-छोटी बात पर गौर किया था। मैंने हमेशा अपनी आंखें और कान खुले रखे।

# पर्थ टेस्ट में शतक लगाकर वार्नर ने आलोचकों को शांत किया

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने गुरुवार को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरुआती दिन गुरूवार को 211 गेंदों पर 164 रन की तूफानी शतकीय पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया है।

37 वर्षीय खिलाड़ी को तिहरे आंकड़े तक पहुंचने के लिए सिर्फ 125 गेंदों की जरूरत थी। अपनी उल्लेखनीय पारी के दौरान, उन्होंने 16 चौके और चार छक्के लगाए, जो उनके करियर का 26वां शतक और जनवरी 2020 के बाद उनका पहला शतक था।

अपनी अविश्वसनीय पारी के दौरान, वार्नर मैथ्यू हेडन और माइकल क्लार्क को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष पांच खिलाड़ियों में शामिल हो गए। सर्वकालिक सूची में, उनके बड़े शतक ने उन्हें धुरंधर सर विव रिचर्ड्स और वीरेंद्र सहवाग से आगे निकलने में मदद की।

वार्नर अब 8651 रनों के साथ ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वालों में पांचवें स्थान पर हैं, वह केवल स्टीव स्मिथ, स्टीव वॉ, एलन बॉर्डर और रिकी पोंटिंग से पीछे हैं।




वार्नर ने पर्थ की सतह पर पहले बल्लेबाजी करने के पैट कमिंस के फैसले को सही ठहराया क्योंकि वह इरादे के साथ उतरे थे। उन्होंने केवल 41 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और उस्मान ख्वाजा के साथ तेज गति से शतकीय साझेदारी की। जबकि उनके साथी अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने के दोषी थे - स्मिथ उस दिन केवल 41 रनों के साथ अगले सर्वोच्च स्कोरर थे - वार्नर ने अपना 26वां टेस्ट शतक बनाया, जिसके बाद उनकी ट्रेडमार्क छलांग और जश्न मनाया।

अपने शतक तक पहुंचने के बाद, 37 वर्षीय को कुछ जीवनदान मिले - पहले, खुर्रम शहजाद ने कैच लेने का मौका गंवा दिया, और फिर सरफराज अहमद स्टंपिंग करने में असफल रहे। वॉर्नर ने रनों का अंबार लगाकर और 150 रन बनाकर पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतने के लिए मजबूर किया।

मेहमान टीम ने आखिरकार शॉर्ट-बॉल रणनीति अपनाकर वार्नर पर बाजी मार ली, जिससे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर दिन का खेल खत्म होने से कुछ ओवर पहले ही डीप में पकड़े गए।

इसके बाद मिचेल मार्श और एलेक्स कैरी ने शेष ओवरों में बिना कोई और झटका दिए ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट पर 346 रन की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन के विस्फोटक कॉलम के बाद टेस्ट टीम में वार्नर की स्थिति सार्वजनिक बहस का विषय बन गई थी।

जॉनसन जॉनसन ने अपने अंतिम ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट समर से पहले वेस्ट ऑस्ट्रेलियन में एक कॉलम के साथ वार्नर पर बहस छेड़ दी, उन्होंने सवाल उठाया कि बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को हीरो की विदाई क्यों मिल रही है, जबकि वह अब भी कुख्यात 2018 गेंद छेड़छाड़ कांड में अपनी भूमिका से मुक्त नहीं हो पाए हैं।

## सार संक्षेप

### श्रेयस की केकेआर में कप्तान के तौर पर वापसी

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में श्रेयस अय्यर कोलकाता नाइड राइडर्स (केकेआर) के कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे। टीम के उपकप्तान की कमान नितीश राणा को सौंपी गयी है। केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वेंकी मैसूर ने गुरुवार को यह ऐलान करते हुये कहा श्रेयस चोट के कारण आईपीएल 2023 के सत्र में नहीं खेल सके थे। हमें खुशी है कि उनकी केकेआर के कप्तान के रूप में वापसी हुई हैं। जिस तरह से उन्होंने अपनी चोट से उबरने के लिए कड़ी मेहनत की है और उसी तरह की फॉर्म उनके पास है और वह इसे प्रदर्शित कर अपना लोहा मनवाएंगे। उन्होंने कहा, हम इस बात के लिए भी आभारी हैं कि नीतीश पिछले सीजन में श्रेयस की जगह लेने के लिए राजी हुए थे और उन्होंने टीम के लिए शानदार काम किया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उप-कप्तान के रूप में नीतीश केकेआर के हित के लिए हर संभव श्रेयस का साथ देंगे। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी मिलने पर कहा, पिछले सीजन में हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें चोट के कारण में टीम का हिस्सा नहीं बन सका था। नितीश ने न केवल मेरी जगह लेने के लिए बल्कि अपने सराहनीय नेतृत्व से बहुत अच्छा काम भी किया। मुझे खुशी है कि केकेआर ने उन्हें उप-कप्तान बनाया है।

### स्पोर्ट्स इंडिया 2023 के 11वें संस्करण की हुई शुरुआत

**नई दिल्ली।** तीन दिवसीय स्पोर्ट्स इंडिया 2023 के 11वें संस्करण की शुरुआत गुरुवार को प्रगति मैदान में हुई। इस प्रदर्शनी में खेल से जुड़े सामान, स्पोर्ट्स वियर, स्पोर्ट्स एक्सेसरीज़, फिटनैस एवं हेल्थ वैलफेयर, रीहेबिलिटेशन उपकरणों, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी, एडवेंचर एवं अम्यूज़मेन्ट प्रोडक्ट्स, स्पोर्ट्स वैलनैस, ब्यूटी, कच्चे माल, स्पोर्ट्स के सामान की मैनुफैक्चरिंग मशीनों, स्पोर्ट्स की दवाओं आदि के बारे में दर्शकों को बताया जाएगा।

## सुडोकू 6406 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 | 4 | 2 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 |

# [ अर्थ जगत

## अमेरिका के केंद्रीय बैंक ने दी राहत, ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव

**नई दिल्ली।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। अमेरिका में वर्तमान में ब्याज दरें बीते 22 वर्षों के अधिकतम स्तर पर पहुंची हुई है। केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने बैंकरों को भी ये संकेत जारी किए हैं कि अगले साल तक ब्याज दरों में कटौती आ सकती है। दुनिया भर के शेयर बाजार के लिए ये राहत की सूचना है। फेडरल रिजर्व ने बुधवार को ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं करने की घोषणा की है।



## महंगाई की मार! सीएनजी गैस के बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** 2023 के खत्म होने से पहले आम आदमी को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी की है। गुरुवार को सबुह-सुबह कंप्रेस्ड नैचुरल गैस यानि सीएनजी के नए दाम जारी किए गए है। यह तीन हफ्तों में दूसरी बार है जब सीएनजीसी की कीमत में इजाफा किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमत में 1 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में सीएनजी के रेट 76.59 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गए हैं। वहीं, नोएडा में सीएनजी 82.20 रुपये प्रति किलो के दाम पर मिलेगी और ग्रेटर नोएडा में इसकी कीमत 81.20 रुपये प्रति किलो हो गई है। नई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। **पहले भी हुई थी बढ़ोतरी**-23 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमत में 1 रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया था, जिसके बाद दिल्ली में सीएनजी के रेट 74.59 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 75.59 रुपये प्रति किलोग्राम हो गए थे। वहीं, नोएडा में 80.20 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 81.20 रुपये प्रति किलोग्राम, ग्रेटर नोएडा में ये 79.20 रुपये से बढ़कर 80.20 रुपये और गाजियाबाद में 79.20 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 80.20 रुपये हो गए थे।

## प्याज और सब्जियों ने बढ़ाई महंगाई, थोक मुद्रास्फीति 8 माह के उच्च स्तर पर

*__नई दिल्ली।__ थोक मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर 0.26 प्रतिशत हो गई। खाद्य पदार्थों, खासकर प्याज तथा सब्जियों की कीमतों में तेज उछाल से इसमें बढ़ोतरी हुई। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। अक्टूबर में यह शून्य से 0.52 प्रतिशत नीचे थी। आखिरी बार मार्च में यह सकारात्मक दायरे में रही थी, तब यह 1.41 प्रतिशत दर्ज की गई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, नवंबर, 2023 में मुद्रास्फीति मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं, खनिजों, मशीनरी व उपकरण, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक व ऑप्टिकल उत्पादों, मोटर वाहनों, अन्य परिवहन उपकरणों और अन्य विनिर्माण वस्तुओं आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण सकारात्मक दायरे में रही। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति नवंबर में 8.18 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर में 2.53 प्रतिशत थी। प्याज में मूल्यवृद्धि की वार्षिक दर नवंबर में बढ़कर 101.24 प्रतिशत हो गई, जो पिछले महीने 62.60 प्रतिशत थी।*



घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और खुदरा बाजार में कीमतों पर अंकुश के लिए सरकार ने पिछले सप्ताह अगले साल मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। सब्जियों की मुद्रास्फीति 10.44 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर में शून्य से नीचे 21.04 प्रतिशत थी। धान और फलों में नवंबर में मुद्रास्फीति क्रमश: 10.44 प्रतिशत और 8.37 प्रतिशत रही। आलू की मूल्यवृद्धि दर शून्य से 27.22 प्रतिशत नीचे रही। विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति नवंबर में शून्य से 0.64, ईंधन व बिजली की मुद्रास्फीति शून्य से 4.61 प्रतिशत नीचे और गैर-खाद्य वस्तुएं की शून्य से 3.20 प्रतिशत नीचे रही। बार्कलेज रिसर्च के अनुसार, थोक खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी खुदरा कीमतों की तुलना में अधिक रहीं। यह दर्शाता है कि थोक विक्रेताओं ने मूल्यवृद्धि का पूरा बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला। इसके चलते दिसंबर में आपूर्ति (विशेष रूप से सब्जियों की) नहीं बढ़ी तो खुदरा खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति में नीति दर रेपो को यथावत रखा था। साथ ही नवंबर और दिसंबर में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने के संकेत दिए थे। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी के कारण खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गई।

## शेयर बाजार झूमा, सेंसेक्स पहली बार 70 हजार के पार, निफ्टी भी नई ऊंचाई पर

*__नई दिल्ली।__ अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों को पूर्व स्तर पर बरकरार रखने का फैसला और साल 2024 में दरों में कटौती के संकेत का असर दुनियाभर के बाजारों पर पड़ा। इसी कड़ी में घरेलू शेयर बाजार भी गुरुवार को जोश में आ गया और नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ।बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई का बेंचमार्क सेंसेक्स गुरुवार को 929.60 अंक की जोरदार मजबूती के साथ 70514.20 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी कारोबार के आखिर में 256.35 अंक की मजबूती के साथ 21182.70 के लेवल पर बंद हुआ।*



**आज के कारोबार में इन स्टॉक्स में हलचल**

कारोबार के दौरान आज इन्फ्रा, एनर्जी, मेटल और ऑटो स्टॉक्स में उछाल देखा गया। यहां तक कि आज आईटी इंडेक्स 20 महीने की ऊंचाई पर बंद हुआ। मिड कैप, निफ्टी बैंक भी रिकॉर्ड लेवल पर बंद हुआ।

मनी कंट्रोल की खबर के मुताबिक, आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 शेयरों में हरे निशान में कारोबार हुआ। इनमें निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। इसी तरह, निफ्टी के 50 शेयरों में 37 शेयरों में उछाल देखा गया। इसी तरह, बैंक निफ्टी के 12 में से 11 शेयर में खरीदारी रही। कच्चे तेल की कीमतों में हालिया गिरावट के बाद निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। इससे मुद्रास्फीति का दबाव भी कम हुआ है। एशियाई मार्केट में भी आज काफी हलचल देखने को मिली।

**ये शेयर कारोबार के दौरान पिछड़े**

कारोबार के दौरान वित्तीय सेवाओं, प्राइवेट बैंक, तेल और गैस शेयरों में भी एक प्रतिशत से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई। हालांकि मीडिया, हेल्थकेयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स शेयरों में गिरावट देखने को मिली। एनएसई निफ्टी 50 पर इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एलटीआईमाइंडट्री, विप्रो और एचसीएल टेक सबसे ज्यादा मजबूत होने वाले स्टॉक्स रहे, जबकि पिछड़ने वाले शेयरों में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, नेस्ले इंडिया, सिप्ला और जेएसडब्ल्यू स्टील शामिल हैं।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-62700 चांदी रिफाइन - 75200

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-62700 चांदी रिफाइन - 75200


## सोना 1 हजार रुपये उछला, चांदी में 2 हजार की बढ़त




*__नई दिल्ली।__ लगातार तीन दिनों तक गिरावट का सामना करने के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में जबरदस्त तेजी नजर आ रही है। देश के अलग अलग सर्राफा बाजारों में सोना 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया है। इसी तरह चांदी में भी आज जोरदार तेजी दर्ज की गई है। आज की तेजी के कारण दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी करीब 2 हजार रुपये की मजबूती के साथ 77,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच कर कारोबार कर रहा है।*

बाजार में आए उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर जाकर कारोबार करता नजर आ रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 62,940 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## सेट ने फिर बदला सेबी का फैसला, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज पर लगा जुर्माना रद्द कर दी मुकेश अंबानी को राहत



*__नई दिल्ली।__ सिक्योरिटीज अपैलेट ट्रिब्यूनल ने हालिया दिनों में सेबी के कई फैसलों को पलटा है. इसी तरह का एक और मामला सामने आया है. सैट ने जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड पर 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के सेबी के आदेश को रद्द कर दिया है.जियो फाइनेंस पर ये जुर्माना निफ्टी ऑप्शन में कुछ लॉन्ग डेटेड ट्रेड में कथित हेरफेर के मामले में लगाया गया था और ये 2017 का केस है.*

**क्या है पूरा मामला**- यह मामला साल 2017 में रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स और मॉर्गन स्टेनली फ्रांस एसए के बीच लॉन्ग टर्म के निफ्टी ऑप्शन में कुछ ट्रेड से जुड़ा हुआ है. शेयर मार्केट रेगुलेटर सेबी ने इस ऑर्डर में जियो फाइनेंशियल सर्विसेज पर 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था. सेबी ने जून 2017 में जारी अपने ऑर्डर में कंपनी पर कुछ पीएफयूटीपी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया था.

**सिक्योरिटीज अपैलेट ट्रिब्यूनल ने पलटा सेबी का फैसला**- रिलायंस ग्रुप की जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने जून 2017 में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के एक आदेश के खिलाफ सिक्योरिटीज अपैलेट ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया. इसके बाद जस्टिस तरुण अग्रवाल और बेंच ऑफिसर मीरा स्वरूप की बेंच ने सेबी के आदेश को कैंसिल कर दिया. ट्रिब्यूनल ने बुधवार को अपने 33 पेज के ऑर्डर में कहा कि सेबी ने मार्केट रेगुलेटर होते हुए भी सबूतों पर ठीक से विचार नहीं किया, लिहाजा हम सेबी का आदेश खारिज कर रहे हैं.

**आरआईएल ने आरएसआईएल का नाम बदलकर किया जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड**- इस साल की शुरुआत में, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने फाइनेंशियल सर्विसेज सब्सिडियरी को रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (आरएसआईएल) में बांट दिया और इसका नाम बदलकर जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड कर दिया. इसका नाम पहले रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड था.

**सैट ने सेबी का 2 साल पुराना फैसला पलटकर दी थी मुकेश अंबानी को राहत**

सेबी ने जनवरी 2021 में रिलायंस इंडस्ट्रीज पर 25 करोड़ रुपये और मुकेश अंबानी पर 15 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था. इसके अलावा नवी मुंबई एसईजेड को भी 20 करोड़ रुपये का जुर्माना देने को कहा था. इस फैसले को भी सैट ने 4 दिसंबर 2023 को पलट दिया था.

## क्रिसमस से पहले महंगा हुआ अंडा, केक के दाम पर भी पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** क्रिसमस को आने में अभी 11 दिन बाकी हैं और प्री-क्रिसमस सीज़न में केक की मांग बढ़ गई है जिसके चलते अंडे की कीमत भी बढ़ गई है। दरअसल, अंडा केक का सबसे जरूरी इंग्रीडिएंट होता है और बीते दो दिनों में अंडे की रिटेल प्राइस में उछाल देखने को मिला है।

**हाई डिमांड के कारण महंगा हुआ अंडा**-25 दिसंबर को मनाए जाने वाले इस त्योहार से पहले अंडे की कीमत 6.50 रुपये से बढ़कर 7 रुपये प्रति पीस हो गई है। अंडा सप्लायर्स ने कहा कि चिकन फ़ीड की कीमत के कारण भी अंडे की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है।

**थोक बाजार में भी बढ़े दाम**-पोल्ट्री किसानों के नेशनल अंडा कोऑर्डिनेशन कमेटी के अधिकारियों ने कहा कि कोलकाता के थोक बाजार में अंडे की कीमत पिछले बुधवार को 5.92 रुपये प्रति पीस से बढ़कर मंगलवार को 6.45 रुपये हो गई है। मंगलवार को 30 अंडों की एक ट्रे 193.50 रुपये में बिकी, जो पिछले बुधवार को 177.60 रुपये थी।

**केक भी होगा महंगा**-टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, वेस्ट बंगाल बेकर्स एसोसिएशन के अरिफुल इस्लाम ने कहा कि 1 किलो आटे का केक बनाने के लिए 30 अंडे और सस्ते केक के लिए 25 अंडे का इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले साल, अंडा 5 रुपये प्रति पीस बिका था, लेकिन इस बार, यह 7 रुपये प्रति पीस के दाम पर सेल हो रहा है। उन्होंने बताया कि अंडे की कीमत के अलावा सूखे मेवे और चीनी के दाम भी बढ़े हैं, जिसके कारण केक के दाम में भी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**एक्सपर्ट्स ने क्या लगाया अनुमान**-एक्सपर्ट्स ने कहा कि आगे भी अंडे की कीमत में इजाफा देखने को मिल सकता है, क्योंकि क्रिसमस पर हर साल अंडे की खपत बढ़ जाती है, जिससे डिमांड और सप्लाई के बीच भी अंतर बढ़ जाता है। इसी कारण से अंडे के रेट भी बढ़ जाते हैं।



**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 33 |
| एक यूरो | 91. 07 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105 . 88 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55. 81 |
| एक जापानी येन | 00. 58 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 86 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 106 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-116 नेट प्रति किलो

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 120 रु. प्रति किलो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5880, 10 एम एम 5760,12 एम एम, 5700 एवं 16 एम एम 5700 रु.। तार- 76 रु. किलो।


## स्कोडा ऑटो इंडिया 2024 में कीमतों में लगभग 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगी

**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने 1 जनवरी, 2024 से अपने उत्पादों की कीमतें लगभग 2 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। यह बढ़ोतरी स्को डा ऑटो इंडिया के वाहनों की संपूर्ण श्रृंखला पर लागू होगी, जैसे कि कुशाक एसयूवी, स्लासविया सेडान और कोडियाक लक्जंरी 4×4। कीमतों में यह बढ़ोतरी आपूर्ति, इनपुट और परिचालन के लगातार बढ़ रहे खर्च के कारण की गई है । स्कोरडा ऑटो इंडिया ने जुलाई 2021 में भारत के लिये विशेष रूप से विकसित नये प्लेंटफॉर्म पर आधारित नई कुशाक की पेशकश की थी। और अप्रैल 2022 में उसी प्लेलटफॉर्म पर आधारित स्लारविया सेडान पेश हुई थी।

दोनों कारों का निर्यात अब जीसीसी और राइट हैण्डत ड्राइव वाले दूसरे देशों में होता है। 2024 में वियतनाम में कंपनी का प्रवेश होने जा रहा है। कुशाक और स्लाशविया, दोनों को ग्लोबल एनसीएपी के नये और ज्यादा कठोर क्रैश टेस्टे प्रोटोकॉल्स के तहत वयस्क एवं बच्चों 2 के लिये पूरे 5-स्टार मिले हैं। कोडिया को यूरो एनसीएपी के तहत वयस्कों और बच्चों के लिये 5-स्टार मिलने के साथ ही स्कोडा ऑटो इंडिया के पास 5-स्टार रेटेड, क्रैश-टेस्टेड कारों का 100 प्रतिशत फ्लीट हो गया है। कंपनी ने अपने नेटवर्क को 2021 के 120 टचपॉइंट्स से बढ़ाकर 2023 के अंत तक 250 से ज्यादा टचपॉइंट्स का भी किया है। ग्राहक पर केन्द्रित अपनी सोच के अनुसार स्कोडा ग्राहकों के करीब पहुंचना और श्रेणी में अग्रणी अपने उत्पादों की श्रृंखला पेश करना जारी रखेगी।

## टर्टल वैक्स इंडिया की मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए प्लाहा ऑटोमोटिव्स के साथ साझेदारी



*__जबलपुर।__ टर्टल वैक्स, आईएनसी.,एक पुरस्कार विजेता शिकागो स्थित कार केयर कंपनी, ने आज मध्य प्रदेश के जबलपुर में प्लाहा ऑटोमोटिव्स के साथ साझेदारी में एक और को-ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो के लॉन्च की घोषणा की, जो जसुजा सिटी के बगल में, अंधमुक बायपास चौक के पास, जबलपुर में स्थित है।*

अल्ट्रा-मॉडर्न टर्टल वैक्स डिटेलिंग तकनीकों और अत्यधिक योग्य और प्रशिक्षित सेवा कर्मियों की एक टीम से लैस, यह टर्टल वैक्स कार केयर स्टूडियो विशेष रूप से कार उत्साही लोगों के व्यक्तिगत पसंद को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई कार डिटेलिंग सेवाओं और उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। साजन मुरली पूर्वांगरा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टर्टल वैक्स कार केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, हमने एमपी में कार केयर में बढ़ती रुचि देखी है और यहां जबलपुर में एक और कार केयर स्टूडियो खोलने का फैसला किया है। इस ऑल-न्यू स्टूडियो के साथ, हमारा लक्ष्य राज्य भर में सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास प्रीमियम गुणवत्ता वाली कार डिटेलिंग सेवा प्रदान करना है। अद्वितीय डीआईएफएम सेवाओं का अनुभव करने के लिए ब्रांड को श्रेणियों और उत्पादों की सबसे बड़ी श्रृंखला उपलब्ध होने पर गर्व है।

## एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर भारत की पहली लिस्टिंग

**मुंबई ।** एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज में आज भारत की पहली लिस्टिंग आशीष कुमार चौहान (प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) की उपस्थिति में हुई। इस मौके पर डॉ. आर बालासुब्रमण्यम (अध्यक्ष, सलाहकार समिति, सोशल स्टॉक एक्सचेंज, सेबी), रमेश स्वामी (संस्थापक निदेशक, उन्नति), अश्वनी भाटिया (पूर्णकालिक सदस्य, सेबी) तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति अपने आज के एनएसई दौरे के दौरान मौजूद रहे।


**देशबन्धु**

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।

देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

मुंबई की फार्मा कंपनी को जबलपुर ब्रांच हेतु

**आवश्यकता है**

उम्र 18 से 27, योग्यता- 12वीं, ग्रेजुएट

Posts-Computer Operator Accountant, Office Ass., HR, Advisor, Health Advisor, Admin.

MO: - 7880251021 8767693588


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना

# अस्पताल में शव वाहन ही नहीं, हाथ ठेले पर शव को घर ले गये परिजन

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले के हटा अस्पताल में मानवता को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने आयी है। गुरूवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव वाहन नहीं मिलने और उन्हें हाथ ठेले पर शव लेकर जाना पड़ा। इस घटना के बाद प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल गई है। इससे पहले भी प्रदेश के अन्य जिलों से मोटर सायकिल में अपने दादा को शव ले जाने, एक प्रसूता को खटीये पर अस्पताल ले जाने जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जिससे सरकार की जनता के लिये स्वास्थ्य सेवाएं उजागर हो गई हैं। शव लेकर जाने वालों ने कहा है कि उनके पास निजी वाहन के लिये रूपये नहीं हैं। इसलिये अपने परिजन का शव हाथ ठेले में लेकर घर जा रहे हैं।



वहीं, अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि उनके पास शव वाहन नहीं है। जानकारी के अनुसार हटा के चंडीजी वार्ड निवासी कमलेश अहिरवार का गुरूवार सुबह हटा थाना क्षेत्र के धनुषधारी मंदिर के पास शव मिला था। पुलिस ने पीएम के लिए शव को सिविल अस्पताल हटा भिजवाया। यहां पर उसका पीएम हुआ। परिजन शव वाहन के लिए यहां-वहां भटकते रहे, लेकिन सरकारी वाहन की व्यवस्था नहीं हो पाई। काफी देर भटकने के बाद शव को हाथ ठेले पर रखकर परिजन घर के लिये रवाना हो गये।

इस संबंध में हटा अस्पताल के सीवीएमओ डॉक्टर अमन श्रीवास्तव का कहना है कि अस्पताल में शव वाहन उपलब्ध नहीं है। यदि परिजनों को किसी तरह की समस्या थी और वह संपर्क करते तो कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती थी, लेकिन उन्होंने संपर्क भी नहीं किया। शासन को पत्र लिखेंगे, ताकि अस्पताल में एक शव वाहन उपलब्ध हो सके।

### घटना के बाद जागे जिम्मेदार

हटा शासकीय अस्पताल के सीवीएमओ अमन श्रीवास्तव ने इस घटना के बाद शासन को पत्र लिखकर अस्पताल में शव वाहन उपलब्ध कराने की बात कही। लेकिन यह जिम्मेदार लोग ऐसी घटनाओं के होने का ही क्यों इंतजार करते हैं? ये समझ के परे है। अस्पताल में कमियां होने पर उसका निराकरण पहले ही कराते तो मानवता को शर्मसार करने वाली इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता है। इससे साफ है कि प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में आज भी कर्मी है।

# मुठभेड़ में 14 लाख का इनामी नक्सली चैतू ढेर

### अन्य की तलाश जारी, सर्च ऑपरेशन हुआ तेज



**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट जिले में एक बार फिर पुलिस ने मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर कर दिया है। इस मुठभेड़ के बाद फिलहाल सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। बालाघाट जिले के गढ़ी थाना अंतर्गत सूपखार जंगल एरिया के खमको दादार क्षेत्र में हाक फोर्स तथा नक्सलियों के बीच गुरुवार तड़के मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में 14 लाख रुपये का इनामी नक्सली चैतू मारा गया। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में हाक फोस का सर्चिंग अभियान जारी है। डीआइजी बालाघाट मुकेश कुमार श्रीवास्तव से प्राप्त जानकारी के अनुसार खमकोदादार के जंगल में नक्सलियों के छुपे होने की जानकारी मिली। सूचना पर कार्रवाई करते हुए मोतीनाला हाक फोर्स की टीम ने क्षेत्र को घेरते हुए नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए कहा। नक्सलियों ने हाक फोर्स की टीम में फायरिंग शुरू की दी। हाक फोर्स की टीम ने भी जवाबी फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में नक्सली चैतू उर्फ मरकाम हिड़मा उम्र 25 निवासी बिजापुर मारा गया। मृतक नक्सली मलाजखंड दलम का एरिया कमेटी मेंबर है और उस पर मध्य प्रदेश में 14 लाख का इनाम घोषित था। अंधेरे का फायदा उठाकर उसके अन्य साथी फरार हो गए, जिनकी तलाश के लिए जंगल में सर्चिंग अभियान जारी है।

# कटनी के बफर जोन से लगे गांव में बाघ व तेंदुए ने दो पर किया हमला

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी जिले में पिछले 2 दिनों में 2 लोग बाघ और तेंदुए का शिकार बने गये हैं, जिन पर बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गनीमत तो यह रही की स्थानीय लोगों की सजगता से उनकी जान बच गई और उन्हें इलाज के लिए अस्पतला में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बरही वन परिक्षेत्र से लगे ग्राम कुआं के जंगलों में अपने मवेशियों को चराने गए ग्रामीण पर बाघ ने हमला कर दिया। जिससे घबराएं चरवाहे ने जोर से चिल्लाकर मदद मांगी।



युवक की आवाज सुनकर आस-पास स्थित गावों के लोग उसकी मदद के दौड़े। ग्रामीणों की भीड़ और शोर-शराबे से बाघ मौके से भाग खड़ा हुआ। जिसके बाद बुरी तरह घायल 30 वर्षीय रजनीश यादव को गंभीर हालत में ग्रामीणों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज जारी है। बाघ के हमले से युवक बुरी तरह जख्मी हो गया है। दूसरी घटना मंगलवार के दिन समाने आई थी। जिसमें झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने खेत से बगैहा गांव लौट रहे किसान पर जानलेवा हमला कर दिया। ये दोनो गांव बांधवगढ़ नेशनल पार्क के बफर जोन से लगे हुए है, जहां बाघ और तेंदुए का मूवमेंट बना रहता है।

# मौसम की सबसे सर्द रही गुरुवार की सुबह, दो दिन और गिरेगा तापमान

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेशभर में मौसम ने ऐसी करवट ली कि ठंड ने जोर पकड़ लिया है। कई जिलों में बर्फीली हवाओं का सितम जारी है। लोगों को दिन में ही अंगीठी जलाने की जरूरत पड़ने लगी है। वहीं जबलपुर में गुरूवार की सुबह सीजन की अब तक की सबसे सर्द सुबह के रूप दर्ज हुई। स्थानीय मौसम वेधशाला के तापमान मापी में गुरूवार सुबह न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस बता रहा था, जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा।

मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 2 दिन तापमान में और उतार आने की संभावना जाहिर की है। इस दौरान तापमान करीब दो डिग्री तक और नीचे जा सकता है। ऐसी स्थिति में शहर में शीतलहर के प्रकोप की आशंका भी है। 16 दिसंबर से नया पश्चिमी विक्षोभ (डब्लयूडी) बनने के आसार हैं। यह इसके एक-दो दिन बाद पूर्वी मध्यप्रदेश में असरकारी हो सकता है। स्थानीय मौसम वेधशाला आनंद नगर से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह रिकॉर्ड ठंड के साथ हवा में 75 प्रतिशत तक की नमी गलन का तीखा अहसास करा रही थी। गुरूवार की रिकॉर्ड ठंड का असर बुधवार से ही शुरू हो गया था। बुधवार शाम दर्ज शहर का अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। तापमान कम रहने से कल देर शाम से ही तीखी ठंड का अहसास शुरू हो गया था, जो आज सुबह तेज ठंड का रूप ले चुका था। ठंड का असर इतना कि सुबह 8.30 बजे तापमान 13.2 डिग्री से आगे नहीं बढ़ सका था। गत वर्ष आज ही के दिन शहर का अधिकतम तापमान 26.9 डिसे और न्यूनतम तापमान 14.0 डिसे दर्ज किया गया था।



**छिंदवाड़ा में तापमान 13 डिग्री दर्ज-** छिंदवाड़ा में मौसम पूरी तरह साफ हो चुका है, ऐसे में लगातार ठंड पड़ने लगी है, लोगों को ठिठुरन महसूस हो रही है। मौसम विभाग की माने तो आसमान पूरी तरह साफ हो गया है। ऐसे में अब ठंड का प्रकोप भी बढ़ेगा। अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक आने की संभावना जताई जा रही है। तो वही दिन का अधिकतम तापमान भी 24 डिग्री तक दर्ज किया जायेगा। जिससे आने वाले दिनों में ठंड के तेवर और सर्द होने वाली है।

# सिविल जज परीक्षा के नियम हाईकोर्ट ने किये शिथिल

### छह पेशियों का सबूत देने की थी बाध्यता

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने सिविल जज परीक्षा के लिए तीन वर्ष की वकालत के अनुभव की पात्रता में शामिल प्रतिवर्ष छह पेशियों की अनिवार्यता को शिथिल कर दिया है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने उक्त निर्देश दिये है।

उल्लेखनीय है कि इंदौर निवासी नेहा कोठारी व अन्य अधिवक्ताओं ने सिविल जज की प्रवेश परीक्षा में लगी उस शर्त को चुनौती दी थी, जिसमें पिछले तीन वर्ष में प्रति वर्ष कोर्ट में छह पेशियों या ऑर्डर कॉपी का सबूत देने की बाध्यता थी। सिविल जज परीक्षा 14 जनवरी 2024 को आयोजित है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि सिविल जज परीक्षा के शामिल होने के लिए वैकल्पिक पात्रता के तहत विधि स्नातक की सभी परीक्षाओं में कुल मिलाकर न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक रखे गए हैं। आवेदकों की ओर से दलील दी गई कि तीन-तीन वर्ष की अनिवार्यता सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये ऑल इंडिया जजेस एसोसिएशन के निर्णय में दिये गये मानदंडों के विपरीत है। यह भी कहा गया कि विधि स्नातक डिग्री में 70 प्रतिशत अकों की पात्रता, वह भी प्रथम प्रयास में एक ऐसी शर्त है, जो की असंवैधानिक है। सभी को एक समान नहीं माना जा सकता। जिस पर न्यायालय ने छह पेशियों को छोड़कर शेष पात्रता में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही रजिस्ट्रार जनरल से जवाब मांगा है।

# लेजर थैरपी से घायल तेंदुए के भरे घाव, स्वस्थ होने पर भेजा मुकुंदपुर

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडला फॉरेस्ट जोन के बम्हिनी रेंज से एक तेंदुआ जिसकी उम्र लगभग 4 से 5 वर्ष थी, को विगत तीन माह पूर्व 13 सितंबर की मध्य रात्रि अत्यंत गंभीर अवस्था में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ केंद्र में इलाज के लिये लाया गया।

परीक्षण के दौरान पाया गया कि उसके पूरे शरीर में घाव और खून के अत्यधिक रिसाव हो जाने के कारण वह अचेत अवस्था में था। उसे घाव में कीड़े पड़ चुके थे। लगभग असामान्य परिस्थितियों में इसके सभी अंगों को एक्स-रे और सोनोग्राफी की गई और चिकित्सा के लिये प्राथमिक रक्त परीक्षण में यह पता चला कि यह तेंदुआ अत्यधिक स्ट्रेस अवस्था में रहने के कारण मरणासन्न अवस्था में था।

स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ की संचालक डॉ. शोभा जावरे ने नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. सीता प्रसाद तिवारी को इस बारे में अवगत कराया और तत्काल निर्देशानुसार चिकित्सा दल नियुक्त किया गया। जिसमें डॉ. अमोल रोकड़े, डॉ काजल, जाधव डॉ, सोमेश सिंह एवं डॉ. देवेंद्र पोधाडे आदि प्रमुख थे। इसके अलावा समय-समय पर पैथोलॉजिकल परीक्षण के लिये डॉक्टर केपी सिंह एवं डॉ. निधि राजपूत का सहयोग रहा। तेंदूए में किसी प्रकार की अंदरूनी चोट नहीं थी और ना ही फ्रैक्चर था।



ऐसी दशा में कई विशेषज्ञों और सर्जन की सलाह पर नियमित रूप से लेजर थेरेपी से घाव को भरने की प्रक्रिया शुरू की गई। जगह-जगह इसके शरीर पर कुछ घाव इस प्रकार थे कि उनमें टांके नहीं लगाए जा सकते थे। ऐसी अवस्था में घाव को भरने में लगभग 1 से 2 माह का वक्त लगा। उसकी फिजियोथैरेपी की गई। फिर इस तेंदुए ने चलना प्रारंभ किया तो इसके ठीक होने की उम्मीद बढ़ गई और लगभग एक माह से प्राकृतिक वातावरण में स्वच्छ रूप से बड़े में विचरण करने के लिए रखा गया ताकि प्राकृतिक वातावरण में यह जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके और यह तरकीब कामयाब रही।

जिसकी जानकारी वन वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी मध्य प्रदेश को इसके विस्थापन की अनुमति प्राप्त करने के लिए दी गई। 12 दिसंबर को प्रधान मुख्य वन संरक्षण वन्य प्राणी मध्य प्रदेश से स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात इस मुख्य वंश संरक्षक कमल अरोड़ा मंडल अधिकारी नित्यानंद एल तथा स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ के सभी वैज्ञानिकों की मौजूदगी में इस तेंदुए को मुकुंदपुर रवाना किया गया।

# प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों को डिजी लॉकर में अपलोड करना होगा छात्रों की अंकसूची-डिग्री

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के विश्वविद्यालयों को अब सत्र 2023-24 से परीक्षा परिणाम जारी होने के एक माह के अंदर अंक सूचियां व डिग्री डिजिटल लॉकर में अपलोड करना होगा। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को भेजे हैं। दरअसल, प्रदेश शासन ने 13 दिसंबर को केबिनट बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया था। जिसके बाद आनन-फानन में उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों को आदेश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि रादुविवि में डिजिटल लॉकर पर विगत तीन वर्षो से काम चल रहा है। रादुविवि ने लगभग सभी विद्यार्थियों का डाटा डिजिटल लॉकर में अपलोड कर दिया है। विश्वविद्यालयों को पत्र में इस बात का भी हवाला दिया गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा शासकीय विश्वविद्यालयों में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए सत्र 2022-23 से निरंतर छात्रों की अंकसूची-डिग्री डिजी लॉकर में अपलोड किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात छात्रों को डिग्री-अंकसूची डिजीटली उपलब्ध हो सके।

### क्या है डिजिटल लॉकर

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत सरकार द्वारा एक पहल है। इसका उद्देश्य पेपरलेस सिस्टम बनाना और एजेंसियों के बीच में ई-दस्तावेजों के आदान-प्रदान को सक्षम करना है। एक समय था जब किसी व्यक्ति को एक गजेटेड ऑफिसर द्वारा अटेस्डेट दस्तावोजों को प्रमाण के रूप में उपयोग करना होता था। अगर कोई व्यक्ति इन दस्तावेजो को गुम कर देता है तो इन्हें फिर से प्राप्त करना समय लेने वाला और एक मुश्किल काम था। इन समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार ने सेल्फ-अटेस्ट के बजाय डिजीलॉकर के माध्यम से डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन और ई-साइन करने के प्रावधान किए हैं।

# नशे में चालक को झपकी आई, कार पोल से टकराई, दो की मौत



**सिंगरौली, देशबन्धु।** कोतवाली क्षेत्र के बैढ़न बरीगवां मुख्य मार्ग पर गुरुवार को तेलाई मोड़ के पास हादसा हो गया। शराब के नशे में कार चला रहे चालक को झपकी आ गई। झपकी आते ही कार सड़क के बीचोंबीच लगे डिवाइडर पर पोल से टकरा गई। हादसे में घायल तीन लोगों को जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर लाया गया जहां डॉक्टर ने तीनों की हालत नाजुक देखते हुए बनारस रेफर कर दिया। रास्ते में ही दो ने दम तोड़ दिया, वहीं एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**कार का नंबर-एमपी-19 सीए 7586-** जानकारी के मुताबिक जिले के बरगवां बैढ़न मुख्य मार्ग तेलाई मोड के पास गुरूवार सुबह करीब 5 बजे के आसपास एक तेज रफ्तार कार जिसका नंबर-एमपी 19सीए 7586 डिवाइडर के पोल से टकरा गई। इस हादसे में 3 लोगों की घायल होने की जानकारी मिल रही है। टक्कर इतना जोरदार था की कार के परखच्चे उड़ गए।

**कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला-** ड्राइवर नींद में गाड़ी चला रहा था इतना ही नहीं ड्राइवर ने शराब भी पी रखी था। जिसकी वजह से कार तेज रफ्तार से डिवाइडर के पोल में जाकर टकरा गई, आसपास के लोगों ने बताया कि हादसा इतना भयानक था कि कार कई बार पलटी खाई, जिससे कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और कार पूरी तरह डिवाइडर और पोल में फंस गई। इसके बाद आसपास के गांव वालों ने ट्रैक्टर की मदद से कार को अलग किया और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

# डीआरएम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के कोर्ट ने जारी किये निर्देश

### गुड्स शेड कोल साइडिंग मामले में सरकार ने पेश किया जवाब



**जबलपुर।** शहडोल जिले के अमलाई में रहवासी क्षेत्र में गुड्स शेड कोल साईडिंग के क्लोजर ऑर्डर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने जारी कर दिये है। इसके अलावा डीआरएम बिलासपुर के खिलाफ जिला न्यायालय ने आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश जारी किये है।

उक्ताशय की जानकारी सरकार की ओर से हाईकोर्ट में पेश की गई। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने जवाब की प्रति याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को प्रदान करने के आदेश देते हुए मामले की अगली सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि यह मामला याचिकाकर्ता सुमन लाल राय की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि रेलवे ने कोल की रैंक लोडिंग व अनलोडिंग के लिए अमलाई के रहवासी इलाके में गुड्स शेड कोल साइडिंग बनाया है। गुड्स शेड कोल साइडिंग रेलवे की जमीन पर बना हुआ है, परंतु आसपास का पूरा क्षेत्र रहवासी है। कोल की लोडिंग व अनलोडिंग के कारण क्षेत्र का पर्यावरण दूषित हो रहा है और रहवासी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मामले की सुनवाई दौरान युगलपीठ को बताया गया कि साइडिंग का विरोध करते हुए क्षेत्रीय लोगों ने प्रदर्शन किया था। इतना ही नहीं एक महिला संगठन ने जिला न्यायालय में आवेदन भी पेश किया था। जिसकी सुनवाई के दौरान प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से पेश किये गये जवाब में बताया गया कि साइडिंग के क्लोजर आदेश जारी कर दिये गये है। इसके अलावा विद्युत विभाग को कनेक्शन काटने के संबंध में भी आदेशित किया गया है। न्यायालय ने डीआरएम बिलासपुर के खिलाफ वायु प्रदूषण एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के आदेश भी जारी किये है। जिसके बाद युगलपीठ ने उक्त निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई शीतकालीन अवकाशके बाद निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर अधिवक्ता राम नारायण तिवारी ने पैरवी की।

J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 116
मुर्गा मीडियम - रु. 106
मुर्गा बड़ा - रु. 86
मुर्गा जम्बो - रु. 76

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 82
मीडियम ब्रॉयलर - रु.102
छोटा ब्रॉयलर - रु. 112

मोबाइल नं. 9300692405

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888,89
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)
16 seater Recliner Theatre Available for Private Screening for Families and Groups
BOOK NOW. 6232124487
ANIMAL 09:15 AM 10:30 AM 01:10 PM 02:30 PM 03:30 PM 05:00 PM 06:30 PM 07:15 PM 09:00 PM 10:30 PM
SAM BAHADUR 10:00 AM 12:45 PM 04:00 PM 07:00 PM 11:00 PM
KAISI YE DOR 01:30 PM
SHANTALA 11:00 AM
12TH FAIL 09:45 PM

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496